जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, रविवार, 9 मार्च, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 309 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.




माधुरी दीक्षित ने 37 साल पुराने अपने गाने पर फिर किया डांस

पेजः 10

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर...

# पीएम मोदी ने लखपति दीदियों से बात की

## कहा, मैं दुनिया में सबसे अमीर, मेरे खाते में करोड़ों माताओं-बहनों का आशीर्वाद





**नवसारी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गुजरात के नवसारी पहुंचे। खुली जीप में हेलीपैड से करीब 700 मीटर का रोड शो करते हुए वे कार्यक्रम स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने डेढ़ लाख लखपति दीदियों से बात की। पीएम मोदी ने कहा, मैं दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति हूं। क्योंकि, मेरे जीवन के खाते में करोड़ों माताओं-बहनों और बेटियों का आशीर्वाद जमा है। ये आशीर्वाद लगातार बढ़ता ही जा रहा है। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

### लाखों मुस्लिम महिलाओं की जिंदगी बर्बाद होने से बचाई

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में महिलाओं को सभी अधिकार मिल गए हैं। पहले वहां महिलाएं मूलभूत सुविधाओं से वंचित थीं। पिछली सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं थी। हमने सरकार में आते ही सबसे पहले उन महिलाओं के लिए काम किया। इसके अलावा हमारी सरकार ने तीन तलाक के खिलाफ सख्त कानून बनाकर लाखों मुस्लिम महिलाओं की जिंदगी बर्बाद होने से बचाई।*

### मातृत्व अवकाश 26 हफ्ते का किया

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, चाहे सामाजिक क्षेत्र हो या खेल का मैदान, महिलाएं देश के हर क्षेत्र में मौजूद हैं। 2014 के बाद से देश में महत्वपूर्ण पदों पर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। केंद्र सरकार में सबसे ज्यादा महिला मंत्री, 2019 में पहली बार हमारी संसद में 78 महिला सांसद चुनी गईं हैं। कामकाजी महिलाओं को पहले सिर्फ 12 हफ्ते का मातृत्व अवकाश मिलता था। हमारी सरकार ने इसे 26 हफ्ते कर दिया है।*

## न्यूज ब्रीफ



### यूपी पीसीएस मेंस परीक्षा का रजिस्ट्रेशन शुरू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने पीसीएस मुख्य परीक्षा 2024 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रारंभिक परीक्षा में सफलता पाने वाले उम्मीदवार अब आधिकारिक वेबसाइट uppsc.up.nic.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस वर्ष मुख्य परीक्षा के लिए कुल 15,066 उम्मीदवारों का चयन किया गया है।

### दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति जेल से रिहा



**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल आखिरकार जेल से शनिवार को रिहा हो गए हैं। जेल से बाहर आने के बाद येओल ने अपने समर्थकों का हाथ हिलाकर और सिर झुकाकर अभिवादन किया। यून को पिछले वर्ष के अंत में 'मार्शल लॉ' लागू करने के लिए जनवरी में गिरफ्तार किया गया था और उन पर महाभियोग लगाया गया था।

## मुख्यमंत्री ने आईफा प्रेस कॉन्फ्रेंस को किया सम्बोधित

## जयपुर में आईफा अवार्ड्स का आयोजन प्रदेश के लिए गर्व की बात

# सीएम भजनलाल शर्मा बोले, फिल्म निर्माण में राज्य सरकार की सिंगल विंडो सुविधा एक वरदान

### मुख्यमंत्री का फिल्म जगत के कलाकारों से आह्वान

### फिल्म शूटिंग के लिए 'पधारो म्हारो देश'



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे गौरवशाली राज्य की राजधानी जयपुर में इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवार्ड (आईफा) का सिल्वर जुबली का आयोजन होना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि आईद्ध केवल एक अवॉर्ड समारोह नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा और संस्कृति के वैश्विक विस्तार का प्रतीक है, जिससे राजस्थान को अंतरराष्ट्रीय फिल्म और मनोरंजन उद्योग में नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित आईफा अवाड्र्स का आयोजन राजस्थान में पहली बारहो रहा है।

शर्मा शनिवार कोनोवोटल कन्वेंशन सेंटर में आईफा प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को वैश्विक मनोरंजन और सांस्कृतिक उद्योग का केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है। आईफा का यह आयोजन उसी विजन का एक सशक्त प्रतिबिंब है। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

### सीएम शर्मा बोले, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सेलेब्रिटीज के लिए राजस्थान पसंदीदा जगह

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान सदियों से अपनी भव्यता, शाही विरासत और राजसी आतिथ्य के लिए प्रसिद्ध रहा है। हर साल हजारों विवाह यहां के भव्य महलों, किलों, हवेलियों और होटलों में होते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सेलेब्रिटी भी राजस्थान को अपनी ड्रीम वेडिंग के लिए चुन रहे हैं। देश की 75 प्रतिशत हेरिटेज प्रॉपर्टी यहां है, जो इसे डेस्टिनेशन वेडिंग का सबसे आकर्षक स्थल बनाती हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में राजस्थान में विवाह एवं ऐसे अन्य भव्य आयोजनों से होटल, पर्यटन, स्थानीय कारीगरों और पारंपरिक हस्तशिल्प उद्योग को लाभ हुआ है।

### प्रदेश के विभिन्न सांस्कृतिक समृद्ध क्षेत्र बन रहे निर्माता-निर्देशकों की विशेष पसंद

शर्मा ने कहा कि पिछले एक वर्ष में राजस्थान में 61 वेब सीरीज, डॉक्यूमेंट्री, विज्ञापन फिल्म, फीचर फिल्म, टीवी शो, टीवी सीरियल और म्यूजिकल वीडियो की शूटिंग हुई है। कहा कि जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, अजमेर, बीकानेर, पाली, जैसलमेर और शेखावाटी जैसे क्षेत्र निर्माता-निर्देशकों की विशेष पसंद बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान की अनुपम संभावनाएं फिल्म निर्माण के लिए इसे आदर्श गंतव्य बनाती हैं। यहां की सुनहरी रेत, विशाल किले, शांत झीलें, वन्य जीव अभयारण्य, अरावली के पहाड़, चम्बल का किनारा और जीवंत ग्रामीण जीवन फिल्मकारों के अपने सपनों को साकार करने के लिए एक कैनवास प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान के बिना बॉलीवुड की कल्पना नहीं की जा सकती है।

## राज्य मंत्रिमण्डल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

# सीएम बोले, कोचिंग सेंटर्स को कानूनी दायरे में लाने के लिए आएगा विधेयक

### राज्य कौशल नीति का अनुमोदन, इंडस्ट्री 4.0 के लिए तैयार होंगे युवा

### दिव्यांगजनों के हितों को सुनिश्चित करेगी समान अवसर नीति

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में मंत्रिमण्डल की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में दिव्यांगजन कल्याण, कर्मचारी कल्याण, नगर सुधार न्यास एवं विकास प्राधिकरणों में सुशासन और अक्षय ऊर्जा से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले किए गए। मंत्रिमण्डल की बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा एवं संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि प्रदेश में संचालित कोचिंग केन्द्रों पर प्रभावी नियंत्रण करने और इनमें पढ़ रहे विद्यार्थियों को मानसिक संबल एवं सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से दि राजस्थान कोचिंग सेंटर्स (कंट्रोल एण्ड रेगुलेशन) बिल-2025 के प्रस्ताव पर आज स्वीकृति प्रदान की गई। यह विधेयक केन्द्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों, राज्य की परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए एवं विभिन्न स्टेक होल्डर्स के साथ विचार-विमर्श के अनुसार तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि कोचिंग सेन्टर्स की व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाये जाने के लिए राज्य स्तरीय पोर्टल एवं विद्यार्थियों की काउंसलिंग के लिए 24 गुणा 7 हेल्पलाइन भी स्थापित की जायेगी।



उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने बताया कि प्रस्तावित कानून के अस्तित्व में आने के बाद प्रत्येक कोचिंग संस्थान को रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा। 50 या 50 से अधिक अध्ययनरत विद्यार्थियों वाले कोचिंग सेन्टर्स को कानूनी दायरे में लाया जायेगा एवं साथ ही छात्रों के लिए सुरक्षित, अनुशासित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जायेगा। ▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सभा

# राहुल गांधी बोले, पार्टी में अब बदलाव की जरूरत

### संगठन को मजबूत करने की जरूरत

### गुजरात में कांग्रेस तीस सालों से सत्ता से बाहर



***अहमदाबाद।*** *लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुजरात दौरे के दूसरे दिन अहमदाबाद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले 30 सालों से कांग्रेस गुजरात में सत्ता से बाहर है, लेकिन अब बदलाव की जरूरत है।*

*उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठित होने का संदेश दिया और कहा कि जो लोग पार्टी की विचारधारा के खिलाफ काम कर रहे हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी।*

*गुजरात कांग्रेस में दो तरह के लोग हैं एक वे जो पार्टी की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध हैं और जनता के लिए काम कर रहे हैं और दूसरे वे जो बीजेपी से मिले हुए हैं। ऐसे लोगों को अलग करना जरूरी है जो कांग्रेस के नाम पर काम तो कर रहे हैं, लेकिन जनता का सम्मान और काम नहीं कर रहे। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस में नेताओं की कमी नहीं है, लेकिन संगठन को मजबूत करने की जरूरत है। जब तक कांग्रेस अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाएगी तब तक गुजरात की जनता पार्टी को चुनाव में समर्थन नहीं देगी।*

*उन्होंने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर जनता की सेवा में जुटने का आह्वान किया। गुजरात इस समय फंसा हुआ है और उसे सही दिशा दिखाने की जरूरत है। उन्होंने महात्मा गांधी और सरदार पटेल का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस की मजबूत नींव इन्हीं महान नेताओं ने रखी थी।*

## दिल्ली सरकार का फैसला

# महिलाओं को हर माह मिलेंगे 2500 रुपए



### महिला समृद्धि योजना को कैबिनेट की मंजूरी

***नई दिल्ली।*** *दिल्ली कैबिनेट ने महिला समृद्धि योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए मिलेंगे।*

*दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने इसका ऐलान दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता से किए वो हर वादे पूरे करेंगे। पीएम मोदी जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं। इतना बड़ा फैसला बीजेपी ही कर सकती है।*

*केवल बीजेपी में ही महिलाओं का सम्मान है। डबल इंजन की सरकार के रूप में प्रत्येक काम करने की योजना बन चुकी है, जो दिल्ली को अधिक सुरक्षित और समृद्ध बनाने वाली है। पिछले 15 दिनों में हमारी सरकार ने उन अनेक कामों पर चर्चा की है जो दिल्ली की बहनों की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी हैं। दिल्ली में पिंक पीसीआर और पिंक कॉन्स्टेबल की संख्या बढ़ाने के लिए काम किया जाएगा। अब दिल्ली में जहां-जहां जरूरत है, वहां-वहां पिंक टॉयलेट का निर्माण किया जाएगा।*




# महिलाओं की भागीदारी से विकसित भारत का संकल्प करेंगे पूरा : सहारण

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला स्तरीय महिला सम्मान समारोह, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का किया सम्मान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में जिला स्तरीय महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, प्रधान दीपचंद राहड़, सीईओ श्वेता कोचर, बसंत शर्मा, दीनदयाल सैनी, आईसीडीएस डीडी नरेन्द्र शेखावत, महिला अधिकारिता सहायक निदेशक जयप्रकाश आदि अतिथि मंचस्थ रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सहायक निदेशक जयप्रकाश ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि राजकीय कार्यों व राजनीति सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी से हम विकसित भारत का संकल्प पूरा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विभिन्न निर्वाचनों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर महिला सामर्थ्य का सम्मान किया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रथम लेवल अध्यापक भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर महिला सशक्तीकरण के साथ शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से सामाजिक उन्नयन की दिशा में सशक्त कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि हमारे अंचल की महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सभी प्रयासों में हम भागीदारी निभाएं और संकल्प लें कि चूरू हर क्षेत्र में अग्रणी रहे। जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि महिलाओं को सम्मान देने और उनको प्रोत्साहित करने की दिशा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन सकारात्मक पहल है। महिला सामाजिक उत्थान की रीढ़ है। इसलिए सामाजिक उन्नयन की दिशा में महिला शिक्षा के लिए हम सकारात्मक प्रयास करें। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित करें तथा महिलाओं को अग्रिम पंक्ति में लाने के लिए किए जाने वाले प्रयासों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि महिलाएं समाज की धुरी है। हमें समाज को शिक्षित बनाने व उन्नयन के लिए महिलाओं को शिक्षित करने के लिए प्रतिबद्धता रखनी होगी। इससे नई पीढ़ी में भी नैतिक व सामाजिक गुणों का संचार होगा तथा एक सक्षम समाज का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि सभी क्षेत्रों में महिलाओं की सक्रिय व अधिकतम भागीदारी हो। विभिन्न सरकारी प्रकल्पों में आज महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से कुशलता बढ़ी है। देश की आधी आबादी महिलाओं की है और महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में देश का गौरव बढ़ाया है। हम सभी महिला सशक्तीकरण के साथ विकसित समाज व विकसित भारत का संकल्प लें और प्रत्येक स्तर पर महिलाओं के उन्नयन के लिए प्रयासरत रहें। इस अवसर पर महिलाओं को भेंट स्वरूप राजस्थानी भाषा की पुस्तकें प्रदान की गई। जिला कलक्टर ने कहा कि हम राजस्थानी भाषा में लिखे साहित्य को पढ़ें, समझें और सहेंजें। इस दौरान जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, प्रधान दीपचंद राहड़, बसंत शर्मा ने भी विचार व्यक्त करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। आईसीडीएस डीडी डॉ. नरेन्द्र शेखावत ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन ज्योति वर्मा व सरोज स्वामी, ज्ञानप्रकाश गोदारा ने किया। इस दौरान नारायण बेनीवाल, सुनील ढाका सहित महिला अधिकारिता तथा महिला एवं बाल विकास विभाग, सखी केन्द्र स्टाफ मौजूद रहा। इस मौके पर पीएचईडी एक्सईएन प्रेम कुमार ने जल जीवन मिशन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल की गुणवत्ता जांच जरूरी है। महिलाएं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति में एक सदस्य के रूप में काम करती हैं। महिलाएं परिवेश के लोगों को जल के मितव्ययता से उपयोग के लिए लोगों को प्रेरित करें। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का किया सम्मान इस अवसर पर अतिथियों ने जिले में सरकारी, गैर सरकारी विभागों व संस्थाओं में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं, संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। अतिथियों ने नीमा कंवर, सरोज, संगीता, अनीता, कमला देवी, संतोष बिरड़ा, अनिता भार्गव, मूली देवी, रिंकु सैनी, सुन्दर देवी, सुमन, सुमित्रा, सुशिला देवी, सुमन प्रजापत, राजबाला, कविता, प्रमिला, मेवली को माता यशोदा पुरस्कार, अनामिका खारड़िया, विनायक महिला विकास समिति,रॉयल ग्रीन याराना सेवा समिति शेखावाटी, कमला महर्षि, सम्पत देवी को पन्नाधा सुरक्षा एवं सम्मान योजना, 2025 में सम्मानित किया।

## आंखें स्कैन कर दी जाएगी राशन सामग्री, बुजुर्गों किसानों को मिलेगी राहत

**सादुलपुर।** बढ़ती उम्र के कारण अंगूठे के फिंगर प्रिंट न आने पर खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राशन नहीं मिलने से परेशान लाभार्थियों को जल्द राहत मिलने वाली है पोस मशीन पर ऐसे लाभार्थियों के अंगूठे की जगह आंख की पुतलियों से सत्यापन के लिए राशन की दुकानों पर पोस मशीन मे आइ स्कैन सुविधा उपलब्ध होने से तहसील के राधा बड़ी ग्राम पंचायत के गांव भाकरां में मार्च महीने का राशन वितरण शुरू कर दिया गया है खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार बढ़ती उम्र के साथ अंगूठे के फिंगर प्रिंट की समस्या हो जाती है। साथ ही घरेलू काम करने वाले मजदूरों, खून की कमी से पीड़ित लोगों को इस समस्या का ज्यादा सामना करना पड़ रहा है राशन की दुकानों पर रिकॉर्ड चेक करने पर सामने आया कि ऐसे भी लाभार्थी थे जिनका एक बार सत्यापन हो गया लेकिन दूसरी बार नहीं हुआ पोस मशीनों में आई स्कैनर अटैच करने की सुविधा उपलब्ध होने से पूर्व की भांति अंगूठे से राशन वितरण होने से एक बारगी तो राशन डीलर एवं राशन उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। नेतराम मेहरा ने बताया कि राज्य सरकार एवं खाद्य सुरक्षा के अधिकारियों के इंतजार एवं पोस् मशीन में वर्जन के बदलाव के चलते इंतजार किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### भार वाहनों के टैक्स जमा कराने में 15 मार्च का ना करें इंतजार

इस बार नहीं लगेंगे कैश काउंटर,कर ऑनलाइन जमा होगा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** भार वाहनों के स्वामियो को वार्षिक टैक्स जमा कराने के लिए 15 मार्च तक का समय है। 15 मार्च के बाद परिवहन विभाग बकाया कर वाहन धारकों से प्रशमन राशि वसूलने की कार्रवाई की जाएगी, फिर टैक्स के साथ 3 प्रतिषत जुर्माना राशि भी चुकानी होगी। विभाग द्वारा टैक्स जमा कराने की अन्तिम तिथि 15 मार्च है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि 15 मार्च तक टैक्स जमा नही कराने वाले वाहनों पर शिंकजा कसा जायेगा तथा ऐसे वाहनो के खिलाफ 15 मार्च के पश्चात् संघन चैकिंग अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही की जायेगी। वाहनों को सीज कर टैक्स और जुर्माना राशि भी वसूली जायेगी। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि मार्च 2025 में दिनांक 13 मार्च से 16 मार्च तक राजकीय अवकाश है, लेकिन विभाग 13 व 15 तारीख को भी कर जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन कर राशि जमा करने वाले वाहन चालक 15 मार्च का इंतजार ना करे, क्योंकि अवकाश होने के कारण ऑनलाइन कर जमा करने में विलंब हो सकता है। इसलिए 15 मार्च से पहले ही अपना कर जमा कराए और परेशानियों से बचें। अत: 15 मार्च के बाद कर पर लगने वाली 3 प्रतिशत पेनल्टी एवं असुविधा से बचने हेतु वाहन स्वामी 11 मार्च तक अपने वाहन का बकाया कर जमा कराया जाना सुनिश्चित करें। सरकार द्वारा इस बार कैश काउंटर नहीं खोले जा रहे जिस वजह से कर की राशि ऑनलाइन ही जमा हो रही है ऐसे में यदि भार वाहन चालक 15 मार्च तक का इंतजार करेंगे तो उन्हें फिर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस असुविधा से बचने के लिए 11 मार्च से पूर्व कर जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।

### यूनियन ने किया प्रदर्शन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आहवान पर समस्त बैंकों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने ईवनिंग डिमॉन्स्ट्रेशन में भाग लिया। जोनल सेक्टरी सुनील बुरडक ने बताया कि पांच दिन कार्यदिवस, बैंकों में पर्याप्त भर्ती, आउटसोर्सिंग को बंद कर नियमित भर्ती एवं लम्बित मुद्दों को लेकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर संयोजक जयंत परिहार, पंकज भार्गव, मुकेश परिहार,पंकज पूनिया, राज कुमार इंदौरिया, पंकज वर्मा, परवीन सैनी व गोविन्द पंडिया आदि सहित यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया।

### तीन दिवसीय निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर का समापन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** स्व. मनोहरलाल जी गोयनका की स्मृति में लक्ष्मीदेवी गोयनका, श्री गणेशप्रसाद जी गोयनका के आर्थिक सौजन्य से एवं जिला अंधता निवारण समिति एवम राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी चूरू के सहयोग से लायंस क्लब चूरू द्वारा लगे तीन दिवसीय मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का समापन हुआ। क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चूरू विधायक हरलाल सहारण थे। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, दीपचंद राहड़, गौरीशंकर मंडावेवाला, विक्रम कोटवाद, पवन बगड़िया, गणेशप्रसाद गोयनका, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. एम एम पुकार, डॉ. शशिधर, सुनील टकणेत, राजीव चाहर मंचस्थ थे। क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने पधारे हुए दानदाता परिवार, अतिथियों, अस्पताल स्टाफ एवम लाभान्वित रोगियों का शब्दों से स्वागत किया एवं कैम्प की सम्पूर्ण जानकारी दी। डॉ. शशिधर ने लाभन्वित रोगियों को ऑपरेशन के बाद रखने वाली सावधानियों से अवगत कराया एवम दी गयी दवाओं को कैसे लेना है कि जानकारी दी। इस मौके पर आए हुए विशिष्ट अतिथियों ने अपने उद्बोधन में दानदाता परिवार, नेत्र अस्पताल की टीम एवम लायंस क्लब की टीम का आभार व्यक्त किया एवं भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों को संचालित करने हेतु प्रेरित किया। मुख्य अतिथि चूरू विधायक हरलाल सहारण ने अपने उद्बोधन में दानदाता परिवार को साधुवाद देते हुए, नेत्र ज्योति प्राप्त करने वाले लाभार्थियों से उनके अनुभव सुने। लायंस क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा के कार्यकाल को पहले दिन से बहुत अच्छा बताते हुए पीड़ित मानवता के लिए ओर अधिक सेवा कार्य करने हेतु अपनी शुभकामनाएं दी और नेत्र अस्पताल को ओर अधिक सुविधायों से सुसज्जित करने में रात दिन एक करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान मंचस्थ गौरीशंकर जी मंडावेवाला ने एक ऑपरेशन शिविर अप्रेल माह में लगाने, राजीव चाहर ने 2 एवम गुंजन राजगढ़िया फाउंडेशन के महेंद्र राजगढ़िया ने 1 नेत्र अस्पताल को भेंट करने की घोषणा की। समापन समारोह में नेत्र अस्पताल की पूरी टीम को दानदाता परिवार द्वारा गिफ्ट भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया। अंत में शिविर सह प्रभारी राजीव चाहर ने आए हुए समस्त अतिथियों, अस्पताल प्रशासन व शिविर में सहयोग करने वालों का आभार व्यक्त किया। मंच का शानदार संचालन लायन डॉ. कमल वशिष्ठ ने किया। शिविर में मुकुल सिगतिया, आबिद खान, बालकिशन राजगढ़िया, चंद्र प्रकाश खत्री, राजीव शर्मा, ताराचंद प्रजापत, महेन्द्र धानुका, महेंद्र राजगढ़िया, दीनदयाल सैनी, डॉ. पवन जांगिड़, मंगतूराम सैनी, ओ पी बैरवा, प्रमोद सगतानी, प्रदीप लहरी आदि लायन सदस्य उपस्थित थे।

### जरूरतमंद परिवारों को वस्त्र वितरित



**सादुलपुर।** हाउसिंग बोर्ड में सोती उच्च प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर चूरू द्वारा संचालित श्री केशव सरस्वती संस्कार केंद्र पर गुप्त दानदाता द्वारा सायं 04 बजे केंद्र के विद्यार्थियों के लिए वस्त्र वितरित किए गए। इस अवसर पर 30 जरूरतमंद बालकों को वस्त्र वितरित किए। कार्यक्रम में केंद्र पालक महिपाल शर्मा, बाबूलाल प्रजापत, चालक सुनीता, महेंद्र रसगनियां सहित बस्ती की अभिभावक मौजूद रहे। केंद्र सचिव विक्रम नाथावत ने सभी का आभार जताया।

# नेचर पार्क में महिलाओं का किया सम्मान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** युवा मामले एव खेल मंत्रालय भारत सरकार व राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद् जयपुर के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नेचर पार्क में खेल विभाग की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रचना कोठारी ने की। इस अवसर पर अध्यक्ष अणुवत समिति, एडीएम अर्पिता सोनी, नेहरू युवा केन्द्र के उपनिदेशक मंगल जाखड़, मंजू खेमका आदि स्वागत किया गया। इस मौके पर महिला पतंजली योग समिति की जिला प्रभारी सुनिता शर्मा व शारीरिक शिक्षिका अनिता राठौड़ ने महिलाओं को योगाभ्यास करवाया। इस अवसर पर एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि महिलाओं को अपने हक के लिए लडना चाहिए। जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत ने बताया कि खेल व शारीरिक दक्षता गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए नियमित रूप से खेल प्रतियोगिताओं और कार्यक्रम का आयोजन किया जाना जरूरी है। इस दौरान सरला राव, सुमन बुडानिया, अन्नु बुडानिया, विनोद कंवर, निर्मला, डॉ. सुशिला जोशी, संतोष सैनी, वंदना शर्मा, सुमन नेहरा, मान कंवर, रोशनी कंस्वा, मनीष राठौड, सुरेन्द्र प्रजापत, संदीप मील, राहुल पिपलवा, सुनिल रक्षक, प्रदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे। संचालन शिशुपाल बुडानिया ने किया।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राजकीय विधि महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** राजकीय विधि महाविद्यालय एवं युक्ति सामाजिक शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ. एसके सैनी की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य डॉ.सैनी ने कहा कि यह गौरव का विषय है आज विधि महाविद्यालय में विधि क्षेत्र की हस्तियां अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस मंच पर विराजमान है। जिन्होंने न्यायिक क्षेत्र में नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में अतिरिक्त सिविल न्यायाधीष एवं अति. न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवानी, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट कनिष्का यादव, नवचयनित आरजेएस अधिकारी प्रमा चौधरी एवं आकांक्षा सैनी, युक्ति संस्थान की सचिव राजकौर राहड़ आदि मंचस्थ रहे। इस अवसर पर अतिथियों का संकाय सदस्यों एवं युक्ति सामाजिक शौध संस्थान के सदस्यों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारीयों ने आज के परीवेश में महिलाओं की स्थिति, भुमिका सहित अनेक ज्वलन्त विषयों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से कानून लिंग विशिष्ट या लिंग तटस्थ होने चाहिए विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रमेश सोनी, पियुष लाटा, निकिता मीणा ने भी महिला उत्थान पर अपने विचार व्यक्त किए।

# तारानगर लोक अदालत में कुल 117 प्रकरणों का निस्तारण किया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** तारानगर के सिविल न्यायधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट अजयदीप सिंह की अध्यक्षता में तारानगर के न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायालय में लंबित प्रकरणों में दांडिक शमनीय के 23 प्रकरणों, 138 एन.आई. एक्ट के 13 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 19,33,040 रूपये की वसूली हुई। वैवाहिक मामलों के 12 प्रकरणों, भरण–पोषण के 37 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 7,56,500 रूपये की वसूली हुई। सिविल व धन वसुली मामलों के 13 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिसमें कुल 16,75,938 रूपये की वसुली हुई। एमएसिटी के 03 प्रकरणों मे कुल राशि 7,80,000 के पंचाट पारित किये गये। बैंक तथा बीएसएनएल के प्रि–लिटिगेशन प्रकरणों में 16 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 3,979,00/– रूपये की वसूली हुई। इस प्रकार लोक अदालत में कुल 117 प्रकरणों का निस्तारण किया गया जिनमें 55,43,378/– रूपये की वसूली हुई। लोक अदालत में सदस्य के रूप में अधिवक्ता जितेन्द्र सिंह राठौड़ का सहयोग रहा। इस मोके पर अपर लोक अभियोजक पंकज स्वामी, अधिवक्ता विकास सिहाग, पवन योगी, प्रभुदयाल सहारण, जीताराम, एसबीआई मैनेजर अमित कुमार सिंवर, रीडर धर्मेन्द्र सिंह, संदीप मील, घनश्याम शर्मा, मुकेश सैनी, कैलाश सिँह, टीकूराम बाकोलिया, सहित न्यायालय कर्मचारीगण व अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# धौलपुर में जलभराव रोकथाम को लेकर प्रशासन सख्त, जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** मानसून से पहले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयुक्त नगर परिषद अशोक शर्मा, उपखंड अधिकारी साधना शर्मा, सीओ सिटी, रेलवे विभाग के अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला कलक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस वर्ष मानसून के दौरान पिछले साल जैसी जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए सभी विभाग पहले से ही ठोस तैयारियां पूरी कर लें। उन्होंने कहा कि शहर की जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए समन्वित प्रयास जरूरी हैं, ताकि आमजन को जलभराव के कारण किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में रेलवे अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिया गया कि नवीन रेलवे ट्रैक निर्माण के कारण जल निकासी प्रभावित न हो। इसके लिए जहां आवश्यक हो, वहां पुलिया और अन्य वैकल्पिक जल निकासी मार्ग बनाए जाएं। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि रेलवे ट्रैक के नीचे से पानी के सुचारू बहाव के लिए समुचित व्यवस्था की जाए। नगर परिषद को निर्देश दिए गए कि शहर के सभी प्रमुख और छोटे नालों की नियमित सफाई की जाए और जल निकासी मार्गों पर हुए अतिक्रमण को तुरंत हटाया जाए।

# संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** घांघू गांव में समाजिक न्याय के प्रेणता और भारतीय संविधान के निर्माता भारत रतन बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मुर्ति का अनवारण पंचायत समिति के पूर्व उप प्रधान लिखमाराम मेघवाल की 6वीं स्मृति पर किया। कार्यक्रम में सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि शिक्षित बनो और संगठित रहो, अपने वसुलों के लिए संघर्ष करो, यह तभी संभव है जब आप शिक्षा को निचले स्तर से अपनाते हुए आगे बढोगे तो बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। बाबा साहब ने हम सबको शानदार भारतीय संविधान दिया जिससे हमें आगे बढने में कही कोई कठिनाई नही होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक हाजी मकबुल मंडेलिया ने कहा कि आप सबको बाबा साहब से प्रेरणा लेते हुए बालिकाओं को शिक्षित करें। इससे एक घर नही दो घर शिक्षित होगे और समाज में तेजी से सुधार होगा। जिससे हमारे समाज में फैली कुरितियाओं पर विराम लगेगा। तारानगर विधायक नरेन्द्र बुडानिया ने कहा कि यह संविधान की ही देन है। जिससे एक ग्रामीण अंचल से निकल कर प्रदेश तक अपनी पहचान बनाने वाले लिखमाराम जिले में पहचान बनाने वाले नेता थे। सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि आपने आज के दिन को चुना और इस अवसर पर संविधान निर्माता अंबेडकर साहब की मुर्ति का अनावरण कार्यक्रम रखा। इससे आने वाले समय में युवा पीढ़ी प्रेरणा लेगी। पिलानी विधायक पितराम मेघवाल ने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि महा पुरूष की मुर्ति अनावरण कार्यक्रम में आने का अवसर मिला। कार्यक्रम आयोजक जयचंद मेघवाल, सुभाष मेघवाल व भींवाराम मेघवाल ने अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इन्द्राज खिचड, तारानगर प्रधान संजय कस्वां, पूर्व सभापति पायल सैनी, गोविन्द महनसरिया, मोहनलाल आर्य, असलम खोखर, किशोर धान्धू, धर्मेन्द्र बुडानिया, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान, आदूराम न्यौल, सीताराम खटीक, सोहनलाल मेघवाल, विधाधर मेघवाल, कमला पुनियां, रामेश्वरलाल नायक, आशाराम सैनी, विमल शर्मा, रमजान खान, शेरखान मलखाण, आरिफ पिथिसर, जाफर खां, सुखाराम घिंटाला, बरकत खां, ईमरान खान, बनवारी लाल पहाडसरिया, शिवकुमार शर्मा, रामरतन सिहाग ज्योति सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृशक्ति का सम्मान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत जसवंतपुरा के अटल सेवा केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में अध्यापक सुनिल बैरासर की पहल पर महिलाओं का सम्मान किया गया। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच आशा देवी ने की महिला सशक्तिकरण के लिए आयोजित अवसर पर ग्राम पंचायत में हाल ही में कार्यग्रहण करने वाले ग्रामसेवक मंजू श्योराण का माल्यार्पण, साफा व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया वही सरपंच आशा देवी, चिकित्सा विभाग से नर्सिंग ऑफिसर सरोज का माल्यार्पण से सम्मान किया गया। ग्राम पंचायत जसवंतपुरा में सभी प्रमुख पदों पर महिला शक्ति कार्यरत हैं। सेवानिवृत अध्यापक रामेश्वरलाल ने महिला शक्ति के उत्थान पर प्रकाश डालने के साथ महिलाओं का सम्मान करने का आह्वान किया।

# विधानसभाओं और संसद में नियोजित गतिरोध लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए उचित नहीं: बिरला

## कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान लोकतांत्रिक मूल्यो को मजबूत करने का सशक्त मंचः सीएम शर्मा





» राजस्थान विधान सभा में अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा एक वर्ष में किये गये नवाचारों पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन

» वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आरम्भ हुआ कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान

**जयपुर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि सहमति और असहमति लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन विधानसभाओं और संसद में सुनियोजित गतिरोध लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए ठीक नहीं है। जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विधायी संस्थानों को चर्चा और संवाद का केंद्र बनना होगा। बिरला शनिवार को यहां 'कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान' के शुभारंभ पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष बिरला और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा राजस्थान विधान सभा में एक वर्ष के कार्यकाल में हुए नवाचारों पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने क्लरब में आरम्भ की गई विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया।

**संवाद, सहमति और सुशासन का केंद्र बनेगा कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान :-** लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह क्लब केवल एक भवन ही नहीं है बल्कि यह लोकतांत्रिक विमर्श, विचारशीलता और नीति-निर्माण को दिशा देने वाला मंच है। लोकतंत्र सिर्फ चुनाव तक सीमित नहीं होता, बल्कि सतत संवाद और सहमति से आगे बढ़ता है। यह क्लब नीति-निर्माण और सुशासन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली में संविधान क्लब की परिकल्पना 1947 में संविधान निर्माण के दौरान हुई थी। उस समय अनौपचारिक चर्चा और नीतिगत संवाद के लिए एक मंच की आवश्यकता महसूस हुई थी। राजस्थान में स्थापित यह क्लब भी लोकतांत्रिक संवाद और विचार-विमर्श का प्रमुख केंद्र बनेगा। यह विधायकों को विचारशीलता, नीति-निर्माण और सुशासन पर खुलकर चर्चा करने का अवसर देगा।

**राजस्थान की महिलाओं का सशक्त नेतृत्वः-** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि राजस्थान की महिलाओं का इतिहास गौरवशाली रहा है। उन्होंने राज्य की महिलाओं द्वारा विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में दिए गए सशक्त नेतृत्व की सराहना की और कहा कि इससे प्रदेश में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

**क्लब का शुभारंभ गर्व एवं सम्मानः-** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान विधानसभा परिसर में निर्मित कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान का शुभारंभ होना गर्व एवं सम्मान की बात है। यह क्लब केवल एक इमारत ही नहीं बल्कि विचारों के आदान-प्रदान और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का एक सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा का गौरवशाली इतिहास रहा है। वर्ष 1952 में विधानसभा के प्रथम सत्र से लेकर आज तक इसके चुने गये जनप्रतिनिधियों ने राज्य के विकास और जनकल्याण के लिए अथक प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि कॉन्स्टीट्यूशन क्लब इसी गौरवशाली परम्परा को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**लोकतंत्र को मजबूती देने का प्रयासः-** शर्मा ने कहा कि कॉन्स्टीट्यूशन क्लब लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों-संविधान, समानता और जनप्रतिनिधित्व को मजबूती देने का प्रयास है। प्रत्येक व्यक्ति को यहां आने पर संविधान की गरिमा और विधायी प्रक्रिया के महत्व का एहसास होगा। उन्होंने कहा कि यह क्लब केवल एक भवन नहीं, बल्कि एक विचार है, जो राजस्थान को प्रगति के पथ पर और आगे ले जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्लब में विधायक अपने अनुभव साझा कर सकेंगे और राज्य के विकास के लिए नवीन विचारों को आकार दे सकेंगे। साथ ही, पुस्तकालय, सभागार और विश्राम क्षेत्र उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि यह क्लब सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। यहां होने वाले संवाद और सहयोग से विधानसभा के कार्यों में और अधिक पारदर्शिता और प्रभावशीलता आएगी।

**कॉन्स्टीट्यूशन क्लब का निर्माण करने वाला राजस्थान पहला प्रदेश :-** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजस्थान ऐसा पहला प्रदेश है जहां विधायकों और पूर्व विधायकों के लिए कॉन्स्टीट्यूशन क्लब का निर्माण किया गया है। यह क्लब अन्य प्रदेशों के जनप्रतिनिधियों को भी प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि यह क्लब जनप्रतिनिधियों के लिए विचारों के आदान-प्रदान, परस्पर सहयोग और समाज के विभिन्नन वर्गों के बीच संवाद को बढावा देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। क्लब संविधान के तीनों अंगों से जुडे पदाधिकारियों के मध्य संवाद को नये आयाम देगा।

**अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित :-** देवनानी ने कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह क्लब विधान सभा और विधायक आवास के नजदीक होने के कारण अधिक उपयोगी बन गया है। क्लब की अवधारणा को फलीभूत करने के लिए देवनानी ने सभी सदस्यों के सहयोग की अपेक्षा की है। देवनानी ने कहा कि दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब के संचालन की तर्ज पर इस क्लब में सुविधाओं का निर्माण किया गया है।

**भारतीय सनातन परंपरा और वैदिक रीति से हुआ क्ल्ब का शुभारंभः-** लोकसभा अध्यक्ष बिरला, मुख्यमंत्री शर्मा और विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने भारतीय सनातन परम्परा और वैदिक रीति से क्ल्ब का शुभारंभ हवन में पूर्ण आहूति देकर किया। लोक सभा अध्यक्ष बिरला और मुख्यमंत्री शर्मा ने भगवान श्री गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण, क्लब की सुविधाओं का फीता खोलकर और दीप प्रज्ज्वलित कर वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य क्लभ का शुभारम्भ किया।

# वर्ष 2025 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ

## 5 लाख से अधिक प्रकरणों का आपसी समझाइश से होगा निस्तारण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह ने शनिवार को राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर पीठ परिसर में वर्ष 2025 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया। शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए न्यायाधिपति सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आपसी समझाइश द्वारा लंबित प्रकरणों के निस्तारण की मूल भावना को साकार किया जाता है। जिससे पक्षकारों के समय की बचत के साथ-साथ उनके मध्य वैमनस्य का भाव भी समाप्त होता है।

न्यायाधिपति सिंह ने कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर पीठ में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित प्रकरणों सहित प्री-लिटिगेशन स्तर तक के समस्त प्रकरणों का आपसी समझाइश से निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रकरणों की सुनवाई ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यमों से की जाएगी।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरि ओम अत्रि ने बताया कि जन सामान्य के द्वारा अपने प्रकरणों को राजीनामे के माध्यम से निपटाने हेतु प्रकरण राष्ट्रीय लोक अदालत में रखवाए जाएंगे। इन प्रकरणों की सुनवाई हेतु अधीनस्थ न्यायालयों की कुल 468 बैंचों का गठन किया गया। श्री अत्रि ने बताया कि 24 फरवरी तक इन बैंचों में 3 लाख 39 हजार 344 प्री-लिटिगेशन तथा न्यायालयों में लम्बित 2 लाख 8 हजार 605 प्रकरणों सहित कुल 5 लाख 47 हजार 949 प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी।

अत्रि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति आमजन एवं पक्षकारों में काफी उत्साह है। पक्षकार स्वयं आगे बढ़कर अपने मामलों को लोक अदालत में लगवाने के लिए आ रहे हैं। साथ ही, विद्वान अधिवक्तागण अपने स्तर पर पक्षकारों को अपने मामले राजीनामा के माध्यम से सुलझाने वाले इस सुलभ माध्यम को अपनाने हेतु प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर एवं जयपुर पीठ सहित प्रदेश के सभी अधीनस्थ न्यायालयों के साथ-साथ राजस्व न्यायालयों, उपभोक्ता आयोगों एवं अन्य प्रशासनिक अधिकरणों में भी किया गया है।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में कार्यरत न्यायाधिपतिगण की 04 बैंचों का गठन कर 3 हजार 170 लंबित प्रकरण तथा राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर पीठ में 04 सेवानिवृत्त न्यायाधिपतिगण की बैंचों का गठन कर 1 हजार 503 लम्बित प्रकरण राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु रैफर किये गये हैं।

# महिला दिवस के अवसर पर हुआ एडीआर भवन में सेनेटरी नैपकिन वितरण मशीन का उद्घाटन

## महिलाओं को अपने अधिकारों को जानने की आवश्यकता क्योंकि महिला ही समाज का आधारः सदस्य सचिव, रालसा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वाधान में, अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय के निर्देशन में सम्पूर्ण राजस्थान में पहली बार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर के कार्यालय में महिला कर्मचारियों एवं कार्यालय में आने वाले आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सेनेटरी पैड वितरण मशीन का लोकार्पण किया गया।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर श्री हरिओम शर्मा 'अत्रि' द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि महिलाओं को अपने अधिकारों को जानने की आवश्यकता है क्योंकि एक महिला ही समाज का आधार है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय रीटा तेजपाल ने बताया कि महिलाओं के लिए महिला दिवस की आवश्यकता तब हुई जब महिलाओं को पुरूषों के समान नहीं मानकर उनसे निम्नतर समझा जाने लगा। जबकि इस सम्पूर्ण सृष्टि का निर्माण महिला एवं पुरुष दोनों के अस्तित्व से हुआ है। अतः आज महिला दिवस की आवश्यकता केवल एक दिवस विशेष मनाने तक नहीं रहकर महिलाओं को पुरूषों के समानांतर समझना है।

कार्यक्रम में पल्लवी शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय ने कहा कि वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस लैंगिक समानता को बढ़ावा देने की एक पहल है। महिलाओं को पुरुषों के समान अवसर देने के लिए उन्हें कार्य स्थल एवं सार्वजनिक स्थल पर समान अवसर प्राप्त हो, इस दिशा में माननीय रालसा के दिशा-निर्देशों की पालना में राजस्थान में पहली बार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर के कार्यालय में महिला कर्मचारियों एवं आम महिलाओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सेनेट्री पैड वितरण मशीन का लोकार्पण किया गया है। इस कार्य में ग्रीन पार्टिकल बायोटेक प्रा.लि. द्वारा अपना सहयोग प्रदान किया गया है। कार्यक्रम के आगे के चरण में दूरदराज इलाकों में स्थित विद्यालयों, कार्यस्थलों पर महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वच्छता के संबंध में जागरूक करने के लिए सेनेटरी पैड का वितरण किया जाएगा एवं वीडियो के माध्यम से उन्हें मासिक धर्म में रखी जाने वाली स्वच्छता के विषय पर जानकारी दी जाएगी। यौवन अवस्था में प्रवेश करने वाली बालिकाओं को प्रारंभिक तौर पर उक्त विषय पर कोई जानकारी ही नहीं होती है उन्हें जागरूक करने के लिए ग्रीन पार्टिकल बायोटेक प्रा.लि. के सहयोग से ही एक शॉर्ट वीडियो बनवाया गया है, जिसे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों में बालिकाओं को दिखाकर इस विषय पर जागरूक किया जावेगा।

# कस्तूरी-2025 का हुआ समापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** महिला शिक्षा एवं महिला सशक्तीकरण के लिए प्रदेश में अपनी विशेष पहचान रखने वाले कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर के युवा महोत्सव कस्तूरी-2025 का आज रंगारंग समापन हुआ। आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने छात्राओं को संदेश दिया कि आप सभी सशक्त हैं, आपको अपनी शक्ति पहचाने एवं अपने सपनों की उड़ान को पंख देने की आवश्यकता है। आज अंतर महाविद्यालय जस्ट ए मिनट-जैम, प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें कानोड़िया महिला महाविद्यालय से कृतिका शर्मा प्रथम एवं मनतशा कपूर द्वितीय, महारानी कॉलेज से यशस्विनी काविआ तृतीय स्थान पर रही। आज समापन समारोह के अंतर्गत महाविद्यालय की उन छात्राओं ने प्रस्तुति दी, जिन्होंने अनेक अंतर महाविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किये थे। इनमें भवई नृत्य, पंजाबी नृत्य, हरियाणावी नृत्य, रेट्रो ग्रुप डांस एवं वेस्टर्न डांस की प्रस्तुति दी गई। एकल अभिनय में छात्रा पूजा राठौड़ ने भगतसिंह की मां की भूमिका निभाकर सभी को भाव-विभोर कर दिया, वहीं छात्रा दीया गौढ़वाल ने भी एकल अभिनय के माध्यम से महिला सुरक्षा का संदेश दिया। महाविद्यालय की नुकक्ड़ नाटक टीम ने महिला सशक्तीकरण को अपने दमदार अभियन से दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत कर तालियाँ बटोरी। महाविद्यालय की छात्राओं ने वाक-कौशल का भी परिचय दिया।

# राजस्थान रोडवेज ने साबित की अपनी उत्कृष्टता, तीन विभिन्न श्रेणियों में मिले पुरस्कार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम को एसोसिएशन ऑफ स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग, नई दिल्ली द्वारा विभिन्न 3 श्रेणियों में रनर अप पुरस्कार दिए गए। शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित हुए पुरस्कार समारोह में नेशनल पब्लिक बस ट्रांसपोर्ट अवार्ड श्रेणी में राजस्थान रोडवेज को रोड सेफ्टी, नॉन ट्रैफिक रिवेन्यू एवं एम्पलाई प्रोडक्टिविटी अवार्ड (ग्रामीण) श्रेणी में रनर अप का पुरस्कार दिया गया।




रोडवेज अध्यक्ष शुभ्रा सिंह ने राजस्थान रोडवेज को मिले इन पुरस्कारों को सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत और कार्य निष्ठा का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों, कर्मचारियों, चालकों, परिचालकों एवं आर्टिजंस के समन्वित प्रयासों से राजस्थान रोडवेज ने विभिन्न क्षेत्रों में उच्च मानदंड स्थापित कर ये पुरस्कार हासिल किए हैं। सिंह ने इस उपलब्धि पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों बधाई और शुभकामनाएं दीं।

प्रबंध निदेशक पुरुषोत्तम शर्मा ने समस्त निगम परिवार को इस शानदार उपलब्धि की बधाई देते हुए बताया कि नई दिल्ली में आयोजित समारोह में इन पुरस्कारों को निगम की ओर से कार्यकारी निदेशक प्रशासन चांदमल वर्मा एवं कार्यकारी निदेशक अभियांत्रिकी रवि सोनी ने ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान रोडवेज सड़क सुरक्षा, राजस्व अर्जन बढ़ाने और कार्मिकों की संतुष्टि के लिए और बेहतरीन प्रयास करता रहेगा।

# खोले के हनुमान मंदिर में रसिया व धमाल पर श्रद्धालु झूमे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** श्री खोले के हनुमान मंदिर में रंग गुलाल व फूलों की झांकी सजाकर शनिवार को फागोत्सव में "रुत आई रे... धमाल व गोरी म्हारी ए..." रसिया पर शेखावाटी कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

श्री न र व र आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि सायं 6 बजे शेखावाटी सांस्कृतिक कला मंदिर के कलाकार सोहनलाल तंवर के नेतृत्व में चंग व ढप्प वाद्ययंत्रों पर होली गीत में रसिया व धमाल गानों पर नृत्य प्रस्तुत किया। कलाकारों की ओर से रासलीला की भी प्रस्तुति दी। लोक नृत्य के साथ फूल व गुलाल से होली खेली गई।

शर्मा ने बताया कि फागोत्सव समूह की एकता का अनूठा उदाहरण है। शेखावाटी के कलाकार हर वर्ष फागुन माह में अपनी प्रस्तुति के लिए श्री खोले के हनुमान मंदिर आते हैं।

E-Mail executivee@ymail.com & PH. 02988-220706

कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वा अभि विभाग खण्ड बालोतरा

क्रमांकः-अअ/जनस्वा/बालो/2023-24/3556-78 दिनांकः-27/02/2025

-:: नीलामी निविदा संशोधन ::-

इस कार्यालय की अनुपयोगी सामग्री नीलामी निविदा जो कि दिनांक 07.03.2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खुली बोली प्रस्तावित थी। जिसे संशोधित कर दिनांक 17.03.2025 को अनुपयोगी सामग्री खुली बोली नीलामी का आयोजन किया जायेगा।

RO No. 2232 Release Date 20.02.2025
NIB No. PHE2425A4531
UBN No. PHE2425WSOB09753

DIPR/C/3087/2025

( छत्राराम )
अधिशाषी अभियंता
जन स्वा अभि विभाग
खण्ड बालोतरा

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड बालोतरा

क्रमांकः-3713 दिनांकः-04.03.2025

निविदा सूचना संख्या-16 वर्ष 2024-25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से **भवन एवं सड़क मरम्मत कार्यो** के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों से कार्यों हेतु निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेंगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। जिनके यूबीएन नम्बर निम्नानुसार है :-

1. PWD2425WSOB16240 2. PWD2425WSOB16244

( मुकेश जोशी )
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड बालोतरा

DIPR/C/3297/2025

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं में दिखा बालिकाओं का हुनर

## ईशरम्मा शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया के निर्देशन में ईशरम्मा शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता, पावर पॉइंट प्रजेंटेशन, नृत्य प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता इत्यादि में बालिकाओं ने खूब उत्साह से भाग लिया। इसमे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाली बालिकाओं को पुरस्कार वितरित किए गए।



कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में संस्थान की समस्त शिक्षिकाओं को उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक मनीषा शर्मा द्वारा बालिकाओं को पीसीपीएनडीटी अधिनियम की जानकारी प्रदान की गई। ईशरम्मा शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान की प्रधानाचार्या प्रतिभा पाराशर द्वारा बालिकाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का महत्व बताते हुए समाज मे महिलाओं के सशक्तिकरण की बात कही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रीति शर्मा तथा टीकम चंद द्वारा किया गया।

जागरूक टाइम्स

संपर्क करें

विज्ञापन देने के लिए

+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716

प्रति के लिए

9057203837

कार्यालय :- 0141-2743001

Email :- jtjaipur@gmail.com

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत बाडमेर

क्रमांकः 1940 दिनांक : 28.02.2025

अल्पकालिन निविदा सूचना संख्या : 03 वर्ष 2024-2025

NIB No. PWD2425A4529

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से **विभिन्न सड़क निर्माण कार्यो** हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कुल 1 कार्य जिनकी लागत राशि रू. 104.00 लाख है के लिए ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | : | 04 मार्च 2025, 9:30 बजे से 17 मार्च 2025, सायं 06:00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। कार्यवार यू.बी.एन. संख्या निम्नानुसार है।

PWD2425WSOB16292

( सूराराम )
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. वृत बाड़मेर

DIPR/C/3339/2025

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं का किया सम्मान




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष 8 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान,प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। इसी क्रम में नगर परिषद ऑडिटोरियम धौलपुर में जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के सौजन्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का जिला स्तरीय आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एएन सोमनाथ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पाराशर,भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा,सभापति खुशबू सिंह,ब्रांड एंबेसेडर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान धौलपुर पार्वती कुशवाह रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग धीरेन्द्र सोनी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर हुआ। सीडीपीओ भूपेश गर्ग,मांगीलाल आर्य ने अतिथियों का बुके भेंटकर कर स्वागत सम्मान किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ जिला परिषद एएन सोमनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं बधाई देते हुए गुनगुनाया तू किस लिए हताश है, तू चल तेरे वजूद की समय को भी तलाश है, समय को भी तलाश है। उन्होंने सरकार की महिला उत्थान की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धौलपुर जिला आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत नीति आयोग एवं विकसित भारत संकल्पना के अंतर्गत महिला उत्थान एवं बेटियों के कल्याण के लिए कार्य जिले में हो रहा है। उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग धीरेन्द्र सोनी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं के सम्मान और उत्थान की बात की। उन्होंने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणीय है। महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पाराशर ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि प्रधामनंत्री की महिला उत्थान की योजनाओं का लाभ देश एवं प्रदेश की महिलाओं को मिल रहा है। भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने कहा कि महिला आज सरपंच से लेकर राष्ट्रपति जैसे बड़े पदों पर विराजित हैं इससे बड़ी महिला सशक्तिकरण की मिशाल कोई हो नहीं सकती। सभापति खुशबू सिंह ने महिलाओं की जयजयकार करते हुए कहा कि हर विभाग सहित राजनीति में भी महिलाओं की भागीदार बेहद मजबूत हुई है। उन्होंने बेटियों को शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आवाह्न किया। ब्रांड एंबेसेडर पार्वती कुशवाह ने महिला के त्याग और समर्पण सहयोग की भावना का उल्लेख करते हुए अपनी कामयाबी की कहानी सुनाकर सबको ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया।

## श्रम विभाग की मनमानी के खिलाफ मजदूरों का प्रदर्शन 11 को

**झुंझुनूं।** राजस्थान निर्माण मजदूर संगठन श्रम कल्याण विभाग झुंझुनूं की मनमानी के खिलाफ 11 मार्च को श्रम कल्याण कार्यालय पर प्रदर्शन करेगा। यह जानकारी देते हुए राजस्थान निर्माण मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड शीशराम गोठवाल व जिला महामंत्री कामरेड मनफूल सिंह रायपुर जाटान ने बताया कि मार्च 2024 में शिक्षा सहायता (छात्रवृत्ति) के आवेदन पत्र भी आजतक अपलोड नहीं किए गए है। भुगतान तो दूर की बात है। निर्माण श्रमिकों के मृत्यु क्लेम की राशि भी अभी तक स्वीकृत नहीं की है। निरस्त किए गए मजदूर कार्डों को फिर से चालू नहीं किया है। झुंझुनूं जिला कार्यालय में तीन निरीक्षक होने के बावजूद उनके निठल्लेपन के कारण 3500 से ज्यादा नए पंजीयन पेंडिंग चल रहे हैं। जिसके कारण वाजिब मजदूर खाद्य सुरक्षा से नहीं जुड़ पा रहे है। समय पर नवीनीकरण न होने के कारण निर्माण मजदूर शिक्षा सहायता व अन्य हितलाभ नहीं ले पा रहे हैं । राजस्थान निर्माण मजदूर संगठन 11 मार्च को झुंझुनू श्रम कल्याण कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला दिवस पर टोल कर्मियों द्वारा महिलाओं का किया सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, शनिवार को रिडकोर परियोजना निदेशक कैप्टन जितेंद्र सिंह शेखावत के निर्देशन में मंगलाना टोल प्लाजा पर महिलाओं के सम्मान में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर, महिलाओं को सम्मान स्वरूप फूल, चॉकलेट और पेन भेंट किए गए। रिडकोर मंगलाना टोल प्लाजा के मैनेजर खुर्शीद अहमद ने बताया कि महिला वाहन चालकों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। इस कार्यक्रम के दौरान रिडकोर आईटी इंजीनियर प्रशांत शर्मा, टोल मैनेजर पिंटू सिंह, कमल जोशी, नवीन, पुष्पेंद्र, पेट्रोलिंग इंचार्ज रामेश्वर, हुकमाराम सहित अन्य टोल प्लाजा स्टाफ उपस्थित रहा।

### बांसा में वीर तेजाजी व सवाईभोज के अपमान के विरोध में धरना

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** डीडवाना-कुचामन क्षेत्र के ग्राम बांसा में वीर तेजाजी और सवाईभोज के सर्किलों के साथ हुई छेड़छाड़ के विरोध में सर्व समाज द्वारा एक विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। यह विरोध प्रदर्शन 9 मार्च को सुबह 9:15 बजे होगा, जिसमें समाज के गणमान्य नेता, जनप्रतिनिधि और आमजन बड़ी संख्या में भाग लेंगे। इस प्रदर्शन का उद्देश्य प्रशासन और सरकार का ध्यान आकर्षित कर, असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करवाना है। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी और उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई शामिल है। इसके साथ ही, यह भी मांग की जा रही है कि सरकार और प्रशासन द्वारा सर्किलों के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न की जाए और जो निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है, उसे शीघ्र पूरा किया जाए। जब तक यह कार्य पूरा नहीं होता, तब तक सरकार द्वारा सुरक्षा की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा, सरपंच के खिलाफ हो रही झूठी 91 की कानूनी कार्यवाही को समाप्त करने और ग्राम विकास अधिकारी पर हो रही गैरकानूनी कार्रवाई को रोकने की भी मांग कर रहे हैं। इस धरना प्रदर्शन में सांसद हनुमान बेनीवाल, पूर्व विधायक चेतन डूडी, विधायक रामनिवास गावड़िया, पूर्व विधायक महेन्द्र चौधरी, विधायक मुकेश भाकर और छात्रसंघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी सहित कई प्रमुख नेताओं को आमंत्रित किया गया है।

### स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** शहर के न्यू कॉलानी स्थित डिफेंस पब्लिक सीसै स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महिला शिक्षिकाओं ने मां सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं पुष्प अर्पित कर की। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। अध्यापिका ममता रानी ने बताया कि जब से महिलाओं को शिक्षा का अधिकार मिला है। तब से महिलाएं शिक्षा प्राप्त कर अनेक क्षेत्रों में अपना नाम रोशन कर रही है। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छह की छात्रा नव्या प्रथम स्थान पर तथा कक्षा नौंवीं छात्रा हंसिका द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका अंजू, ममता एवं बबिता भालोठिया ने कविता एवं गायन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देकर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में महिला अभिभावक सनोबर, सुमन, सहनाज, सरोज, सुनिता आदि मौजूद थे। प्रधानाचार्य रामसिंह रोहिला ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पुष्पा राठौड़ ने किया।

### गोमती कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बड़ागांव।** बस स्टैंड स्थित श्रीमती गोमती देवी पीजी कॉलेज में संचालित वनराज इंडेप कंपनी एनसीसी पिलानी के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस वुमेन टैलेंट के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था निदेशक सीएल शर्मा, प्राचार्य पीजी कॉलेज डॉ. एसके सेवका, बीएड कॉलेज प्राचार्य डॉ. गजेंद्र सिंह शेखावत, उप प्राचार्य डॉ. पीएन शर्मा, वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी सूबेदार आजाद सिंह, एनसीसी प्रभारी कमलेश कुमार सैनी ने सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट पूनम ने किसान, अलीशा ने बिजनेसमैन, मोनिका कुमावत ने खिलाड़ी, निशा ने सैनिक, हिना ने शिक्षक, पूजा जांगिड़ ने इंजीनियर की भूमिका अदा की। कार्यक्रम में संस्था निदेशक सीएल शर्मा ने बताया कि आज ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जिसमें महिलाएं बढ़ चढ़कर भाग नहीं ले रही है। प्राचार्य डॉ. एसके सेवका ने बताया कि आज महिलाएं परिवार, समाज एवं देश में ऐसा कोई कार्य नहीं है जिसमें उनकी हिस्सेदारी नहीं हो। व्याख्याता कीर्ति शर्मा ने महिलाओं के बारे में मधुर कविता प्रस्तुत की और प्रवक्ता कुसुमलता ने आठ मार्च को महिला दिवस के प्रारंभ होने तथा इसे मनाए जाने पर अपने विचार रखें।

## वार्षिक खेलकूद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्तमान सत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया रहे। प्रधानाचार्या निधि सिहाग ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया का स्वागत किया। इस अवसर पर प्यारेलाल ढूकिया ने सभी पुरस्कृत बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद और नृत्य-संगीत आवश्यक है। खेल शारीरिक और मानसिक विकास में वृद्धि करता है। प्रत्येक बच्चे को खेल से जुड़ना चाहिए और साथ ही महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नारी केवल शक्ति नही है प्रेम, करूणा और धैर्य का प्रतीक है। संस्था सचिव पीयूष ढूकिया ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ सहगामी प्रतियोगिताओं से बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा सामने आती है। उन्होंने खेलकूद को जीवन का अहम हिस्सा बताते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए खेल और व्यायाम बेहद जरूरी हैं। इस अवसर पर एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. शिखा सहाय, शुभकरण खीचड़ एवं समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## मुस्लिम समाज के भामाशाहों का जयपुर में होगा सम्मान

### प्रदेश स्तर का होगा सम्मान समारोह, तैयारियों को लेकर हुई बैठक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय पर आयोजित मुस्लिम न्याय मंच की बैठक को संबोधित करते हुए राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एवं मुस्लिम न्याय मंच के संरक्षक एमडी चोपदार ने कहा कि जल्द ही जयपुर में राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन मंच के द्वारा किया जाएगा। इस सम्मान समारोह में ऐसे भामाशाओं और शख्शियतों का सम्मान किया जाएगा। जिन्होंने अपने खून-पसीनें की गाढ़ी कमाई से समाज में तालीमी बेदारी की अलख जगाई है और समाज को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दिया है। चोपदार ने बताया कि इस सम्मान समारोह में राजस्थान के 200 विधानसभा क्षेत्रों और 25 लोकसभा क्षेत्रों से भामाशाओं का चयन किया जाएगा। इस सम्मान समारोह का उद्देश्य यही है कि समाज की उन्नित के लिए योगदान देने वाले ऐसे महान लोगों को समाज भूले नहीं और समाज के अन्य लोग भी इनसे प्रेरित होकर समाज की भलाई के लिए अपने स्तर पर योगदान देवें। समाज को आगे बढ़ाने में ऐसे भामाशाहों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए इन्हें सम्मानित किया जाना समाज का सम्मान है। चोपदार ने साथ ही बताया कि जल्द ही मुस्लिम न्याय मंच के द्वारा जिलेवार प्रतिभा सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें समाज के मेधावी बच्चों और ऐसी प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। जिन्होंने उच्च तालीम हासिल की है या प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से उच्च पद हासिल किए है। ऐसे बच्चे समाज का गौरव है। इन्हें सम्मान देकर समाज बेहद गौरवान्वित होगा और दूसरे बच्चों को भी इससे प्रेरणा मिलेगी।

## शक्ति सदन में महिला दिवस मनाया



**झुंझुनूं।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला मुख्यालय की शक्ति सदन में अंजू शर्मा एडवोकेट की अध्यक्षता में आज की नई और सरकार की व्यवस्था विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने महिलाओं पर होने वाली अत्याचार के लिए विदेश जैसे सख्त कानून लगाने की इच्छा जाहिर की। दूसरी ओर कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति की पूर्व सदस्य गुड्डी देवी ने कहा कि इस सख्त कानून के साथ-साथ जो महिलाएं कानून का दुरुपयोग करती हैं। उनके लिए भी कानून सख्ती से काम करें। कार्यक्रम में भंवरी देवी ने बताया कि कुछ बालिकाएं परिवार की आपसी कलह से परिवार में लालन पोषण में कमी होने की वजह से मां-बाप के प्यार की कमी की वजह से रास्ता भटक कर घर छोड़ने का प्रयास करती है। जो समाज के लिए कलंक है। कार्यक्रम में बगड़ से पूनम जांगिड़, झुंझुनूं से कंचन सैनी, आरती शर्मा, आदर्श नगर से दीपिका चाहर, घूमनसर सूरजगढ़ से बबिता बेरवाल, मोनिका मुख्य रूप से उपस्थित रही।

## महिला सशक्तिकरण संदेश के साथ विश्व महिला दिवस का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय स्थित एसीआई उमावि में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नव नवाचार एवं अनुकरणीय पहल के तहत अलग अलग कार्यक्षेत्रों में अपनी कार्य क्षमता, दक्षता, व्यवहार कुशलता एवं कृतित्व से समाज में अनुकरणीय स्थान रखने वाले जिले के प्रमुख महिलाओं को संस्थान की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं के द्वारा उनके कार्यस्थल पर जाकर उनको सम्मानित किया। जिनमें झुंझुनूं पंचायत समिति प्रधान पुष्पा चाहर, जिला रसद अधिकारी निकिता राठौड़, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी मंजू मील, सहायक निदेशक कृषि विभाग सविता देवी, चिकित्सा अधिकारी डॉ. नेहा चौधरी बीडीके अस्पताल, महिला एवं बाल विकास विभाग निरीक्षक अनिता सिलाईच, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. बबिता कुमावत सहित अनेक विदुशी महिलाओं को सम्मानित किया। वहीं संस्थान परिसर में विश्व महिला दिवस संस्थान निदेशक मनोज शर्मा के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। अतिथियों का स्वागत तिलक कार्यक्रम के साथ तथा कार्यक्रम का आरम्भ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। संस्थान निदेशक विकास शर्मा ने कहा की उनका मानना है कि विश्व की प्रत्येक महिला अद्वितीय है। मां है, वो बेटी है, बहन है, तो कभी पत्नी है। वो जीवन के हर सुख दुख में शामिल आदी शक्ति है। वो शक्तिमयी प्रेरणा है। संस्थान निदेशक मनोज शर्मा ने कहा कि नारी के सम्मान के लिए एक दिन पर्याप्त नहीं हैं। वर्ष पर्यंत उसका सम्मान होना चाहिए। साथ ही उन्होने महिला दिवस के महत्व एवं वर्तमान समय में महिलाओं की पीड़ाओं की विवेचना की एवं सभी विद्यार्थियों से सम्मान भाव से आगे बढने की बात कही एवं उपस्थित मातृत्व शक्ति को महिला दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में अलग-अलग कार्यक्षेत्रों में अपनी कार्यदक्षता व व्यवहार कुशलता से समाज में अनुकरणीय स्थान रखने वाली अतिथियों को संस्थान द्वारा पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर फाउंडेशन हैड विजय सैनी, सुनिल कुमार, दिव्या रोहिला, धर्मेंद्र नागर, दिनेश वर्मा, अशोक जांगिड़, राधेश्याम शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, महेंद्र सिंह, दिनेश आचार्य, संदीप झाझड़िया, दिवेंक शर्मा, राकेश चौधरी, पूनम जांगिड़, सरिता कुमारी, आशा शर्मा, प्रियंका शर्मा, सरोज, निशा शर्मा आदि मौजूद रहे।

### लोक अदालत में उपभोक्ताओं को एक करोड़ 11 लाख की राहत मिली

## 'लोक अदालत में आपसी राजीनामा से प्रकरणों का निस्तारण न्याय की खूबसूरती'



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** वर्ष 2025 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत शनिवार को आयोजित हुई। जिसमें जिला मुख्यालय पर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सीमा ढाका एवं उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील की बैंच में सुबह से ही बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने अपनी पीड़ा रखी। लोक अदालत में सबको त्वरित न्याय की पवित्र भावना के मद्देनजर, आपसी समझाइए से मौके पर ही प्रकरणों का निस्तारण कर अवार्ड जारी किए गए। जिला मुख्यालय के साथ-साथ विभिन्न न्यायालयों में 10 बैंचों के माध्यम से लोक अदालत का आयोजन हुआ। जिसमें जिलेभर के विद्युत विभाग से संबंधित मामलों में एसई महेश टीबड़ा व विधि अधिकारी डॉ. प्रज्ञ कुल्हार की देखरेख में एक्सईएन प्रदीप कुमार भांबू, मुमताज अली, सुरेंद्र धनखड़, मोहनलाल, वेदप्रकाश व शंकर लाल द्वारा लगभग दो करोड़ 14 लाख रुपए राशि के 967 मामले आपसी समझाइश से निस्तारित करवाए गए। इनमें वीसीआर के 354 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जिससे विद्युत विभाग को 45.85 लाख रुपए प्राप्त हुए। वहीं उपभोक्ताओं एवं गैर उपभोक्ताओं को 47.83 लाख रुपए की छूट दी गई तथा पुराने बकाया के 613 प्रकरणों का निस्तारण भी करवाया गया। जिससे विद्युत विभाग को 57.88 लाख रुपए प्राप्त हुए और आम उपभोक्ताओं को 63.09 लाख रुपए की छूट दी गई। अजमेर विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता लक्ष्मण सिंह ने इसे न्याय की जीत और खूबसूरती बताते हुए लोक अदालत में बड़ी संख्या में प्रकरणों का उपभोक्ताओं को राहत देते हुए निस्तारण करवाने के लिए नोडल अधिकारियों की प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि रेवन्यू रिकवरी बाबत निगम के मुख्य अभियंता लक्ष्मण सिंह ने सकारात्मक रूप से मॉनीटरिंग करते हुए उपभोक्ताओं एवं गैर उपभोक्ताओं को लोक अदालत की पवित्र भावना से प्रेरित करने हेतु प्रोत्साहित किया। प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत में विद्युत विभाग को लगभग एक करोड़ तीन लाख रुपए प्राप्त हुए है। वहीं उपभोक्ताओं को भी लगभग एक करोड़ 11 लाख रुपये की छूट मिलने के साथ ही त्वरित न्याय भी मिला है। जिला मुख्यालय पर लोक अदालत में सहायक अभियंता महेश सैनी, अनिल कालेर, विजय बोला व अधिवक्ता होशियार सिंह सैनी का प्रकरणों के निस्तारण में विशेष योगदान रहा।

## श्रीश्याम सखियों का आज निशान यात्रा और होली उत्सव

**चिड़ावा।** श्रीश्याम सखी दरबार की ओर से हर साल की तरह इस बार भी श्रीश्याम प्रभु की पांचवीं निशान यात्रा निकाली जाएगी। रविवार को दोपहर तीन बजे से शुरू होने वाले कार्यक्रम के तहत पहले एक घंटे का होली उत्सव मनाया जाएगा। इसके बाद निशान यात्रा रवाना होगी। श्रीश्याम सखी दरबार की संयोजिका रेखा संदीप हिम्मतरामका ने बताया कि श्रीश्याम सखियों तथा कस्बे की श्रीश्याम भक्तों के द्वारा हर साल श्रीश्याम प्रभु के चरणों में निशान अर्पित किए जाते है। इसी क्रम में इस बार निशान यात्रा रविवार नौ मार्च को निकाली जाएगी। सबसे पहले हिम्मतरामका निवास श्रीश्याम छाया में भजन कीर्तन के जरिए होली उत्सव मनाया जाएगा। जिसमें श्रीश्याम सखियां होली के रंग से सराबोर होकर कान्हा के साथ होली खेलेंगी। इसके बाद शाम चार बजे श्रीश्याम छाया से ही निशान यात्रा शुरू होगी। जो कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए पुरानी बस्ती स्थित श्रीश्याम मंदिर पहुंचेंगी। इस निशान यात्रा में 51 निशान बाबा के चरणों में अर्पित किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### लोक अदालत में लंबित मामलों का निस्तारण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर के निर्देशानुसार अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश बाड़ी नीरज कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन बाड़ी उपखंड पर किया गया। उक्त लोक अदालत के तहत लंबित प्रकरणों में से एमएसीटी एक्ट के 4 प्रकरण निस्तारित हुए जिनकी समझौता राशि 56 लाख 45 हजार रूपये एवं प्री लिटिगेशन के प्रकरणों में बैंकों से सम्बंधित 35 प्रकरण निस्तारित किये गए। जिनकी समझौता राशि 21 लाख 52 हजार रुपये एवं जयपुर विद्युत वितरण निगम बाड़ी,बसेड़ी और सरमथुरा के 558 प्रकरण निस्तारित किये गए। जिनकी समझौता राशि एक करोड़ 40 लाख रुपये से अधिक थी।

### पूर्व सभापति रीतेश शर्मा का ब्राह्मण समाज की बैठक में आज आगमन होगा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर श्री सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति द्वारा रविवार को एक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए श्री सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति बाड़ी के अध्यक्ष मुकेश विधौलिया ने बताया कि समाज में फैली रूढ़िवादी कुरीतियों पर विराम लगाने के लिए समिति द्वारा 9 मार्च 2025 रविवार की शाम 4:00 बजे शहर की परशुराम धर्मशाला बारहमासी पीपल हनुमान जी मंदिर पर एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। विधौलिया ने बताया कि बैठक में धौलपुर के पूर्व सभापति रीतेश शर्मा के साथ समाज के वरिष्ठ लोगों का आगमन धर्मशाला पर हो रहा है। उन्होंने समाज के लोगों से बैठक में अधिक से अधिक आने पर जोर दिया है।

### महर्षि दयानंद कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** महर्षि दयानंद बालिका विज्ञान स्नातकोतर महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय विद्यालय झुंझुनूं के पूर्व प्राचार्य डीवी शास्त्री थे। मुख्य अतिथि ने बताया कि आजकल महिलाएं हर क्षेत्र जैसे सेना में, शिक्षा में, विज्ञान व प्रौद्योगिकी, व्यवसाय में खेलकूद में देश का नाम रोशन कर रही है। इसी दौरान उन्होंने बताया कि प्राचीन समय में महिलाओं को विशेष स्थान और मान-समान दिया जाता था। वहीं विशेष स्थान और मान-समान आज भी है और महिलाओं की भागेदारी हर क्षेत्र में बढाई जा रही है। एक महिला पत्नी के रूप में, बेटी-बहन के रूप में, पुरुषों का मान-समान बढ़ा रही है। जिस घर में नारी का सम्मान होता है। वहीं घर देवतुल्य होता है तथा नारी शक्ति के कारण ही हमारा देश महान है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामस्वरूप जाखड़ ने बताया कि एक मजबूत महिला चुनौतियों को स्वीकार करती है और उसे अवसर में बदलती है। महिला कभी बेटी बनकर, कभी मां बनकर और कभी पत्नी बनकर मनुष्य को ऊचाइयों तक पहुंचाए है। जिस घर में नारियों की पूजा होती है। वह घर स्वर्ग जैसा होता है। इसलिए नारी बिन जीवन अधूरा होता है। कार्यक्रम के अंत में महिला प्राध्यापिकाओं का समान किया गया।

### प्राचार्य संपर्क अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

**झुंझुनूं।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान-उच्च शिक्षा की योजनानुसार संगठन का परिचय प्रत्येक इकाई तक हो, इसके लिए प्राचार्य सम्पर्क अभियान के अंतर्गत महर्षि दयानंद बालिका विज्ञान स्नातकोतर महाविद्यालय झुंझुनूं के प्राचार्य डॉ. रामस्वरूप से संगठन के जिला इकाई सचिव डॉ. विकास भड़िया, जिला उपाध्यक्ष डॉ. शशि प्रकाश, स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक डॉ. शुभकरण ने सम्पर्क कर उन्हें संगठन का पंचांग एवं डायरी भेंटकर संगठन की गतिविधियों से परिचित करवाया।

# केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने ऊजौली सहकारिता समिति का किया उद्घाटन

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**अलवर।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को कोटकासिम क्षेत्र उजौली गांव में ग्रामीण सहकारिता समिति का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने सहकारिता को भारत की अर्थव्यवस्था का एक अभिन्न अंग बताते हुए इसके व्यापक विस्तार पर बल दिया। उजौली में ग्रामीण सहकारिता समिति का शुभारंभ करते हुए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि सहकारिता ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इससे किसानों, श्रमिकों और छोटे व्यापारियों को आर्थिक मजबूती मिलेगी और क्षेत्र का विकास होगा। इसके बाद ऊजौली में ही सहकार से समृद्धि की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत उजौली, आकोली, कांहडका, बिलाहेडी और मकडावा के ग्रामीणों ने भाग लिया। मंत्री यादव ने ग्रामीण विकास और सहकारिता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सरकार हर गांव तक सहकारी सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय नागरिकों को भी सहकारिता से जुडक़र आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि सहकारिता आंदोलन ने भारत में 56 वर्षों की अपनी यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। पहले, बैंकों की सीमित पहुंच और अधोसंरचना की कमी के कारण सहकारी आंदोलन का पूर्ण लाभ नहीं मिल सका, लेकिन अब केंद्र सरकार सहकारिता क्षेत्र को बहुउद्देशीय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सहकारी बैंकों और समितियों में वित्तीय लेन-देन को अधिक पारदर्शी बनाने हेतु केंद्र सरकार ने सहकारिता क्षेत्र के डिजिटलीकरण की पहल की है। इसके अंतर्गत 44,000 से अधिक प्राथमिक कृषि साख समितियों को कंप्यूटराइज्ड किया जा रहा है, जिनमें से अब तक 34,910 को इस सुविधा से लाभान्वित किया जा चुका है। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों के कल्याण हेतु सरकार द्वारा ई-श्रम पोर्टल शुरू किया गया है। कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से अब तक 29 करोड़ श्रमिकों का पंजीकरण किया जा चुका है। केंद्रीय मंत्री ने नए किसान उत्पादक संगठन गठित करने और सहकारी समितियों को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सरकार द्वारा सहकारी समितियों के माध्यम से गैस एजेंसी, पेट्रोल पंप एवं अन्य खुदरा आउटलेट्स संचालित करने की योजना बनाई जा रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसके अतिरिक्त यादव ने अलवर डेयरी को देश की सर्वश्रेष्ठ डेयरी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने की घोषणा की। यह राशि डेयरी उत्पादों की क्षमता वृद्धि और मूल्य संवर्धन के कार्यों में निवेश की जाएगी। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र का विस्तार देश की आर्थिक मजबूती का आधार बनेगा। सरकार ग्रामीण विकास एवं आर्थिक समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सहकारिता को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए संकल्पबद्ध है। केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने हरसौली में एईएन ऑफिस का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह कार्यालय क्षेत्र के बुनियादी ढांचे और बिजली से जुड़ी समस्याओं के समाधान में मदद करेगा। इससे स्थानीय लोगों को त्वरित सेवाएं मिलेंगी और प्रशासनिक कामकाज में भी तेजी आएगी। इस मौके पर कई पंचायतों के प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सजाई रंगोली, महिला सशक्तिकरण और स्मार्ट झुंझुनूं का दिया संदेश



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर गांधी चौक में रंगोली प्रतियोगिता और महिला सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। झुंझुनूं प्रगति संस्थान की महिला विंग ओर से आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में स्टेट जीएसटी के ज्वाइंट कमिश्नर उमेश जालान तथा जयपुर प्रवासी उद्यमी व समाजसेवी राधेश्याम ढंढारिया मौजूद थे। इस मौके पर मंच पर संस्थान के संरक्षक ताराचंद गुप्ता भोड़कीवाला, अध्यक्ष डॉ. दिलीप मोदी व सचिव एडवोकेट अशोक शर्मा भी मौजूद थे। रंगोली प्रतियोगिता में झुंझुनूं जिला मुख्यालय की 11 स्कूलों की टीमों ने हिस्सा लिया। जिन्होंने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाकर महिला सशक्तिकरण के साथ—साथ स्मार्ट झुंझुनूं का संदेश दिया। रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शामिल डॉ. संगीता केडिया उदयपुरिया, शिक्षाविद् आशा शर्मा तथा संगीता आर्य ने तीन रंगोलियों को बेस्ट रंगोली का पुरस्कार दिया। जिन्हें प्रवासी उद्यमी राधेश्याम ढंढारिया की ओर से नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा सभी सभी टीमों को पुरस्कृत किया गया। अतिथियों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की सभी को बधाई देते हुए संस्थान द्वारा आयोजित रंगोली प्रतियोगिता एवं संस्थान के विजन एवं उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस मौके पर करीब एक दर्जन से अधिक महिलाओं को उनके द्वारा समाज में दिए गए उत्कृष्ट योगदान तथा विशिष्ट उपलब्धियों को लेकर सम्मानित किया गया। जिनमें मेंटल एंड फिजीकल हेल्थ मोटिवेटर डॉ. सोनिया शर्मा, जेबी शाह गर्ल्स कॉलेज झुंझुनूं की प्रिंसिपल डॉ. योगिता शर्मा, पीएनबी बैंक झुंझुनूं की ब्रांच मैनेजर सीए विनिता राणासरिया के अलावा सीए श्रुति मोदी, डॉ. ममता जालान, पूर्व पार्षद मंजू चौहान, शिक्षाविद् डॉ. नीरजा मोदी, प्रेरणा तुलस्यान, सरोज श्योराण, प्रमिला शर्मा और रंजना अडवाणी मित्तल समेत अन्य नाम शामिल रहे।

## महिला दिवस पर नर्सिंग कर्मचारियों का सम्मान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** महिला दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा अलवर की जिला अध्यक्ष सुनीता सैनी के नेतृत्व में काला कुआं स्थित सैटेलाइट अस्पताल में सभी महिला डॉक्टरों एवं महिला नर्सिंग कर्मियों को माला पहनाकर स्वागत किया एवं पीएमओ डॉक्टर जीएस राठौड़ को साफा पहना कर पुष्प गुच्छ देकर उनका सम्मान किया। जिला अध्यक्ष सुनीता सैनी ने जानकारी देते हुए बताया इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल में भरती सभी प्रसुताओं को बिस्कुट के पैकेट वितरित कर उन्हें बच्चा होने की बधाई दी। इस अवसर पर उनके साथ महिला मोर्चा की सरोज अग्रवाल, संध्या मीणा, आरती बहुगुणा, कल्पना शर्मा ममता कंवर, रेखा गुप्ता, प्रेम लता भाटिया सहित अनेकों महिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रही।

## कलेक्टर रामावतार मीणा का सीएम भजनलाल शर्मा ने किया सम्मान

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**झुंझुनूं।** महिला अधिकारिता विभाग की पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (सर्वाधिक ऋण आवेदन एवं राशि स्वीकृत करने वाले जिलाधिकारी) के लिए झुंझुनूं जिला कलेक्टर रामावतार मीणा को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सम्मानित किया। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने बताया कि जयपुर के बिड़ला सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह के दौरान उप मुख्यमंत्री एवं महिला अधिकारिता विभाग की मंत्री दिया कुमारी के साथ साथ राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार तथा जयपुर सांसद मंजू शर्मा भी मौजूद रहीं। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा के साथ ही राज्य स्तरीय समारोह में महिला अधिकारिता विभाग झुंझुनूं के उप निदेशक विप्लव न्यौला, अग्रणी जिला प्रबंधक गोपाल प्रसाद एवं बीआरकेजीबी बैंक के शेर सिंह को भी सम्मानित किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष....पीएम मोदी ने लखपति दीदियों से...

इससे पहले मुझे महाकुंभ में मां गंगा का आशीर्वाद मिला है और आज मातृशक्ति का आशीर्वाद मिला है।

**महिलाओं के श्रम से देश का विकास हुआ**-पीएम ने कहा, आज के कार्यक्रम की सारी जिम्मेदारी महिलाओं ने अपने ऊपर ली। यह महिलाओं के ऊंचे आत्मविश्वास को दर्शाता है। भारत महिला नेतृत्व का एक महान उदाहरण है। महिलाओं के श्रम और पराक्रम से ही देश का विकास हुआ है। गुजरात के गांवों की लाखों महिलाओं ने आज दूध उत्पादन में क्रांति ला दी है। हमारी सरकार ने डेयरियों से दूध का पैसा सीधे बहनों के खाते में पहुंचाया। इसके अलावा कई योजनाओं का पैसा सीधे ट्रांसफर किया गया, जिससे बिचौलिए खत्म हो गए और इसका फायदा महिलाओं को मिला।

**महिला पुलिसकर्मियों का सिक्योरिटी कवर**-पीएम के इस मेगा इवेंट की खास बात ये है कि महिला दिवस के मौके पर केवल महिला पुलिसकर्मियों का सिक्योरिटी कवर तैनात किया गया है। ऐसा देश में पहली बार हो रहा है। 2,165 कांस्टेबल, 187 इंस्पेक्टर, 61 सब-इंस्पेक्टर, 19 डीएसपी, पांच डीएसपी, एक आईजी और एक एडीजी के हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक की सिक्योरिटी का जिम्मा संभाल रही हैं।

**डेढ़ लाख लखपति दीदियों को सम्मानित करेंगे पीएम**-वानसी-बोरसी में होने वाले 'लखपति दीदी सम्मेलन' में नवसारी, वलसाड और डांग जिले की डेढ़ लाख महिलाएं शामिल होंगी। इस मौके पर पीएम 10 लाभार्थियों से बातचीत करेंगे और पांच लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करेंगे। इस योजना के तहत गुजरात के विकास को प्रदर्शित करने वाली एक शॉर्ट मूवी भी दिखाई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान पीएम अंत्योदय परिवारों की महिलाओं में आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए जी-सफल पहल का भी शुभारंभ करेंगे।

**लखपति दीदी योजना क्या है?**-15 अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लखपति दीदी योजना का जिक्र किया था। यह योजना आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि की महिलाओं को आगे लाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। लखपति दीदी योजना देश में महिलाओं के लिए चलाए जा रहे स्वयं सहायता समूहों से संबंधित है। इन स्वयं सहायता समूहों में बैंकवाली दीदी, आंगनवाड़ी दीदी और दवावाली दीदी शामिल हैं।

## सीएम भजनलाल शर्मा बोले...

उन्होंने कहा कि आईफा का आयोजन राजस्थान को एक वैश्विक फिल्म शूटिंग स्थल, डेस्टिनेशन वेडिंग और लाइव इवेंट्स के लिए प्रमुख केंद्र के रूप में भी स्थापित करेगा। साथ ही, राजस्थान में कॉनसर्ट टूरिज्म के नए आयाम भी खुलेंगे।

**राजस्थान का सड़क, रेल व हवाई मार्ग मजबूत**-मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान सड़क, रेल, और हवाई मार्ग से देश और दुनिया से बेहतरीन तरीके से जुड़ा हुआ है। जयपुर, जोधपुर, किशनगढ़, जैसलमेर, उदयपुर और बीकानेर जैसे शहर भी हवाई मार्ग से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री के राजस्थान पर विशेष स्नेह के कारण यहां से देश के हर कोने के लिए ट्रेनें उपलब्ध हैं। राजस्थान का समृद्ध सड़क तंत्र राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ दूर-दराज के इलाकों तक पहुंच सुनिश्चित करता है।

**बॉलीवुड के कलाकार राजस्थान की संस्कृति के ब्रांड एम्बेसडर**-शर्मा ने कहा कि बॉलीवुड के कलाकार राजस्थान के ब्रांड एम्बेसडर हैं। वे जब राजस्थान की धरती पर आते हैं तब धरती धोरां री और पधारो म्हारे देश की संस्कृति को दुनियाभर में लेकर जाते हैं।यहां की सड़कें न केवल शहरों को जोड़ती हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों तक फिल्म निर्माण की राह आसान बनाती हैं।उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माण को सरल बनाने के लिए राजस्थान सरकार की सिंगल विंडो सुविधा एक वरदान है। यहां ऑनलाइन परमिशन सिस्टम के जरिए सभी क्लीयरेंस 15 दिनों के भीतर जारी हो जाते हैं। वन्य जीवन पर आधारित फिल्में और डॉक्यूमेंट्री बनाने वालों के लिए राजस्थान एक स्वर्ग है। जवाई और झालाना में लेपर्ड की मौजूदगी, रणथंभौर और सरिस्का जैसे प्रोजेक्ट टाइगर रिजर्व जैव-विविधता को दर्शाते हैं। मुख्यमंत्री ने फिल्मजगत के अतिथियों से अनुरोध करते हुए कहा कि राजस्थान में फिल्म बनाना केवल एक प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि एक अनुभव हैजहाँप्रकृति, इतिहास और संस्कृति आपके हर दृश्य को अमर कर देती है। राजस्थान की धरती आपको बुला रही है। उन्होंने आइफा के सफल आयोजन के लिए राजस्थान की 8 करोड़ जनता की ओर से शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजस्थान की मेहमान नवाजी सभी को पसंद आती है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रदेश का पहला ग्रीन बजट इस वर्ष पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जल आवश्यकता की पूर्ति के लिए मध्यप्रदेश और हरियाणा के साथ जल समझौते किए गए हैं। प्रधानमंत्री की पहल पर संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान में राजस्थान पौधारोपण में अग्रणी राज्य रहा। उन्होंने कहा कि आईफा अवार्ड आयोजन से प्रदेश में और अधिक फिल्मों की शूटिंग होंगी साथ ही, पर्यटन का बढ़ावा मिलेगा। इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीतापुरा स्थित रीको परिसर में आईफा गार्डन का उद्घाटन किया तथापौधारोपण भी किया। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, आईफा अवार्ड आयोजन समिति के सब्बास जोसेफ विराफसरकारी एवं आंद्रे टीमिन्ससहित फिल्म जगत के कलाकार उपस्थित रहे।

## राज्य मंत्रीमंडल की बैठक में अनेक निर्णय...

प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग के प्रभारी सचिव की अध्यक्षता में राजस्थान कोचिंग इंस्टीट्यूट्स (कंट्रोल एण्ड रेगुलेशन) अथॉरिटी का गठन किया जाएगा। अथॉरिटी के अधीन प्रत्येक जिले में जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एक जिला समिति का गठन किया जाएगा।

**युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगी राज्य कौशल नीति**-जोगाराम पटेल ने कहा कि मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित राज्य कौशल नीति औद्योगिक क्षेत्रों की मांग के अनुरूप युवाओं को विशेष कौशलों में प्रशिक्षित कर वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगी और राज्य के औद्योगिक विकास में सहायक सिद्ध होगी। इस नीति के माध्यम से आईटीआई को नए युग के उन्नत कौशल केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा। आईटीआई में नए कोर्स, मॉड्यूल और उद्योगों के साथ ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी संभागीय मुख्यालयों में मॉडल कैरियर सेंटर स्थापित कर युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, कैरियर परामर्श, इंटर्नशिप और रोजगार के अवसरों की जानकारी दी जाएगी।

**आधुनिक तकनीक से जोड़कर युवाओं को किया जाएगा प्रशिक्षित**-उन्होंने कहा कि राज्य कौशल नीति के अन्तर्गत ऑटोमेशन, एआई, मशीन लर्निंग, आईओटी, स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग और साइबर सुरक्षा जैसे आधुनिक तकनीक वाले क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर युवाओं को इंडस्ट्री 4.0 के लिए तैयार किया जाएगा। स्थानीय औद्योगिक क्लस्टरों के पास कौशल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे। रिक्रूट, ट्रेन, डेप्लॉय मॉडल के तहत स्थानीय उद्योगों की जरूरतों के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस नीति में अनुभवी श्रमिकों के कौशल प्रमाणीकरण, री-स्किलिंग और अप-स्किलिंग कार्यक्रमों पर विशेष बल दिया जाएगा ताकि श्रमिक बदलते औद्योगिक वातावरण में तालमेल बिठा सकें।

**सॉफ्ट स्किल्स, कम्युनिकेशन और उद्योग-विशिष्ट प्रशिक्षण पर रहेगा फोकस**-पटेल ने कहा कि इस नीति के अन्तर्गत युवाओं को उद्योग की नई आवश्यकताओं के अनुसार उन्नत पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का आधुनिकीकरण कर विशेष कौशल केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसी प्रकार, श्री विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड द्वारा पारम्परिक कारीगरों को बेहतर कौशल और व्यापक बाजार तक पहुंच प्रदान करने के लिए काम किया जायेगा। राजस्थान में फिनिशिंग स्कूलों की स्थापना कर छात्रों को सॉफ्ट स्किल्स, संचार क्षमता और उद्योग-विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। अप्रेंटिसशिप और इंटर्नशिप के लिए भी राज्य सरकार द्वारा विशिष्ट योजना बनाई जाएगी। प्रवासी श्रमिकों के लिए विशेष प्रवासन सहायता केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जो रोजगार, आवास और अन्य आवश्यक सेवाओं में मदद करेंगे।

**राज्य सरकार के सभी कार्यालयों में लागू होगी दिव्यांगजन के लिए समान अवसर नीति** -मंत्रिमण्डल की बैठक में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में दिव्यांगजन के लिए समान अवसर नीति को मंजूरी प्रदान की गई। यह नीति राज्य सरकार के सभी विभागों, कार्यालयों, स्वायत्त संस्थाओं और राज्य सरकार के प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष नियंत्रण में आने वाले सभी संस्थानों में लागू होगी। यह नीति सरकारी कार्यालयों में विशेष योग्यजन के प्रवेश हेतु बाधा मुक्त पहुँच की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। राज्य सरकार के सभी संस्थानों में ऐसी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी जिससे विशेष योग्यजन कार्मिक अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें। इस नीति के अनुसार सरकारी कार्यालयों में भवन, फर्नीचर, साधन-सुविधाओं सहित सभी भौतिक और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजनों की सहूलियत के लिए निर्धारित अभिगम्यता मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाएगा। विशेष योग्यजन कार्मिकों के भर्ती पश्चात और पदोन्नति पूर्व प्रशिक्षण अन्य कार्मिकों के साथ ही कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। इस नीति के प्रावधानों के अनुसार विशेष योग्यजनों को यथासंभव रोटेशनल ट्रांसफर से मुक्त रखा जाएगा। स्थानांतरण अथवा पदोन्नति पर पदस्थापन स्थान तय करते समय विशेष योग्यजन कार्मिकों एवं ऐसे कार्मिकों, जो गंभीर विकलांगता वाले बच्चों के माता-पिता हैं, उनके द्वारा दिए गए वरीयता विकल्पों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रत्येक कार्यालय में विशेष योग्यजनों की शिकायतों के निस्तारण हेतु ग्रीवांस रिड्रेसल ऑफिसर नामित किया जाएगा।

**ग्रेच्युटी का लाभ अब 1 जनवरी, 2024 से देय**-डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने बताया कि राज्य बजट वर्ष 2025-26 की घोषणा को पूरा करते हुए अब राज्य सरकार के कर्मचारियों को केन्द्र सरकार के अनुरूप ही एक जनवरी से बढ़ी हुई ग्रेच्युटी का लाभ देय होगा। इस सम्बन्ध में राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1996 में संशोधन की पूर्व में जारी अधिसूचना अब दिनांक 01 जनवरी 2024 से प्रभावी मानी जाएगी। मंत्रिमंडल के इस निर्णय से जनवरी 2024 से मार्च 2024 के बीच सेवानिवृत्त हुए राज्य कार्मिक लाभान्वित होंगे और राजकोष पर 24 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने पूर्व में ही केन्द्र सरकार के अनुरूप रिटायरमेंट ग्रेच्युटी अथवा डेथ ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख से बढ़ा कर 25 लाख रुपये कर दी है।

**आरवीआरईएस में प्राध्यापक अब कहलाएंगे सहायक आचार्य, सह-आचार्य एवं आचार्य**-डॉ. बैरवा ने कहा कि राजस्थान स्वेच्छया ग्रामीण शिक्षा सेवा नियम, 2010 (आरवीआरईएस) के अंतर्गत नियुक्त शिक्षकों के पदनाम प्राध्यापक के स्थान पर अब सहायक आचार्य, सह-आचार्य एवं आचार्य होंगे। इस निर्णय से राजस्थान स्वेच्छया ग्रामीण शिक्षा सेवा में शिक्षकों के पदनाम यूजीसी रेग्युलेशन, 2010 एवं समान सेवा राजस्थान शिक्षा सेवा (महाविद्यालय शाखा) के अनुरूप हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2007 में समाप्त हो चुके जनशक्ति एवं गजेटियर्स विभाग से जुड़े राजस्थान जिला गजेटियर्स सेवा नियम, 1980 को विलोपित करने का निर्णय भी आज किया गया।

**एचसीएम-रीपा में इलेक्ट्रीशियन एवं असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन का पदनाम परिवर्तन**-उपमुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान अधीनस्थ सेवा (भर्ती और सेवा की अन्य शर्तें) नियम-2001 में संशोधन कर हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर में स्वीकृत पद इलेक्ट्रीशियन का पदनाम इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-1 एवं असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन का पदनाम इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-2 करने और इलेक्ट्रीशियन-कम-प्रोजेक्ट ऑपरेटर का पद विलोपित करने के प्रस्ताव को भी कैबिनेट में मंजूरी दी गई।

**अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन**-संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अक्षय ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के उद्देश्य से सौर ऊर्जा परियोजनाओं को सशर्त भूमि आवंटन की स्वीकृति मंत्रिमंडल द्वारा प्रदान की गई। इसके अन्तर्गत जैसलमेर जिले की पोकरण तहसील के ग्राम नया लूणा कलां में 400 मेगावॉट क्षमता के सोलर प्रोजेक्ट हेतु 77.46 हैक्टेयर भूमि, फलौदी जिले की बाप तहसील के ग्राम नोख में 80 मेगावॉट क्षमता के सोलर पार्क हेतु 158.23 हैक्टेयर भूमि, बीकानेर जिले की छत्तरगढ़ तहसील के ग्राम केलां में 72 मेगावॉट क्षमता के सोलर प्रोजेक्ट हेतु 143.96 हैक्टेयर भूमि, 339 मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट हेतु बीकानेर तहसील के ग्राम कालासर एवं सवाईसर में 181.40 हैक्टेयर और छत्तरगढ़ तहसील के ग्राम केलां में 495.53 हैक्टेयर भूमि सशर्त आवंटित की जाएगी। साथ ही, उदयपुर जिले की भीण्डर तहसील के राजस्व ग्राम खेरोदा में 63.98 हैक्टेयर भूमि 765 के.वी.सब स्टेशन ऋषभदेव की स्थापना के लिए आवंटित की जाएगी।

# गर्मियों में रोज पिएं ये जूस, सेहत के लिए हैं फायदेमंद



**नारियल पानी**

*गर्मियों के मौसम में नारियल पानी पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। नारियल पानी पीने से शरीर को ठंडक मिलती है। साथ ही ये एनर्जी लेवल को बढ़ाता है और थकान को दूर करने में भी मदद करता है। यह गर्मियों में शरीर को कई तरह से लाभ देने का कार्य करता है।*

**गर्मी में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जूस पीना जरूरी है। घर में कोल्ड ड्रिंक्स या पैक्ड जूस पीने की बजाय आप फलों के ताजा जूस पिएं। फ्रेस जूस पीने में बहुत टेस्टी और हेल्दी लगते हैं। गर्मी में ऐसे कई फल आते हैं जिनसे आसानी से जूस तैयार कर सकते हैं। आज हम आपको ऐसे 4 जूस के बारे में बताने वाले है जो कि घर में 5 मिनट बनकर तैयार हो सकते है।**



**तरबूज के जूस**

गर्मियों के मौसम में तरबूज के जूस पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि तरबूज का जूस पीने से शरीर को ठंडक मिलती है। साथ ही ये डिहाइड्रेशन की समस्या को दूर करने में मदद करता है। तरबूज का जूस पीने से गर्मी में लू नहीं लगती है।



**आम जूस**

गर्मियों के मौसम में आम जूस पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। आम जूस का सेवन करने से शरीर और गले को ठंडक मिलती है। साथ ही ये लू से बचाने में मदद करता है। आम जूस पीने से थकान दूर हो जाती है।



**गन्ने का रस**

गर्मियों के मौसम में गन्ने का रस पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। गन्ने के रस की तासीर ठंडी होती है, जो शरीर को ठंडा रखने में मदद करती है। इसलिए गर्मियों के मौसम में रोजाना गन्ने के रस का सेवन जरूर करना चाहिए।

# गर्मियों में सब्जियों के जूस, पीने से शरीर तरोताजा रहता है



***खीरे का जूस***

*गर्मियों में खीरे आसानी से बाजार में मिल जाते हैं। खीरे का जूस ना सिर्फ शरीर को ताजा रखता है बल्कि कई पोषक तत्व भी देता है। खीरे में फोलेट, आयरन, विटामिन के, विटामिन सी, मैग्नीशियम, जिंक और फॉस्फोरस के साथ-साथ कैल्शियम भी होता है। खीरे का जूस पीने पर इम्यूनिटी बूस्ट होती है, पाचन बेहतर होता है, शरीर को जरूरी नमी मिलती है और वजन घटाने में भी सहायता होती है। खीरे के जूस में एक चम्मच नींबू का रस मिलाकर पिया जा सकता है।*

**गर्मियों में धूप सेहत को अत्यधिक प्रभावित करती है। ऐसे में कोशिश यही रहती है कि सेहत को दुरुस्त रखने के लिए खानपान में ऐसे ही फूड्स शामिल किए जाएं जो शरीर को तरोताजा भी रखें और जरूरी पोषक तत्व भी दें यहां ऐसे ही कुछ सब्जियों के जूस की बात की जा रही है जिन्हें गर्मियों में अपने खानपान का हिस्सा बनाया जा सकता है इन सब्जियों का सेवन शरीर को एक नहीं कई फायदे देता है और इनका जूस वजन को कम करने और पाचन को बेहतर बनाने में भी कारगर हो सकता है।**



**कद्दू का जूस**

बहुत से लोग कद्दू का नाम सुनकर नाक सिंकोड़ने लगते हैं, लेकिन कद्दू का जूस सेहत को एक नहीं बल्कि अनेक फायदे देता है। कद्दू के जूस में विटामिन डी, बी1, बी2, बी6, विटामिन सी और विटामिन ई बेहद अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इसमें मैग्नीशियम, कॉपर, फॉस्फोरस और आयरन की भी अच्छी मात्रा होती है। पुदीने के पत्तों और नींबू के साथ मिलाकर कद्दू का जूस बनाकर पीने पर स्वाद भी अच्छा आता है और सेहत भी दुरुस्त रहती है। कद्दू का जूस कब्ज की दिक्क त से छुटकारा दिलाने में भी कारगर हो सकता है।

**चुकुंदर का जूस**

विटामिन, फोलेट, मैग्नीशियम, पौटेशियम और आयरन का अच्छा स्त्रोत चुकुंदर सेहत के लिए कई तरीकों से फायदेमंद होता है। चुकुंदर का जूस गर्मियों



में पीने पर ब्लड प्रेशर की दिक्कत कम होती है, ब्लड फ्लो बेहतर होता है, इम्यूनिटी बढ़ती है और शरीर से टॉक्सिन बाहर निकलते हैं। इस जूस को बनाकर नींबू के रस और ताजा धनिया से गार्निश करके पिएं।

**घीये का जूस**

घीया गर्मियों में खूब पकाकर खाया जाता है। यह कई पोषक तत्वों जैसे विटामिन के, सी और कैल्शियम से भरपूर होता है। घीये का जूस पीने पर ब्लड प्रेशर





कम होने के साथ ही वजन घटाने में भी मदद मिलती है। कब्ज की दिक्कत और स्ट्रेस को कम करने के लिए भी घीये का जूस पिया जा सकता है। घीये के जूस में ताजा खीरा डालकर और नींबू के साथ मिलाकर पी सकते हैं। इसमें पुदीने के पत्ते भी मिलाए जा सकते हैं।

# गन्ने के रस के साथ

## ग्रीस-मोबिल तो नहीं पी रहे आप

**ठेले की मशीन का सारा कचरा ग्लास में, अल्सर और कैंसर का खतरा**

गर्मी के दिनों में एक चीज चौक-चौराहों पर सबसे ज्यादा नजर आती है। वह है- गन्ने के रस का ठेला। तपती दोपहरी में गन्ने के ठंडे रस से गला तर करना भला किसे अच्छा नहीं लगता? 10 रूपए में छोटा, 20 में मीडियम और 30 में बड़ा ग्लास उपलब्ध होता है। लेकिन तन-मन को तरोताजा करने वाला यह रस सेहत को बिगाड़ भी सकता है। इसकी वजह है गन्ने के रस में मिला हुआ ग्रीस, मोबिल और तेल। जिस मशीन से गन्ने का रस निकाला जाता है, उसे चिकना करने के लिए दुकानदार उसमें ग्रीसिंग करते हैं। इसके अलावा मशीन के कई दूसरे पुर्जों में भी तेल और मोबिल डाला जाता है। लेकिन जुगाड़ से बनी मशीनों में गन्ने का रस उसी हिस्से से निकलता है, जहां ग्रीसिंग की गई होती है। ऐसे में दिन भर में मशीन की सारी ग्रीसिंग और तेल-मोबिल ग्लास से होकर ग्राहकों के पेट में चला जाता है।



### छिला हुआ गन्ना धूप और धूल से हो जाता है खराब

गन्ने के रस की ठेलियों पर गन्ना काफी पहले छील कर रख लेते हैं। फिर वह काफी देर तक धूप में पड़ा रहता है। उस पर मक्खियां भी बैठती हैं। लंबे समय तक खुले में रहने के कारण गन्ने के रस का रंग बदलने लगता है। इसमें फर्मेंटेशन होने लगता है। जिसके कारण यह अल्कोहल सा असर करता है। काफी देर का रखा हुए पुराने गन्ने के रस पीने से चक्क र या नींद आ सकती है। ऐसे में जरूरी है कि जिस गन्ने का रस निकाला जा रहा हो, वो साफ और ताजा हो। आप दुकानदार से इसकी मांग कर सकते हैं। इसके अलावा दुकानदार कई बार गन्ने के साथ पुदीने के पत्ते और नींबू को भी मशीन में डालते हैं। ज्यादा रस निकले, इसके लिए दुकानदार बाजार से पिलपिले नींबू लाते हैं। ऐसे नींबू का रस भी सेहत को नुकसान पहुंचाता है।

### जुगाड़ मशीन वाली ठेलियों से बनाएं दूरी

गन्ने का रस निकालने के लिए कई तरह की मशीनें मार्केट में उपलब्ध हैं। लेकिन चौक-चौराहों लगने वाली ठेलियां जुगाड़ से बनाई जाती है। इसमें ठेले पर लगा इंजन पहियों को भी चलाता है और उसी से रस भी निकलता है। ऐसी मशीनों में रस में पेट्रोलियम प्रोडक्ट मिलना लगभग तय होता है। कहीं भी जूस पीने से पहले चेक कर लें कि उसे निकाला कैसे जा रहा है।

### साफ-सफाई से पीएं तो गन्ने के रस के हैं कई फायदे

डॉ. विशाल कुमार बताते हैं कि गन्ने के रस में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, आयरन, पोटेशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। आयरन प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए और पीरियड्स के वक्त काफी फायदेमंद होता है। आयुर्वेद में इसे अमृत बताया गया है। पंचामृत बनाने की पांच चीजों में गन्ने का रस भी शामिल है। यह पेट और पेशाब की जलन में भी काफी फायदेमंद है। अगर गन्ने का ज्यादा फायदा चाहते हैं तो इसके रस की जगह गन्ने को ही चूसें। रस निकालने के दौरान गन्ने के कई पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं।

# उत्साह से मनाया महिला दिवस, मातृशक्ति का किया सम्मान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। मातृशक्ति का स्वागत अभिनंदन किया गया। महिला सशक्तिकरण व महिलाओं की विभिन्न क्षेत्र में उपलब्धि पर प्रकाश डाला गया।



जिला प्रशासन व महिला अधिकारिता के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को जिला स्तरीय कार्य' म बांगड कॉलेज में आयोजित किया गया। उपनिदेशक भागीरथ चौधरी ने बताया कि कार्य' म का आगाज दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक ज्ञानचन्द पारख व विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन महेन्द्र बोहरा, वि' मसिंह भाटी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुकेश चौधरी मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, नरेन्द्र देवड़ा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, राजेश कुमार उपनिदेशक आइसीडीएस, सविता टी डीपीएम राजीविका, डिम्पलकंवर सब-इस्पेक्टर, महेन्द्र राजपुरोहित प्राचार्य बांगड़ महाविद्यालय व विनिता कोका प्राचार्य भंसाली महाविद्यालय रहे। कार्य' म में 21 बालिकाओं का घेवर खिलाकर जन्मोत्सव मनाया तथा उन्हें बेबी किट व खिलौने वितरित किए गए। महिलाओं को पीला ओढ़ना ओढ़ाकर उनका सम्मान किया गया। कार्यकम का परिचय प्रियंका व्यास द्वारा दिया गया। मुख्य अतिथि पारख ने बताया कि प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का आगाज किया जो आज प्रत्येक क्षेत्र में साकार होता दिखाई दे रहा है। बेटियां व महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही है तथा बालिका शिक्षा का प्रतिशत भी बढ़ा है। बोहरा ने कहा कि महिला उत्पीड़न जैसे मामलो में सरकार द्वारा बहुत ही सजगता से निवारण किया जा रहा है। हमें महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढाने का प्रयास करना है। समारोह में पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना के तहत जिलेभर के विभागीय गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर सम्मानित किया गया। सुश्री कनिष्का को प्रथम, तनुश्री को द्वितीय एवं मोंटेसरी स्कूल संस्था को तृतीय रहने पर तथा विभाग में श्रेष्ठ कार्य करने वाले कार्मिक साथिन दमंयति, आशा सहयोगनी मंजु, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनिता शर्मा व सहायिका कमला को सम्मानित किया गया। अंबुजा फाउडेंसन राजस्थान को सीएसआर श्रेणी में, धन्नाराम को पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना में जागरुकता, भतेरीदेवी एएनएम, तारादेवी पूर्व प्रचेता, महिला जन सहयोग वेलफेयर सोसायटी, पुष्पा परिहार, अश्विनी दीपन आदि को सम्मानित किया गया। बांगड महाविद्यालय व भंसाली कन्या महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। खुशबू द्वारा शाबासिया... गीत पर एकल प्रस्तुति दी गई। प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। राजिविका द्वारा जिले के 17 स्वयं सहायता समूहों को जिले में श्रेष्ठ उत्पादों / कार्यों यथा शॉप बैग, मेहंदी, प्राकृतिक गुलाल इत्यादि निर्माण के लिए सम्मानित किया गया। स्वयं सहायता समूहों द्वारा विभिन्न उत्पादो की स्टॉल भी लगाई गई। मंच संचालन मांगीलाल तंवर ने किया। कार्य' म में अशोक चौधरी, अमृत जांगिड़, कविता, नैनीदेवी, राजश्री, देवी बामणिया, दया चारण, दिपिका, इंदु, लक्ष्मी, अजीज, राजसिंह, विक्रम एवं तीन सौ साथिन, सौ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व अन्य लोग उपस्थित रहे।

*नाडोल। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कस्बे के देवीबाई रंगलाल सोनिगरा राजकीय चिकित्सालय में बच्ची के जन्म पर उत्साह से जन्मदिन मनाया गया। डॉ गोपालसिंह चारण के अनुसार गुड़ा नारकान निवासी महिला ने स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। अस्पताल के सभी स्टाफ सदस्यों ने उत्साह के साथ बच्ची का जन्मदिन मनाया। बच्ची को चिकित्सा प्रभारी की कुर्सी पर बैठाकर उसका अभिवादन किया गया।*









***बाली।** विद्या भारती विद्यालय आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक में अतंरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। संस्था प्रधान हीरालाल कुमावत ने कार्य' म में ख्याति प्राप्त महिलाओं की उपलब्धि के बारे में विचार व्यक्त किए। साथ ही सभी महिला आचार्यो व सेविका का अभिनंदन किया। इस अवसर पर आचार्य गुड्डी सुथार, दीपिका परिहार, जसोदा गोस्वामी, कांता राजपुरोहित, भाग्यवंती चारण, चित्रा नागर, निधी राजपुरोहित, दीपिका गोस्वामी, सविता रांगी, रेखा, कमला, सोहनलाल, बाबूसिंह राजपुरोहित, भंवरलाल वर्मा, गजेंद्रकुमार, तगाराम, रमेशकुमार, भंवर मारू, पुष्पेंद्रसिंह, शेषाराम, भरतकुमार आदि मौजूद थे।*




**सुमेरपुर।** भगवान महावीर हॉस्पिटल में शनिवार को विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्त्री, प्रसुति एवं आइवीएफ विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क परामर्श शिविर आयोजित किया गया। हॉस्पिटल के प्रशासनिक विभाग ने बताया कि शिविर के प्रारम्भ में सभी मरीजों के तिलक लगाकर एवं मीठा मुंह करवाकर स्वागत किया गया। साथ ही केक काटकर सभी को महिला दिवस की बधाई दी गई। हॉस्पिटल के प्रशासनिक अधिकारी ने विश्व महिला दिवस की थीम 'हर महिला को सशक्त बनाए, समानता, प्रगति एवं समावेशन' विषय के बारे में प्रकाश डाला। कार्य' म में स्त्री एवं प्रसूति विभाग के नियमित विशेषज्ञ डॉ. दिव्या मित्तल, डॉ. तन्मय माथुर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एसएस राठौड़, अस्पताल के अन्य चिकित्सगण, स्टाफ, मरीज एवं मरीजों के परिजन उपस्थित रहे। उधर जवाई बांध पंचायत में महिला दिवस मनाया गया। कनिष्ठ सहायक जेठाराम मीणा ने बताया कि प्रशासक पुष्पादेवी सीपा एवं पंचायत समिति सदस्य जयनारायण सीपा के सानिध्य में सभा आयोजित की गई। जिसमें महिलाओं व बालिकाओं के स्वास्थ्य, उनके साथ होने वाली हिंसा, महिलाओं के कानून व अधिकारों, बाल विवाह निषेध अधिनियम, हेल्प लाइन नंबर 18 1 के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, महिला स्वयं सहायता समूह की जानकारी देते हुए लाभ बताए। निर्वाचित महिला प्रतिनिधि में नेतृत्व विकास को लेकर उचित प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर वार्डपंच जनूदेवी, भरत बंजारा, मनोहर मीणा, अफसाना बानो, मंजु धवल, सुशीला मीणा, मीना भाटी, हुली मेघवाल, योगिता जीनगर, रूमा सीपा आदि मौजूद रहे। इसी तरह विद्या भारती पब्लिक स्कूल सुमेरपुर में एबीवीपी की जिला संयोजक तारा रामीणा और अधिवक्ता भावना शर्मा के आतिथ्य में महिला दिवस मनाया गया। संस्था प्रधान पुष्पकंवर राजपुरोहित ने बताया कि छात्राओं ने विभिन्न क्षेत्रों में परचम लहराने वाली नारी शक्ति का रूप धारण कर उनकी उपलब्धि के बारे में बताया। छात्राओं ने डॉक्टर, वकील, लक्ष्मीबाई, ि केटर, शबरी, रानी पद्मावती, पूर्व पीएम इंदिरा गांधी, मदर टेरेसा, जीजाबाई, द्रौपदी मुर्मू, भारत माता इत्यादि की वेशभूषा धारण कर उनके चरित्र के बारे में बताया। छात्राओं ने विभिन्न नृत्य एवं नारी शक्ति पर कविताएं भी प्रस्तुत की। अधिवक्ता भावना शर्मा ने महिलाओं के अधिकारों के बारे में छात्राओं को विशेष जानकारी दी तथा एबीवीपी जिला संयोजक रामीणा ने भी छात्राओं को जीवन में हीन भावना त्याग कर निडर होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।उधर स्थानीय विद्यालय वंदना बाल निकेतन स्कूल सुमेरपुर में संस्था सचिव जेठाराम कुमावत के सानिध्य में महिला दिवस मनाया गया। छात्रा आस्था कुमावत को एक दिन के लिए संस्था प्रधान बनाया गया। अध्यापिका शिल्पा ने कुमावत का साफा पहनाकर सम्मान किया। सभी शिक्षण कार्य आस्था द्वारा करवाए गए। संस्था प्रधान भगवतीकंवर ने विद्यार्थियों को बताया कि नारी है तो कल है। देश का भविष्य उज्जवल है। देश का भविष्य उज्जवल बनाना है तो नारियों का सम्मान जरूरी है। इसलिए हमें छात्र-छात्रा में भेदभाव नहीं करना चाहिए। ऐसा कोई कार्य नहीं है जो छात्रा नहीं कर सकती है नारि इस धरती की वो अपार सकती है जिसके बिना इस धरती का विनाश हैं। जहा नारियों को सम्मान मिलता वहां देवता निवास करते है। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ पूजा कुमावत, करीनाकंवर, सोहन कुमावत, फारुख रंगरेज, सूरज कुमावत, कुणाल आदि मौजूद रहे।











## सड़क मरम्मत कार्यों को मिली हरी झंडी, वर्क ऑर्डर जारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा घोषित बजट 2024-25 के अंतर्गत प्रत्येक नगरपालिका क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत हेतु एक करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण योजना के तहत स्थानीय नगरपालिका क्षेत्र में आठ प्रमुख सड़कों के निर्माण और मरम्मत कार्य को मंजूरी दी गई है, जिसकी वर्तमान स्थिति के अनुसार सभी कार्यों के टेंडर और वर्क ऑर्डर जारी किए जा चुके हैं। विकास प्राधिकरण के अनुसार इस योजना के अंतर्गत पहले चरण में कुल 100 लाख की अनुमानित लागत से आठ महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। इन कार्यों में सर्वाधिक लागत 22.07 लाख रुपए के साथ कुबेर ज्वेलर्स से डेंटल हॉस्पिटल एवं जान मोहम्मद के प्लॉट से सायर कंवर के मकान की ओर सीसी सड़क निर्माण कार्य को स्वीकृति मिली है। स्वीकृत कार्यों की सूची में मैन रोड से देवजी कुम्हार के घर तक सीसी सड़क निर्माण (15.39 लाख), पारससिंह के मकान से मामताराम नाई के मकान की ओर सीसी सड़क निर्माण (13.87 लाख), मोतीलाल से कुन्दनलाल रावल तक सीसी सड़क निर्माण (13.65 लाख) एवं पूनाराम पुत्र खुमाराम सुथार के मकान से पुखराज पुत्र मालाजी सुथार के मकान तक सीसी सड़क मरम्मत (12.90 लाख) जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त रामदेव गली के सामने स्थित ब्रह्माकुमारी वाली सीसी सड़क निर्माण (9.02 लाख), सुथारों की गली के सामने स्थित मोंटूसिंह के मकान वाली गली में सीसी सड़क निर्माण (8.38 लाख) तथा रामदेव के मकान से तगाराम के मकान की ओर सीसी सड़क निर्माण कार्य (4.72 लाख) भी इस योजना में सम्मिलित किए गए हैं। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि इन सड़क निर्माण कार्यों से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी और क्षेत्र का समग्र विकास संभव हो पाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएंगे और निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

### जनप्रतिनिधियों ने पहल का किया स्वागत

स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस पहल का स्वागत किया है और आशा व्यक्त की है कि यह कार्य समय पर पूरा होकर क्षेत्रवासियों को लाभान्वित करेगा। एक वर्ष की बजट घोषणा की कार्यों के धरातल पर इतनी जल्दी स्वीकृति पर तखतगढ नगरपालिका अध्यक्ष ललित रांकावत, उपाध्यक्ष एवं मनोज नामा, देवाराम चौधरी, गणपत सोमपुरा, दिनेश कुमावत, रमेश राठौड़, चंदन गांधी, जितेन्द्र चांदोरा, दिनेश रामीणा, मुकेशकुमार, राजेश कुमावत, पार्षदों, जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री और मंत्री जोराराम कुमावत का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सुरक्षा को धत्ता, तीसरी आंख में 'मोतियाबिंद'

**सुरक्षा के लिहाज से लगाए सीसीटीवी कैमरे बंद**

**भामाशाहों के सहयोग से दस लाख की लागत से लगाए थे 28 कैमरे**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** कस्बे में अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने व सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर भामाशाहों के सहयोग से लाखों की लागत से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे खराब होने से लगाने का उद्देश्य सार्थक नहीं हो रहा है। कस्बे में सीसीटीवी कैमरों की आवश्यकता महसूस होने पर बिरामी गांव के दिवंगत दिलीपसिंह करणोत एवं निंबेश्वर ट्रस्ट कमेटी व कस्बे के भामाशाह परिवार की ओर से संयुक्त रूप से दस लाख रुपए की लागत से 28 सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे। हाई • लिटी के ये कैमरे लंबे समय तक ठीक ढंग से काम करते रहे। कुछ वारदातों में इन कैमरों की मदद से पुलिस ने अहम खुलासे भी किए।

लेकिन करीब दो सालों से वायरिंग और सॉफ्टवेयर में आई तकनीकी खराबी के कारण ये कैमरे बंद हो गए। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से इन तीसरी आंख की रिपेयरिंग नहीं करवाने से दिन प्रतिदिन होने वाली आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम व वारदातों के खुलासे में समस्या उठानी पड़ रही है। तत्कालीन थानाधिकारी धोलाराम परिहार की ओर से वर्ष 2019 में भामाशाहों के सहयोग से कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था के लिए मुख्य बाजार सहित महत्वपूर्ण स्थानों पर लगावाए गए सीसीटीवी कैमरे वर्ष 2022 तक तो ठीक काम करते रहे। लेकिन बाद में कीसी तकनीकी खराबी से सभी सीसीटीवी कैमरे बंद हो गए जो आज भी बंद ही पड़े है।

**दुरुस्त करवाने चाहिए कैमरे**

सुरक्षा के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े होने से इन्हें लगाए जाने का उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है। पुलिस प्रशासन व ग्राम पंचायत पिछले दो सालों से इन्हें दुरुस्त नहीं करवा पाई है। दिन ब दिन अपराधिक घटनाओं में बढोतरी हो रही है। ऐसे में सुरक्षा के लिहाज से इन कैमरों को तत्काल दुरुस्त करवाया जाना चाहिए।

***जयदेवसिंह राणावत***
*अध्यक्ष, मारवाड़-गोडवाड़ जन कल्याण सेवा समिति*

**भामाशाहों से कर रहे है संपर्क**

कस्बे में अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को अतिशीघ्र शुरू करवाने के लिए भामाशाहों से संपर्क किया जा रहा है। सीएलजी बैठक में भी बंद कैमरों को शुरू करवाने के लिए अपील की है।

***गीतासिंह चौधरी***
*थानाधिकारी-सांडेराव*



## उज्जवल भविष्य की कामना के साथ दी विदाई



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नारलाई।** आईमाता स्कूल में कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह का शुभारंभ मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथि अशोक पोरवाल, सुरजीतसिंह राव, विशाल दवे सहित विदाई ले रहे छात्र/छात्राओं का माल्यार्पण किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। संस्था प्रधान प्रकाश सोलंकी ने आभार ज्ञापित किया। उद्बोधन भाषण के साथ कार्य' म की समाप्ति की गई । इस मौके पर रुक्मणि देवी, राधिकाकुमारी, इंदिराकुमारी भी मौजूद थे।

## अच्छा जीवन जीने को गुस्से का करें त्याग : हीरापुरी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** संत मनसुख हीरापुरी महाराज ने कहा कि अपने अंदर जो प्रकाश है उसे जागरूक करें। जो परमतत्व विद्यमान है उसे अपने कार्यों के माध्यम से जीवन में अभिव्यक्त करें। वे शनिवार को हरीओम आश्रम रामनगर में धर्मसभा में प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मानव जीवन प्राप्त होना एक दुर्लभ उपलब्धि है। इसके माध्यम से परमतत्व में विलीन होने का सर्वोच्च लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अच्छा जीवन जीना है तो गुस्से का त्याग करो और प्रेम से रहो। जीवन में धर्म कैसे अपनाएं और इसे कैसे जिया जाए, इस पर भी उन्होंने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान सोनाराम कुमावत, मदनसिंह गुड़िया, रूघाराम, छगनभाई, कैलाश मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



# बाड़मेर : दो दिवसीय थार महोत्सव की शुरुआत 11 से

- सिंगर अमित मिश्रा-नीरज श्रीधर बिखरेंगे अपनी आवाज का जादू

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**बाड़मेर।** बाड़मेर में दो दिवसीय थार महोत्सव की शुरुआत 11 मार्च से होगी। प्रोग्राम की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर टीना डाबी लगातार मीटिंग कर रही है। 11 मार्च की रात को सिंगर अमित मिश्रा आदर्श स्टेडियम में परफॉर्म करेंगे। वहीं 12 मार्च को इंडियन प्ले बैक सिंगर और कम्पोजर नीरज श्रीधर और इंडियन आइडल 14 के रनरअप रहे पीयूष पंवार अपनी आवाज का जादू बिखरेंगे। जिला कलेक्टर टीना डाबी ने कहा- 11 मार्च को सुबह शहर में निकलने वाली शोभायात्रा की समीक्षा करते हुए इसमें ज्यादा से ज्यादा स्थानीय लोगों को शामिल करने के लिए आमंत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसकी व्यापक तैयारियों के लिए 10 मार्च को ड्राई रन के भी निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सबसे पहले रूट का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने उद्घाटन समारोह व इस दिन होने वाले बॉस्केटबॉल मैच को सही समय पर करवाने के निर्देश दिए। पहले दिन गायक अमित मिश्रा की सेलिब्रिटी प्रस्तुति होगी। जिला कलेक्टर ने 12 मार्च को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने थार मैराथन के लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों और खेल विभाग के अधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दिन आयोजित होने वाली पारंपरिक प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली, मेंहदी, रूमाल झपट्टा व जायका राजस्थान के लिए भी अधिकारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हुए बेहतर कार्यक्रम करवाने के निर्देश दिए।

### अलग-अलग अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

इसी तरह कलाकारों को भुगतान करने के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अपर जिला कलेक्टर, आदर्श स्टेडियम में टेंट, लाइट, माइक एवं फर्नीचर की व्यवस्था के लिए आयुक्त नगर परिषद, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता, डिस्कॉम अधीक्षण अभियंता, वित्त आयोजन समिति में मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अपर जिला कलेक्टर, सांस्कृतिक समिति में अपर कलेक्टर बाड़मेर, उपखंड अधिकारी सेड़वा, उपखंड अधिकारी चौहटन, पेयजल एवं अल्पाहार समिति में आयुक्त नगर परिषद, जिला रसद अधिकारी, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता, वाहनों एवं बसों की व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारी पूल शाखा, उपखंड अधिकारी धोरीमन्ना को बनाया। वहीं आदर्श स्टेडियम में मंच, ग्रीन रूम, माइक, लाइट, टेंट एवं फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी के लिए आयुक्त नगर परिषद एवं अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग, कलाकारों की ओर से कार्यक्रम प्रस्तुतिकरण करवाने के लिए उपखंड अधिकारी सेड़वा एवं पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक को प्रभारी अधिकारी बनाया गया।

### प्रभारी अधिकारी एवं सह संयोजक नियुक्त

जिला कलेक्टर टीना डाबी ने प्रभारी अधिकारी एवं सह संयोजक नियुक्त किए। थार महोत्सव के ऑवर ऑल इंचार्ज, नोडल अधिकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार एवं सह नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत को बनाया। इस दौरान कानून व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक बाड़मेर, प्रोटोकॉल ऑफिसर उपखंड मजिस्ट्रेट बाड़मेर एवं शिव, निमंत्रण पत्र व बैनर्स इत्यादि के मुद्रण के लिए कोषाधिकारी, प्रचार-प्रसार व पेम्पलेटस वितरण के लिए उपखंड अधिकारी बाड़मेर एवं गुड़ामालानी, कलाकारों को आमंत्रित करने, उनके चयन एवं परिणामों की समुचित व्यवस्था के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अपर जिला कलेक्टर बाड़मेर एवं उपखंड अधिकारी शिव, जिला मुख्यालय पर कलाकारों के आवास, भोजन की समुचित व्यवस्था के लिए उपखंड अधिकारी सेड़वा एवं जिला रसद अधिकारी बाड़मेर को प्रभारी अधिकारी बनाया।

# 15 साल की नाबालिग लड़की से बस में दुष्कर्म

▶▶ लड़के को जयपुर से किया डिटेन



**जोधपुर।** जोधपुर में 15 साल की नाबालिग से रेप का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़िता से बस में रेप किया। पुलिस ने पीड़िता आरोपी दोनों को जयपुर से पकड़ा। आरोपी लड़का भी नाबालिग है। बस को भी जब्त किया गया है। एसीपी मंगलेश चुंडावत ने बताया- ईस्ट के थाना क्षेत्र की रहने वाली 15 साल की नाबालिग दो दिन पहले सुबह पांच बजे घर से निकली थी। परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर उसे जयपुर से पकड़कर जोधपुर लेकर आए। वहीं लड़के को भी जयपुर से डिटेन किया गया। पूछताछ में नाबालिग ने बताया- वह घर से निकलने के बाद अपने परिचित लड़के के साथ बीकानेर जाने के लिए बस में गई थी। रास्ते में लड़के ने पावटा क्षेत्र के आस-पास उसके साथ बस में रेप किया। उसके बाद वहां से जयपुर चली गई। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया है। आरोपी लड़के का स्कूली रिकॉर्ड खंगाला जाएगा।

# सोशल-मीडिया के छह इंफ्लूएंसरों के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▶▶ प्रतिबंधित गेम का प्रमोशन करने का आरोप



**बाड़मेर।** सोशल मीडिया पर प्रतिबंधित जुआ गेमिंग एप्लिकेशन के प्रमोशन करने की शिकायत पर छह सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के खिलाफ बाड़मेर साइबर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज हुई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की ओर से डिजिटल गेमिंग प्रमोशन एप्लिकेशन वाली कंपनियों के माध्यम से फर्जी गेमिंग के वीडियो चलाकर झूठे झांसे दे रहे हैं। जम्मू कश्मीर स्थित बैंकों में पैसा ट्रांसफर होता है। संदेह है कि इन पैसों का उपयोग देश विरोधी एक्टिविटी में लिया जा रहा है। साइबर थाने के इंचार्ज हनुवंत सिंह ने बताया- परिवादी की रिपोर्ट पर शिकायत दर्ज की गई है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, बाड़मेर शहर के नेहरू नगर निवासी बाबूलाल पुत्र धर्माराम चौधरी ने सोशल मीडिया पर प्रतिबंधित जुआ गेमिंग एप्लिकेशन का प्रमोशन करने वाले सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के खिलाफ साइबर फ्रॉड की शिकायत सात मार्च को दर्ज करवाई है।

### देश विरोधी गतिविधि में रुपए उपयोग होने की आंशका

इन गेमिंग एप में लगाए जाने वाला पैसा जम्मू कश्मीर स्थित बैंकों में ट्रांसफर होता है। इनका उपयोग देश विरोधी गतिविधियों में लिए जाने का पूर्ण संदेह है। इन गेम एप्लिकेशन में लिए गए पैसे अलग-अलग राज्यों के अलग-अलग लोगों के नाम से खोले गए खातों में जमा होता है।

अलग-अलग खातों में रुपए जमा होने के कारण बैंक को भी कोई संदेह नहीं होता है। उसने रिपोर्ट में बताया कि यह लोग कंपनी में प्रतिदिन आठ से 10 लाख रुपए का फ्रॉड करके पैसे जमा करते थे।

# खेत में बने मकान में छिपाए 27.9 किलो डोडा-पोस्त जब्त

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की चौहटन पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 27 किलो डोडा-पोस्त बरामद किए है। पुलिस की भनक लगने पर आरोपी मौके से भागने में सफल हो गया। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार- सूचना मिली थी कि उपरला गांव में अवैध डोडा-पोस्त की सप्लाई घर से हो रही है। इस पर चौहटन थानाधिकारी मय पुलिस जाब्ते ने गांव निवासी प्रकाश पुत्र मानाराम के घर पर दबिश दी। खेत में बने मकान में प्लास्टिक कट्टों में डोडा-पोस्त छुपाए हुए थे। पुलिस ने जब्त कर माप-तौल करने के बाद 27 किलो 914 ग्राम डोडा-पोस्त जब्त किए। पुलिस कार्रवाई के दौरान भनक लगने से आरोपी पहले से ही मौका से फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है। चौहटन थानाधिकारी राजुराम बामणिया ने बताया- आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत थाने में मामला दर्ज किया है। वहीं आरोपी की लगातार तलाश की जा रही है। वहीं पूरे मामले की जांच धनाऊ पुलिस को दी गई है। कार्रवाई में कॉन्स्टेबल रमेश कुमार, भुराराम, हडवंताराम, जगदीश, श्रवण कुमार और महिला कॉन्स्टेबल जेठी शामिल रही।

# कलेक्टर टीना डाबी को स्कूली बच्चियों ने दिए कार्ड- गिफ्ट



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

- महिला दिवस पर मैराथन में लगाई दौड़,
- मेडल-स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**बाड़मेर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बाड़मेर शहर में 'बेटियां भागे सबसे आगे' थीम पर पांच किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इसे जिला कलेक्टर टीना डाबी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसमें क्लास छह से आठ तक की गर्ल्स ने हिस्सा लिया। यह दौड़ बाड़मेर शहर के सर्किट हाउस मल्लिनाथ सर्किल से शुरू हुई। जो कलेक्ट्रेट से वापस सर्किट हाउस तक पहुंची। टीना डाबी ने बच्चियों से बात की और बच्चियों ने महिला दिवस पर कलेक्टर को ग्रीटिंग कार्ड व पेंटिंग्स भेंट की। दरअसल, महिला दिवस पर बाड़मेर सहित पूरे प्रदेश में अलग-अलग प्रोग्रामों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में शनिवार को मल्लिनाथ सर्किल पर शनिवार की सुबह बच्चियों की मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ को हरी झंडी जिला कलेक्टर ने दिखाकर गो की आवाज दी। स्कूली बच्चियों ने पांच किलोमीटर की मैराथन में दौड़ हिस्सा लिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में हाईकोर्ट के जज भी बैठ रहे

▶▶ मामलों के निपटारों को लेकर नौ बेंच का गठन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश और राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस चंद्रशेखर ने कहा कि लोक अदालत का सार – ना किसी की जीत, ना किसी की हार। इसी लक्ष्य को लेकर शुरू की गई मुहीम है राष्ट्रीय लोक अदालत। इसके माध्यम से प्रकरणों के त्वरित व न्यायसंगत निपटारा हो सके, इसके लिए हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश स्वयं भी लोक अदालत में बैठ रहे हैं। ये हमारी निष्ठा व प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने शनिवार सुबह राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ करने के बाद ये बात कही। इससे पहले जस्टिस चंद्रशेखर के साथ जस्टिस दिनेश मेहता सहित अन्य न्यायाधीशों ने दीप प्रज्वलित किया।

### नौ बेंचों का गठन, इनमें सात लंबित प्रकरणों के लिए

इस वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत नौ बेंच गठित की गई है और इनमें सात लंबित प्रकरणों के निपटारे के लिए रहेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर महानगर के सचिव पुखराज गहलोत ने बताया कि इस लोक अदालत के लिए एक मार्च तक न्यायालयों में राजीनामा योग्य लंबित 9975 प्रकरणों तथा प्रि-लिटिगेशन के 32697 प्रकरणों को चिह्नित किया गया है। गठित बेंच में से सात लंबित प्रकरणों के लिए गठित की गई हैं, इनमें एमएसीटी एवं श्रम व औद्योगिक न्यायालयों से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए गठित की गई है।

### पारिवारिक और वाणिज्यिक निपटारे भी होंगे

इसी तरह, पारिवारिक एवं वाणिज्यिक न्यायालयों से संबंधित प्रकरणों के लिए वरुण तलवार, पीठासीन अधिकारी, पारिवारिक न्यायालय संख्या-2, जोधपुर महानगर की अध्यक्षता में एक बेंच बनाई गई है। वहीं, दो बेंच अन्य मामलों के लिए गठित की गई हैं, जिनमें राजस्व न्यायालयों से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए सिद्धेश्वर पुरी, सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश संवर्ग को न्यायिक अधिकारी सदस्य एवं जवाहर चौधरी, एडीएम प्रथम जोधपुर को राजस्व अधिकारी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

### ▶▶ ऐसे मामलों का होगा निपटारा

राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न तरह के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निपटारा किया जाएगा जैसे फौजदारी मामले (राजीनामा योग्य), धारा 138 परक्राम्य विलेख अधिनियम से संबंधित मामले, धन वसूली, एमएसीटी, श्रम विवाद, कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, बिजली-पानी बिल विवाद (अशमनीय को छोड़कर), पारिवारिक विवाद (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण, सर्विस मैटर्स (पदोन्नति एवं वरिष्ठता विवाद को छोड़कर), राजस्व मामले, वाणिज्यिक विवाद, बैंकिंग विवाद, सहकारिता, परिवहन, स्थानीय निकाय, रियल एस्टेट, रेलवे क्लेम्स, आयकर, अन्य कर, उपभोक्ता विवाद, किरायेदारी, बंटवारा, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा, क्षतिपूर्ति एवं विनिर्दिष्ट पालना संबंधी विवाद।

# कैंसर से जंग जीतकर मिसाल बनी महिला कॉन्स्टेबल

▶▶ पुलिसकर्मी सुनीता बोलीं- 'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत'



**जैसलमेर।** कैंसर होने पर जीवन से हारने लगी। सिर के बाल उडने पर खुद को अधूरा मानने लगी। जिंदगी से टूट गई। उस समय संगीत ने जीवन में नई उमंग भरी। बीमारी से ध्यान हटकर संगीत के सुरों पर ध्यान रहने लगा। आखिरकार कैंसर को हरा दिया। सुनीता का कहना है- मन के हारे हार है और मन के जीते जीत। बाड़मेर जिले के बायतु भोपजी गांव की रहने वाली सुनीता चौधरी बचपन से पुलिस की वर्दी का बड़ा शौक था। पुलिस भर्ती के लिए परीक्षा दी। साल 2011 में राजस्थान पुलिस में उसका सिलेक्शन हो गया। समाज की सुरक्षा का अपना जिम्मा निभाने के साथ-साथ गीत-संगीत के माध्यम से लोकतंत्र की मजबूती, सड़क सुरक्षा और स्वच्छता अभियान में भागीदारी भी दी। सुनीता के घर में रखे इनाम उनकी कहानी बयां करते हैं। सुनीता चौधरी ने बताया कि पुलिस भर्ती के दो साल बाद ही कैंसर हो गया। 2013 में पेट में दर्द होने पर जोधपुर जाकर जांच करवाने पर बीमारी का पता चला। उस समय पिता और भाई ने बहुत मोटीवेट किया और कहा कि तुम तो पुलिस वाली हो तुमको कैसा डर। इसके बाद कैंसर से जंग लड़ने में जुट गई। सुनीता ने बताया कि उसके लंबे-लंबे बाल थे। मगर कैंसर के इलाज में होने वाली कीमोथैरेपी में उसके बाल उड़ गए। वह उदास रहने लगी। उसे लगता कि महिला होने के बावजूद उसके सिर के बाल नहीं है। इस दौरान परिवार और साथी पुलिसकर्मियों ने साथ दिया। कैंसर की जंग जीतने में सुनीता चौधरी का सबसे ज्यादा साथ संगीत ने दिया। जब वह डिप्रेशन में घिरी थी। तब उनके गुरु रजनीकांत शर्मा (बाड़मेर) ने उन्हें सलाह दी कि वह संगीत की साधना शुरू करें। उसने हारमोनियम बजाना और गाना शुरू किया। धीरे धीरे सुनीता बढ़िया गाने लगी। अब उसका ध्यान कैंसर बीमारी से हट कर संगीत के सुरों में रमने लगा।

## व्यापार जगत

# 'मालिक' ने बेच दिए नौ लाख शेयर, 70% टूटा चुका स्टॉक



**नई दिल्ली।** जेनसोल इंजीनियरिंग के शेयरों का बुरा हाल है। अब कंपनी से जुड़ी एक और बड़ी खबर सामने आई है। कंपनी के प्रमोटर्स ने 2.37 प्रतिशत हिस्सेदारी को बेच दिया। इसकी जानकारी एक्सचेंज के साथ शुक्रवार को साझा की गई। बता दें, बीते आठ महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 70 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिलेगी। फंड जुटाने पर कंपनी का ध्यान एक और जानकारी देते हुए कंपनी ने बताया कि वो स्टॉक स्प्लिट और फंड जुटाने के विकल्प पर भी विचार कर रहे हैं। इसके लिए कंपनी की बोर्ड मीटिंग 13 मार्च को बुलाई गई है। इसी में इसका फैसला होगा। बता दें, इससे पहले गुरुवार को कंपनी ने बताया था कि उनके सीएफओ अंकित जैन ने इस्तीफा दे दिया है। अब उनकी जगह जबरिमेहदी लेंगे।

### 716 करोड़ रुपए का लोन डिफोल्त घोषित

- एक्सचेंज को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि प्रमोटर्स ने 2.37 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची है। यानी उन्होंने कुल नौ लाख शेयरों की बिक्री की है। इस पैसा का उपयोग कंपनी में निवेश के लिए और लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए किया जाएगा। बता दें, इस बिक्री के बाद अब कंपनी में प्रमोटर्स की कुल हिस्सेदारी 59.70 प्रतिशत रह गई है। फरवरी के महीने में कंपनी के शेयरों में गिरावट शुरू हुई। जब ज्यादातर क्रेडिट एजेंसी जैसे केयर और इक्रा रेटिंग को घटाना शुरू किया। कंपनी को झटका तब लगा जब केयर रेटिंग लिमिटेड ने 716 करोड़ रुपए के लोन को डिफाल्ट घोषित कर दिया। यह सोलर कंपनी कर्ज से जूझ रही है। पिछले दिनों इरेडा के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया था कि जेनसोल के लोन नॉन परफॉर्मिंग नहीं हुए हैं। शुक्रवार को कंपनी के शेयरों का भाव बाजार के बंद होने के समय पर 4.22 प्रतिशत की गिरावट के बाद 321.20 रुपए पर था। 2023 में कंपनी ने एक शेयर पर दो शेयर और 2021 में कंपनी ने तीन शेयर पर एक शेयर बोनस दिया था।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र कार्डधारकों को लॉयल्टी रिवॉर्ड

- कैप्टिव कॉमर्स लॉयल्टी सॉल्यूशंस और बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने की साझेदारी

**मुंबई।** कैप्टिव कॉमर्स लॉयल्टी सॉल्यूशंस में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनी कस्टमर कैपिटल और बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने साझेदारी में एक विशेष ट्रैवल प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की घोषणा की है। यह प्लेटफॉर्म बैंक ऑफ महाराष्ट्र कार्डधारकों के लिए एक अनोखा लॉयल्टी रिवॉर्ड होगा। इस साझेदारी का उद्देश्य कार्डधारकों को अतिरिक्त मूल्य प्रदान करना है और उन्हें बैंक ऑफ महाराष्ट्र की वेबसाइट व मोबाइल ऐप के माध्यम से एक सरल और लाभदायक ट्रैवल बुकिंग अनुभव देना है। कस्टमर कैपिटल ने 'ट्रिपस्टैक' नामक एक व्हाइट-लेबल ट्रैवल प्लेटफॉर्म विकसित किया है, जो बैंकों को अपने ग्राहकों के लिए व्यक्तिगत और अनुकूलित अनुभव प्रदान करने में सक्षम बनाएगा। यह प्लेटफॉर्म ग्राहकों की यात्रा और उससे जुड़े खर्चों (टीएंडई) के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेगा, जो पारंपरिक प्रमोशनल साझेदारियों में संभव नहीं हो पाता। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्डधारक इस नए ट्रैवल पोर्टल के माध्यम से होटल और टिकट बुकिंग कर सकेंगे, जिसे बैंक की वेबसाइट और ऐप के जरिए एक्सेस किया जा सकेगा। कस्टमर कैपिटल के सीईओ और सह-संस्थापक, गोविंद संधू ने इस साझेदारी पर कहा, "हमें बैंक ऑफ महाराष्ट्र के लिए अपने कैप्टिव ट्रैवल प्लेटफॉर्म 'ट्रिपस्टैक' को लॉन्च करते हुए बेहद खुशी हो रही है। यह साझेदारी एक अनोखा मॉडल पेश करती है, जो बैंक को कई स्तरों पर लाभ पहुंचाएगी। ग्राहकों के लिए कस्टमाइज समाधान और बेहतर सेवाएं उपलब्ध होंगी, उपयोगकर्ताओं की भागीदारी और सक्रियता बढ़ेगी।

# 424 तक जाएगा अडानी विल्मर शेयर



**मुंबई।** गौतम अडानी समूह की कई ऐसी कंपनियां हैं जिसके शेयर पिछले कुछ दिनों से सुस्त पड़े हैं। ऐसा ही एक शेयर अडानी विल्मर का है। 2025 में अब तक शेयर में 20 प्रतिशत से ज्यादा गिरावट आई है। वर्तमान में शेयर की कीमत 260 रुपए के करीब है। हालांकि, एक्सपर्ट इसको लेकर बुलिश नजर आ रहे हैं। दरअसल, नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने अडानी विल्मर लिमिटेड पर अपनी 'खरीदें' रेटिंग बरकरार रखी है और शेयर पर 12 महीने का टारगेट प्राइस 424 रुपए रखा है, जो मौजूदा शेयर मूल्य से 60 प्रतिशत ज्यादा उछाल के संकेत देता है। नुवामा ने कहा कि अडानी विल्मर की पूरे भारत में, विशेष रूप से उत्तर भारत में उपस्थिति है और जीडी फूड्स मैन्युफैक्चरिंग के अधिग्रहण के बाद कंपनी अपनी वितरण क्षमताओं का और अधिक लाभ उठा सकेगी तथा परिचालन बढ़ा सकेगी। हाल ही में अडानी विल्मर लिमिटेड ने टॉप्स ब्रांड का संचालन करने वाली कंपनी जीडी फूड्स मैन्युफैक्चरिंग का अधिग्रहण करने का ऐलान किया। फॉर्च्यून ब्रांड के तहत खाद्य तेल और अन्य खाद्य उत्पादों की बिक्री करने वाली अडानी विल्मर ने बताया कि यह अधिग्रहण कई किस्तों में पूरा किया जाएगा। इसमें 80 प्रतिशत शेयर पहली किस्त में जबकि शेष 20 प्रतिशत शेयर अगले तीन साल में हासिल किए जाएंगे। वर्ष 1984 में स्थापित जीडी फूड्स के स्वामित्व वाला ब्रांड 'टॉप्स' पिछले 40 साल में उत्तर भारत में एक घरेलू ब्रांड के रूप में स्थापित रहा है। इस कंपनी की बिक्री मुख्य रूप से उत्तर भारत के सात राज्यों में केंद्रित है जिसकी खुदरा उपस्थिति 1,50,000 से अधिक दुकानों में है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में अडानी विल्मर का नेट प्रॉफिट दोगुने से अधिक होकर 410.93 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 200.89 करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज किया था।

# एसबीआई 'हर घर लखपति स्कीम' से तैयार होगा बड़ा फंड

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक यानी एसबीआई 'हर घर लखपति' का नाम से एक रिकरिंग डिपॉजिट (आरडी) स्कीम चला रहा है। इस स्कीम के तहत आप हर महीने छोटी-छोटी रकम जमा कर अपने अकाउंट में एक लाख रुपए या उससे अधिक जमा कर सकेंगे। इसमें सामान्य नागरिकों को अधिकतम 6.75% और वरिष्ठ नागरिकों (सीनियर सिटीजन) को अधिकतम 7.25% सालाना ब्याज दिया जा रहा है। रिकरिंग डिपॉजिट या आरडी बड़ी बचत में आपकी मदद कर सकती है। आप इसका इस्तेमालस गुल्लक की तरह कर सकते हैं। मतलब आप इसमें हर महीने सैलरी आने पर एक निश्चित रकम डालते रहें और इसके मैच्योर होने पर आपके हाथ में बड़ी रकम होगी। हर घर लखपति का मैच्योरिटी पीरियड आमतौर पर तीन साल से 10 साल तक रहता है। यानी आप तीन साल से 10 साल तक के लिए निवेश कर सकते हैं। कोई भी भारतीय नागरिक इस स्कीम में निवेश कर सकता है। व्यक्ति इसमें अकेले या जॉइंट अकाउंट खोल सकते हैं। वहीं माता-पिता अपने बच्चे (10 साल से अधिक उम्र का और स्पष्ट हस्ताक्षर करने में सक्षम) के साथ खाता खोल सकते हैं। रिकरिंग डिपॉजिट से होने वाली ब्याज आय अगर 40 हजार रुपए (सीनियर सिटीजन के मामले में 50 हजार रुपए) तक है तो इस पर आपको कोई टैक्स नहीं देना होता। इससे ज्यादा आय होने पर 10% टीडीएस काटा जाता है। अगर आपकी आरडी से सालाना ब्याज आय 40 हजार रुपए से अधिक है, लेकिन आपकी कुल सालाना आय उस सीमा तक नहीं है, जहां उस पर टैक्स लगे तो बैंक टीडीएस नहीं काटता है।

# इस हफ्ते सोना 1,003 महंगा होकर 86,059 पर पहुंचा

▶▶ चांदी की कीमत 3,244 रुपए बढ़ी

**मुंबई।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार, बीते सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार (28 फरवरी) को 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का दाम 85,056 रुपए था, जो 1,003 रुपए बढ़कर अब 86,059 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी के दाम 3,244 रुपए बढ़कर 96,724 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया है। पिछले कारोबारी दिन (28 फरवरी) ये 93,480 रुपए प्रति किलो पर थी। वहीं चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 9,897 महंगा हुआ है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 10,707 रुपए बढ़कर 96,724 रुपए पर पहुंच गया है। पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि एक बड़ी रैली के बाद सोने में गिरावट आनी थी, वह आ चुकी है। अमेरिका के बाद यू ने ब्याज दरों में कटौती और जियो पॉलिटिकल टेंशन बढ़ने से गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। वहीं गोल्ड ईटीएफ में निवेश भी बढ़ रहा है। इससे भी गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 90 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है।

# आप का राशिफल 9 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-1-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-2-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। शुभांक-2-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-1-5-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। शुभांक-2-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-3-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-3-5-7

# 'संस्कारों की जन्मदात्री है नारी शक्ति'

## जिलेभर में हर्षोल्लास से मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग सिरोही के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम स्वामीनारायण मंदिर हॉल में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी के मुख्य आतिथ्य, सांसद लुम्बाराम चौधरी की अध्यक्षता, जिलाप्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, जिलाध्यक्ष श्रीमती रक्षा भंडारी, जिला महामंत्री नरपतसिंह एवं उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल के विशिष्ट अतिथि में आयोजित किया गया। सहायक निदेशक श्रीमती अंकिता राजपुरोहित ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। साथीन रिंकू देवी स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। समारोह में पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना के तहत साथीन सजना देवी नई धनारी पिंडवाड़ा को 11000 हजार,





कंचन देवी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बड़गांव को 11000 हजार देकर पुरस्कृत किया गया। वही व्यक्तिगत श्रेणी में प्रथम नवली गरासिया को 7500 हजार, द्वितीय अंशु राठौर को 5 हजार तृतीय रजनी दहिया को 2500 रुपए देकर पुरस्कृत किया। जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने कहा की सशक्त महिला सशक्त समाज का निर्माण करती है। महिलाएं सशक्त होगी तभी हम सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना कर सकेंगे। राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने महिलाओं के कल्याण के लिए चलाई जा रही विविध योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने सभी को इस योजनाओं का अधिका अधिक प्रचार कर लाभार्थी महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए प्रेरित किया गया। काव्यांशी प्रजापत ने महिला सशक्तिकरण पर संगीत प्रस्तुत कर महिलाओं को प्रेरित किया गया। माता यशोदा पुरस्कार द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका को मोमेंट व प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। कंचन कंवर ने नृत्य व आबूरोड ब्लॉक की साथियों द्वारा आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया। ब्लॉक साथिन रेखा कुमारी, फालू देवी, पुष्पा मेघवाल, उषा देवी व विभागीय अधिकारियों में सुबोध जोशी व सुपरवाईजर श्रीमति संगीता, कल्पेश खंडेलवाल जेंडर स्पेशलिस्ट, तेजल राठौर, योगेश माली और रेखा को मोमेंट व प्रशस्ति पत्र दिया गया। पुलिस विभाग से आत्मरक्षा प्रशिक्षिका श्रीमती इंदिरा, रुक्मण, बसंती,नारंगी को पुरस्कृत किया गया। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नवली गरासिया ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। समिति अध्यक्ष ऋचा, सोमेश्वर देवड़ा आदि ने सम्बोधित किया। मंच संचालन गोपाल सिंह राव ने किया। योगेंद्र देथा संरक्षण अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया।

शहर समेत जिलेभर में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जगह जगह पर आयोजित कार्यक्रमों में वक्ताओं ने कहा कि नारी सशक्तिकरण नारी में अपरिमित शक्ति और क्षमताएं विद्यमान है। आज नारी अपने साहस के बल पर पूरे आत्म विश्वास के साथ हर क्षेत्र में कामयाबी का परचम लहरा रही है। राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महिलाओं की शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता विष्य पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रा निधि रावल ने इस विषय के विपक्ष में तथा आरजू आढ़ा, निशा सुधार, वर्षा कुमारी ने पक्ष में अपने विचार रखे। बीएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा वर्षा कुमारी, बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा निधि रावल ने क्रमशः पहला एवं दूसरा स्थान प्राप्त किया।








महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रो. अनीता जैन, प्रो हेमलता, प्रो. जयश्री गुरनानी तथा प्रो. मीना जैन का सहयोग रहा। केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय सामान्य चिकित्सालय परिसर संगोष्ठी, भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी गणपतसिंह देवड़ा ने मातृशक्ति को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर बधाई देते हुए कहां कि महिलाए विभिन्न क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। देवडा ने मातृशक्ति से आह्वान किया की बहन बेटियों को अधिक से अधिक शिक्षा से जोड़ कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करे। वरिष्ठ योगाचार्य भीकसिंह भाटी ने कहा कि महिलाओं की घर परिवार को संभालने में अत्यधिक जिम्मेदारी होने के कारण अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख पाती जिसके कारण एनीमिया, तनाव इत्यादि समस्याओं से गुजरना पड़ता है। केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रभारी फूलचंद गहलोत ने कहा कि महिला समानता और सशक्तीकरण की दिशा में अनेक कदम उठाए गए हैं मगर इन प्रय|ों की गति को तेज करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर लड़कियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने की जरूरत है। वहीं अपने परिवार और समाज के लड़कों को भी महिलाओं के सम्मान के लिए जागरूक करना जरूरी है। महाविद्यालय प्राचार्य श्रीमती सुनीता नटराजन ने सम्बोधित कर सभी का आभार व्यक्त किया। भाषण व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, जिला भाषा और पुस्तकालय विभाग की ओर से सारणेश्‍वर पुस्तकालय में पोस्टर प्रदर्शनी और चर्चा का आयोजन किया गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से ब्लॉक समन्वयक गजेंद्र ने युवाओं के साथ संवाद कर जेंडर के मायने समझने आदि पर जानकारी साझा की। पुस्तकालय विकास समिति के सदस्य प्रवीणसिंह सिंदल, दलपतसिंह सिंदल, पुस्तकालय विभाग से रेनू शर्मा, अर्चना सेठ मौजूद थे। मंच संचालन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के नीरज श्रीमाल ने किया। प्रधान पोस्ट कार्यालय में नारी शक्ति महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अनिल कौशिक ने सभी अभिकर्ताओं का सम्मान किया।

**पिण्डवाड़ा।** माधव विवि के विधि विभाग, एनएसएस इकाई व तालुक विधिक सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. विद्या शक्तावत, डॉ. खुशबू, डॉ. भावना और एनएसएस प्रभारी संगीतासिंह ने भाग लिया और अपने विचार रखे। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता और अधिकारों पर जोर देते हुए कहा कि समाज में महिलाओं की स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए शिक्षा और आत्मनिर्भरता सबसे महत्वपूर्ण पहलू हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉ. ममता बैन और डॉ. आशा राणा ने महिलाओं के लिए बने कानूनों पर प्रकाश डाला। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सिरोही के सहयोग से एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने महिला शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता जैसे विषयों पर विचार प्रस्तुत किए। छात्र मुकेश कुमार, विक्रम गोयल, मोनिका रावल, महेंद्र और साहिल ने विचार व्यक्त किए। एनएसएस के निदेशक डॉ देवेंद्र मुझाल्दा, विधि विभाग के डॉ संदीप गहलोत, डॉ मीनू दायमा व सुरेंद्रसिंह ने किया। मंच संचालन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. जपेश्वरी ने किया। डॉ. रेणुका गुर्जर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। माधव विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. राजकुमार ने सभी महिलाओं को महिला दिवस की बधाई दी।

राजकीय महाविद्यालय पिण्डवाड़ा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ महेन्द्र वर्मा ने की। इस प्रतियोगिता में दीपिका कंवर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। साक्षी, माया कंवर, ज्योतिका कंवर, दिव्या, लक्ष्मी कुमारी, दुर्गा, और आशा कुमारी भारती कुमारी उपस्थित रही। संकाय सदस्य सुखदेव देवासी, गिर्राज मीणा, सुमेर दान, महेश कुमावत ने अपनी सहभागिता दी। माधुराम, हसमुख परमार, अम्बा दान राव भी उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ महेन्द्र वर्मा ने आभार व्यक्त किया।




महिला दिवस पर लायंस क्लब की ओर से 50 महिला सफाई कर्मियों का सम्मान किया गया। क्लब सचिव हनीष रावल के अनुसार विश्व महिला दिवस पर क्लब अध्यक्ष डा एसएल विश्नोई के प्रतिष्ठान शिवम डेंटल केयर हॉस्पिटल लायंस क्लब की ओर से महिला सम्मान तथा सशक्तिकरण के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पालिका पिण्डवाड़ा की लगभग 50 महिला सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया। पूर्व क्लब अध्यक्ष एसएल विश्नोई ने बताया कि महिला दिवस पर 40 महिलाओं की जांच कर लाभान्वित किया। जोन चेयरपर्सन एमजेएफ विष्णु गुप्ता, कोषाध्यक्ष बाबूलाल मेवाड़ा, वरिष्ठ साथी मुकेश रावल, डा सीराम, दिनेश रावल, भरतपाल बेंदा, भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष गहलोत, समाजसेवी अमृत रावल, सफाई निरीक्षक कमलेश कुमार, जमादार दिनेश परमार आदि मौजूद थे।



पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के जन्मदिन व अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा की ओर आरसेटी में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, सांसद लुंबाराम चौधरी, जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी के सानिध्य व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दक्षा देवड़ा के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के जन्मदिन व अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में केक काटकर सबको बधाई दी। राज्यमंत्री ओटाराम देवासी व सांसद लुंबाराम चौधरी ने कहा कि महिलाओं ने अपने आत्मविश्वास व संघर्ष से इतिहास रचा है। भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी ने कहा कि मेहनत, संघर्ष व संकल्प से समाज मे अलग पहचान बनाई है। जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने कहा कि भारत प्रारम्भ से ही महिला को एक शक्ति के रूप में देखता आ रहा है। प्रत्येक महिला को खुद का आंकलन करना होगा व मजबूती के साथ अपने संकल्प को सिद्ध करके आगे बढ़ना होगा। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दक्ष देवड़ा ने कहा कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में महिला आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अलग-अलग कोर्स करवाए जाते है। आरसेटी निदेशक कैलाश गहलोत ने प्रशिक्षण की जानकारी दी। भाजपा जिला प्रवक्ता रोहित खत्री ने भी सम्बोधित किया। मंच संचालन भाजपा जिला मंत्री प्रकाश रावल ने किया। भाजपा जिला महामंत्री नरपतसिंह राणावत, भाजपा जिला महामंत्री सीमा त्रिवेदी, जिला मंत्री पायल जोरावत, कार्यकर्ता भूबाराम माली, बाबूलाल सगरवंशी, नारायण देवासी, मीडिया प्रभारी मंजुला चारण, नगर अध्यक्ष चिराग रावल, महिपाल चारण, लोकेश खंडेलवाल, महेंद्र माली, प्रवीण राठौड़, शंकरसिंह परिहार, मनी देवी, दमयंती डाबी, गीता पुरोहित, आरसेटी स्टाफ महिपाल चौधरी, विवेक माली, भवरलाल, प्रवीण वाघेला, कैलाश माली, ललित, शीतलबेन सुथार, देवराज, हार्दिक देवासी, रामलाल मेघवाल, प्रकाश पटेल, गोविंद माली, माणकचन्द सोनी, गोविन्द माली, भंवरमाली, राजेन्द्रसिंह चौहान, ललित प्रजापत, कैलाश मेघवाल, गोविंद सेनी, इंदरसिंह मकवाना, रामेश्वर कंसारा, हिम्मत छिपा, सोनिया एवं जितेंद्र गर्ग उपस्थित रहे।





**आबूरोड।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के चलते अंचल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वामीनारायण विद्यालय में मातृशक्ति सम्मेलन धूमधाम से मनाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मृदुला व्यास, डॉ. सुनीता प्रजापत, श्रीमती संगीता अग्रवाल व राधिका पटेल का सानिध्य रहा। यह दिन महिलाओं के अधिकारों, समानता और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए यह कार्यक्रम समर्पित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश व्यास ने अतिथियों एवं माता बहनों का आभार व्यक्त किया। नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन की महिला विंग ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। वर्षा भदेल ने कहा कि नारी सृष्टि की सृजन शक्ति है। महिमा, रंजिता शर्मा, डिंपल बंजारा, मधु, नीमा, विद्या, महिमा, सुनीता, शीतल, कमलेश, धनिष्ठा, वर्षा राजपूत, राधाबाई, सीमा, संतोष, रेखा, मोनिका, सरिता,कविता एवं दीक्षा आदि उपस्थित थी। वहीं, रेडियो मधुबन की ओर से राजकीय उच प्राथमिक विद्यालय मानपुर में छात्रा, स्टाफ व क्षेत्र की महिलाओं समेत दो सौ लोगों की निशुल्क नेत्र जांच की गई। निशुल्क चश्मे का वितरण किया गया। ग्लोबल अस्पताल नेत्र संस्थान के मांगीलाल, बीके दिनेश, आहार विशेषज्ञ डाइटीसीएन बीके विद्या आदि मौजूद थे। दयानंद पैराडाइस विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का संचालन विद्यालय की शिक्षिका यशिका जैन के संयोजन में सीबीएसई बोर्ड द्वारा भेजे वित्तीय विशेषज्ञ अर्पित मोगरा ने किया। प्रधानाचार्य प्रवीण आर्य ने विचार व्यक्त किए। ग्लोबल अस्पताल में आईटी सेल कांग्रेस रेवदर विधानसभा कॉर्डिनेटर जयन्तीलाल मारु ने 19वीं बार रक्तदान किया। इस दौरान ब्लॅड बैंक प्रभारी धर्मेंद्र सिंह व स्टॉफ मौजूद रहा। उधर, ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड संस्थान द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गणका ग्राम पंचायत गणका व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरपंच श्रीमती ललिता गरसिया ने सशक्त महिला, सशक्त समाज, महिलाओं का योगदान और उनकी उपलब्धियां का सम्मान किया। ब्लॉक समन्वयक खुशबू रानी, महेश तायरा, वार्ड पंच गगली, लीला, मंजू, पुष्पा, मकिया देवी, सुगना आदि मौजूद थी। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर जयपुर में अंतराष्ट्रीय समरसता मंच के तत्वाधान में वैश्विक नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत क्यारियां प्रशासक श्रीमती लीलाबाई को वैश्विक नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया।













**जेके पुरम।** जेके लक्ष्मी सीमेंट सीएसआर विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर धनारी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 160 महिलाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य श्रीमती वीना रावल ने बताया कि जेके लक्ष्मी सीएसआर विभाग द्वारा महिला दिवस मनाया जाता है। सीमा देवी प्रजापत, सब सेंटर एएनएम श्रीमती पूनम देवी, जेके लक्ष्मी सीमेंट कारखाने में कार्यरत श्रीमती पायल राव एवं प्रियंका सुथार उपस्थित रहे। महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण पर प्रस्तुतियां दी। इसके बाद नींबू चम्मच दौड़ एवं म्यूजिकल चेयर जेसे खेलों का आयोजन किया गया। विजेताओं का सम्मान किया।



**वास दत्ताणी।** महात्मागांधी राजकीय प्राथमिक विद्यालय गिरवर में महिला दिवस समृद्धि परियोजना समेकित ग्रामीण विकास कार्यक्रम, फाइनेंस सर्विसेज तथा बायफ संस्था की ओर से मनाया गया। बायफ संस्था के डॉ राघवेंद्र दुबे परियोजना प्रबंधक, सुनील कुमार जाट परियोजना अधिकारी, प्रकाश गुप्ता परियोजना अभियंता, मनोज कुमार, चिराग कुमार व काजरी जोधपुर से कृषि वैज्ञानिक डॉ. डी. कुमार तथा गिरवर सरपंच शर्मीली देवी मौजूद थे। इसमें ग्रामीण क्षेत्र की लगभग 100 महिलाओं और किसानों ने भाग लिया।



**शिवगंज।** सामाजिक सरोकार के कार्यो से जुडी सनातन धर्म महिला सेवा समिति की कार्यकर्ता शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पुलिस थाने पहुंची तथा वहां तैनात महिला कार्मिकों को बधाई देकर महिला अपराधों की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी ली। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। अध्यक्ष उषा अग्रवाल के नेतृत्व में थानाधिकारी बाबूलाल राणा से मुलाकात की। तैनात पुलिस उप निरीक्षक शशिकला सहित महिला कांस्टेबल पदम कंवर का सम्मान किया। समिति सचिव हस्तु खंडेलवाल, सुशीला माली, कृष्णा कुमावत, दीपिका अग्रवाल, नर्मदा सोनी, पुष्पा सोनी, लता ओझा, शकुंतला अग्रवाल, उषा माली, इंदु मौर्यवंशी, लीला चौहान आदि कार्यकर्ता मौजूद थी।



## बाल मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**शिवगंज।** आनन्द बाल विद्या मन्दिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में महिला दिवस पर विद्यार्थियों के लिए मेला एवं सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों, अभिभावकों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि आरएसएस के प्रांत कार्यवाह सीमाराम, सुनमं सर्व प्रशाम भीमण पीला ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसमें 196 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अतिथियों ने मेले का रिबन काटकर किया। निदेशक जैनेन्द्र अग्रवाल ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया। **वही** महिलाओं को आत्मबल बनाने को लेकर हिन्दुस्तान डिफेन्स एकेडमी के निदेशक भैराराम चौधरी ने बताया कि हर वर्ष अलग अलग सत्र में महिलाओं को स्वास्थ्य व आत्म रक्षा के लिए निःशुल्क शिविर आयोजन कर मनोबल बढ़ाया। नव ट्रेनीज महिला अनिता सोलंकी का पुलिस विभाग में चयनित होने सम्मान किया। किनिशा कंवर, जिनिशा सोलंकी, सरोज कंवर, कौशल्या, ज्योति, दीपिका सांखला, मनीषा मौजूद रही।





चैंपियंस ट्रॉफी 2025

# फाइनल आज

## आमने-सामने होंगे भारत-न्यूजीलैंड



### चैंपियंस ट्रॉफी विजेता की होगी छप्पर फाड़ कमाई

### विजेता के लिए आईसीसी खोलेगा खजाना

**नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीमें रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में आमने-सामने होंगी। यह दूसरी बार होगा जब दोनों टीमें प्रतियोगिता के शिखर मुकाबले में आमने-सामने होंगी, इससे पहले 2000 में स्टीफन फ्लेमिंग की अगुआई वाली ब्लैक क्लैप्स ने नैरोबी के जिमखाना ग्राउंड में सौरव गांगुली की अगुआई वाली मेन इन ब्लू टीम को हराया था। इस बार रोचक मुकाबला होने की उम्मीद है।**

**आईसीसी भी इसके लिए कमर कस चुका है। इसी लिए चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की कुल प्राइज मनी 6.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 59.9 करोड़ रुपए) कर दी गई है। यह चैंपियंस ट्रॉफी के 2017 में हुए पिछले संस्करण से 53 फीसदी अधिक है। जो टीम जीतेगी उसे छप्पर फड़ कमाई होगी।**

### चैंपियंस ट्रॉफी में ऐसे मिलेगी प्राइज मनी

- **विजेता टीम** : 2.24 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 20.8 करोड़ रुपए)
- **उपविजेता टीम** : 1.12 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 10.4 करोड़ रुपए)
- **सेमीफाइनल में हारने वाली टीमें**: प्रत्येक को 560,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 5.2 करोड़ रुपए)
- **पांचवें और छठवें स्थान पर रहने वाली टीमें**: प्रत्येक को 350,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग तीन करोड़ रुपए)
- **सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमें**: प्रत्येक को 140,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 1.21 करोड़ रुपए)
- **प्रत्येक ग्रुप स्टेज जीत**: विजेता टीम को 34,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक (लगभग 29.5 लाख रुपए)
- **सभी आठ टीमों को भागीदारी के लिए**: प्रत्येक को 125,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 1.08 करोड़ रुपए)

### दुबई में क्यों हो रहा चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल

चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन स्थल को लेकर आईसीसी परेशान रही थी क्योंकि इसको लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के बीच गतिरोध बढ़ गया था। बीसीसीआई ने कहा कि वह पाकिस्तान में अपनी टीम नहीं भेजेगा। इसके पीछे कारण दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव माना गया। इस बीच, पीसीबी भी पाकिस्तान में सभी खेलों की मेजबानी पर अड़ा रहा। दो महीने तक बैठकें चलती रहीं। आखिर में फैसला हुआ कि 2027 तक दोनों देश एक दूसरे के देश नहीं जाएंगे। आईसीसी टूर्नामेंट में दोनों टीमें तटस्थ स्थल पर खेलेगी।



## फाइनल की तैयारी में जुटी भारतीय टीम

### स्पिनर्स के खिलाफ बहाया पसीना

**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाजों ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में रविवार को न्यूजीलैंड के मिचेल सेंटनर और माइकल ब्रेसवेल का सामना करने से पहले शुक्रवार को बाएं हाथ और ऑफ स्पिन के खिलाफ अपना कौशल को निखारा। शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा की घरेलू स्पिन चौकड़ी का सामना करने के बाद स्थानीय स्पिनरों का सामना किया। पिछले मैच में न्यूजीलैंड के कप्तान सेंटनर ने कसी गेंदबाजी (10-1-41-1) की थी लेकिन ब्रेसवेल (9-0-56-0) थोड़े महंगे रहे। इन दोनों ने मिलकर अब तक चार मैचों में 13 विकेट लिए हैं। रचिन रविंद्र (6-0-31-1) ने भी बाएं हाथ की स्पिन का अच्छा स्पेल डाला था। पिछले मैच में न्यूजीलैंड के कप्तान सेंटनर ने कसी गेंदबाजी (10-1-41-1) की थी लेकिन ब्रेसवेल



(9-0-56-0) थोड़े महंगे रहे। इन दोनों ने मिलकर अब तक चार मैचों में 13 विकेट लिए हैं। रचिन रविंद्र (6-0-31-1) ने भी बाएं हाथ की स्पिन का अच्छा स्पेल डाला था। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम (डीआईसीएस) की पिच से स्पिनरों को कुछ मदद मिलने की उम्मीद है, इसलिए भारतीय बल्लेबाज कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि यहां की पिच धीमी गति के गेंदबाजों को मदद देना जारी रख सकती है।

# पायल बनीं बिना हाथ-पैर के विश्व की पहली तीरंदाज

**नई दिल्ली। 17 साल की पायल नाग बिना हाथ-पैर की दुनिया की पहली तीरंदाज जब कृत्रिम पैर में धनुष को फंसाकर दाहिने कंधे से तीर को खींचकर निशाना साधती हैं, तो उनकी प्रतिभा व हौसले को देख लोग आश्चर्य में पड़ जाते हैं। पायल बिना बाजुओं की तीरंदाज शीता देवी को हराकर राष्ट्रीय पैरा तीरंदाज चैंपियन बन चुकी हैं। यही नहीं ओडिशा के पुरी में सामान्य तीरंदाजों के बीच राष्ट्रीय रैंकिग टूर्नामेंट में आठवां स्थान हासिल कर सबको चौंका दिया।**



### पायल के लिए आसान नहीं रहा सफर

- हौसले की मिसाल बन पायल के लिए सफर इतना आसान नहीं था। महज सात साल की उम्र में उनकी जिंदगी में ऐसा तूफान आया कि हर तरफ अंधेरा छा गया। मूलरूप से ओडिशा के बालंगीर की रहने वाली पायल के पिता छत्तीसगढ़ के रायपुर में राजमिस्त्री थे।
- जिस बिल्डिंग में काम कर रहे थे, उसकी दूसरी मंजिल पर खेलते समय पायल बिजली के नंगे तारों की चपेट में आ गई। डाक्टरों ने बचा तो लिया, पर उन्हें दोनों हाथ-पैर गंवाने पड़े। बालंगीर के डीएम को पता चला, तो उसे वहां के अनाथ आश्रम में भेज दिया।

### अब पैरालंपिक स्वर्ण जीतना ही सपना

- पायल कहती हैं, कोच कुलदीप व श्राइन बोर्ड ने उन्हें न सिर्फ नया जीवन दिया, बल्कि जिंदगी के मायने बदल दिए। अब एक ही सपना है, देश के लिए स्वर्ण पैरालंपिक में जीतना। कुलदीप बताते हैं, बेहद गरीब परिवार की पायल को अनाथ आश्रम संचालकों ने कटड़ा भेजने से मना कर दिया था। संचालकों को समझाया गया कि वे उसे तीरंदाज बनाना चाहते हैं, तब उन्हें अनुमति मिली।

## मुंबई इंडियंस को तगड़ा झटका

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह फिलहाल इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर हैं। बुमराह को ऑस्ट्रेलिया दौरे के आखिरी मैच के दौरान चोट लगी थी, इसके बाद उन्हें आराम करने की सलाह मिली थी। माना जा रहा है कि वह अब आईपीएल में खेलते हुए नजर आएंगे। हाल ही में वह प्रैक्टिस करते हुए भी नजर आए थे। लेकिन बुमराह की फिटनेस को लेकर एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है, जो मुंबई इंडियंस के लिए एक बड़ा झटका है।



### जसप्रीत बुमराह पर आई बुरी खबर

- रिपोर्ट के मुताबिक, जसप्रीत बुमराह आईपीएल 2025 की शुरुआत में खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। बुमराह फिलहाल बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब से गुजर रहे हैं। लेकिन वह आईपीएल 2025 के पहले या दूसरे सप्ताह से बाहर रह सकते हैं। यानी वह अभी भी गेंदबाजी करने के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं। इसके अलावा बुमराह की अप्रैल में ही मुंबई इंडियंस के शिविर में शामिल होने की संभावना है।

## प्राग मास्टर्स में अरविंद ने जीता खिताब

**नई दिल्ली।** ग्रैंडमास्टर अरविंद चितंबरम ने शुक्रवार को प्राग मास्टर्स टूर्नामेंट में अपने करियर का पहला बड़ा खिताब जीता जिससे शतरंज में भारत का दबदबा जारी रहा। अरविंद ने हमवतन आर प्रज्ञानंद सहित कई दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़कर यह खिताब जीता। 25 वर्षीय अरविंद ने नौवें और अंतिम दौर में तुर्कीये के गुरेल एडिज के साथ ड्रा खेलकर छह अंक हासिल किए। विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रज्ञानंद



नीदरलैंड के अनीश गिरी से हारकर पांच अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। तमिलनाडु के अरविंद ने टूर्नामेंट में तीन जीत और छह ड्रा के बाद संभावित नौ में से छह अंक हासिल किए। प्रज्ञानंद ने गिरी और चीन के शीर्ष वरीय वेई यी के साथ पांच अंक हासिल कर अपने अभियान का समापन किया। अरविंद ने कहा, 'मैं पिछले दो दिन ठीक से सो नहीं पाया हूं। सातवें राउंड तक पूरी तरह से ठीक था और फिर मुझे यह बढ़त मिल गई जिससे दबाव था।' उन्होंने अपने गुरु और कोच ग्रैंडमास्टर आर बी रमेश की भी प्रशंसा की और गिरी के खिलाफ अपने मैच को टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास बताया। भारत की दिव्या देशमुख ने चैलेंजर्स वर्ग में यूनान की स्टैमाटिस कौरकुलस-अर्डिटिस के खिलाफ अपनी अंतिम दौर की बाजी जीत ली।


# म नो रं ज न

## IIFA अवार्ड्स 2025 एक-दूसरे से बात करते दिखे शाहिद-करीना



बॉलीवुड के एक्स कपल शाहिद कपूर और करीना कपूर खान के आज भी कई फैंस हैं। दोनों ने साथ में कई फिल्में की हैं, जिसमें एक्स कपल की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'जब वी मेट' सबसे बड़ी हिट है। शाहिद और करीना के अफेयर के चर्चे तो फैंस और बी-टाउन में खूब हिट हुए थे, लेकिन किस्मत ने इस कपल को मिलाने से इनकार कर दिया। आज भी जब इस पूर्व जोड़ी के फैंस इन्हें साथ में देखते हैं तो खुश हो जाते हैं। अब ऐसा एक बार फिर हुआ है। दरअसल जयपुर में आयोजित 25वें आईफा अवाड्र्स समारोह में शाहिद कपूर और करीना कपूर खान को साथ में देखा गया है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि दोनों को एक-दूसरे से बात करते हुए देखा जा रहा है।

आईफा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जयपुर में आयोजित आईफा अवाड्र्स 2025 से एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में शाहिद कपूर और करीना कपूर के साथ-साथ करण जौहर, कार्तिक आर्यन, कृति सेनन, माधुरी दीक्षित और बॉबी देओल साथ में नजर आ रहे हैं। वहीं, शाहिद और करीना कपूर के फैंस के लिए यह बड़ा मोमेंट है कि उनकी फेवरेट जोड़ी ब्रेकअप और शादी के बाद पहली बार एक-दूजे से बात करते हुए दिख रही है। आईफा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिस पर अब इस पूर्व जोड़ी के फैंस धड़ल्ले से कमेंट्स पोस्ट कर रहे हैं। साथ ही इनको बातचीत करते देख शॉकिंग रिएक्शन भी दे रहे हैं। शाहिद और करीना के एक-दूसरे से बात करने के इस वीडियो पर एक फैन ने लिखा है, 'ओह माय गॉड, शाहिद करीना एक साथ और वो भी बात करते हुए'। दूसरा फैन लिखता है, 'जहां करण जौहर खड़े होते हैं, वहां ऐसे कारनामे होते हैं'। तीसरा यूजर लिखता है। 'सब चुप हैं, लेकिन यह दोनों बातें कर रहे हैं, यह देखकर मेरा दिल बहुत खुश है'। चौथा यूजर लिखता है, 'ओह माय गॉड शाहिद करीना साथ में बात कर रहे हैं'। पांचवें यूजर ने लिखा है, 'आप दोनों को साथ में बात करते हुए देखकर अच्छा लग रहा है'।



## थिएटर्स के बाद ओटीटी पर 'फतेह' करने आई सोनू सूद की फिल्म




थिएटर्स के बाद दर्शकों को फिल्मों के ओटीटी रिलीज का इंतजार होता है। जो फिल्में बड़े पर्दे पर कमाल नहीं दिखा पाती हैं, वो ओटीटी पर आकर छा जाती हैं। हाल ही में, इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म 'फतेह' को भी ओटीटी पर रिलीज किया गया है। एक्शन से भरपूर फिल्म 'फतेह' इसी साल जनवरी महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यूं तो फिल्में थिएटर रिलीज के एक महीने बाद ही ओटीटी पर आ जाती हैं, लेकिन सोनू सूद स्टारर फिल्म को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उतरने में दो महीने लग गए हैं। सोनू सूद की फतेह को क्रिटिक्स और दर्शकों की तरफ से ठीक-ठाक रिव्यू मिला था। सोनू सूद के मुताबिक, उनकी फिल्म 'स्लीपर' हिट हुई है, मतलब धीरे-धीरे इसका क्रेज और कलेक्शन बढ़ना।


खैर, अगर आपने बाय चांस इसे थिएटर में मिस कर दिया है तो कोई बात नहीं, अब इसे ओटीटी पर भी देखा जा सकता है। एक्शन थ्रिलर 'फतेह' के राइट्स जियो हॉटस्टार ने खरीद लिए हैं। इस फिल्म को बीती शाम को ही ओटीटी पर रिलीज कर दिया गया है। जियो हॉटस्टार ने एक वीडियो के जरिए इसकी अनाउंसमेंट की है। साथ ही कैप्शन में लिखा, जब बात इंसाफ की हो तो सिर्फ एक नाम काफी है- फतेह।

## 'छावा' की तेलुगू वर्जन की रिलीज के साथ तोड़ा 'पठान' का रिकॉर्ड!

14 फरवरी को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना की 'छावा' की रफ्तार जहां कम होने का नाम नहीं ले रही है तो वहीं एक के बाद एक फिल्म का रिकॉर्ड तोड़ती हुई नजर आ रही है। शिवाजी सावंत की फेमस मराठी नॉवल 'छावा' से अडेप्टेड इस फिल्म ने 500 करोड़ पार की कमाई बॉक्स ऑफिस पर कर ली है। वहीं अब 7 मार्च को 'छावा' को तेलुगू भाषा में भी रिलीज कर दिया गया है, जिसने ओपनिंग डे पर ही शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर के अनुसार, 22वें दिन छावा ने 8.5 करोड़ की कमाई की है, जिसमें 6.25 करोड़ हिंदी में और 2.25 करोड़ की कमाई तेलुगू में फिल्म ने हासिल की है। जबकि शाहरुख खान की 'पठान' का आंकड़ा तेलुगू वर्जन नेट ओपनिंग कलेक्शन 1.3 करोड़ था।



## 'जटाधारा' से सोनाक्षी सिन्हा के 'पावरफुल' लुक की पहली झलक आई सामने




महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को 'जटाधारा' के निर्माताओं ने बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा का पहला लुक जारी किया, जो पोस्टर में हर इंच 'पावरफुल' दिख रही हैं। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर जी स्टूडियोज के साथ एक कोलाब पोस्ट में फिल्म का पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में सोनाक्षी एक आकर्षक और गंभीर लुक में नजर आ रही हैं। उन्होंने सुनहरे रंग का हेडपीस, चूड़ियां और अंगूठियां सहित ट्रेडिशनल ज्वैलरी पहनी हुई हैं। उनका मेकअप बोल्ड है, जिसमें गहरे काजल से सजी आंखें, लाल बिंदी और माथे पर तिलक है, जो उन्हें एक उग्र रूप दे रहा है। खुले बाल में सोनाक्षी ने अपने चेहरे के एक हिस्से को अंगूठियों और लंबे नाखूनों से सजे अपने हाथ से ढका हुआ है, जो रहस्यमय और पॉवरफुल साबित हो रहा है। शेयर किए गए पोस्टर पर टैगलाइन है, शक्ति और शक्ति की शक्ति, जो सोनाक्षी की मजबूत और प्रभावशाली उपस्थिति को और मजबूत करती है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया, इस महिला दिवस पर #जटाधारा में शक्ति और शक्ति की किरण जगमगा रही है! इस पोस्ट को देखने के बाद लोगों ने खूब रिएक्शन दिया है। वहीं एक यूजर ने लिखा, क्वीन इज बैक। दूसरे यूजर ने लिखा, वह धमाल मचाने वाली हैं। इसके साथ ही फैंस ने एक्ट्रेस को बधाई दी है।



## माधुरी दीक्षित ने 37 साल पुराने एक दो तीन गाने पर फिर किया डांस

आईफा 2025 से पहले हाल ही में रजत जयंती समारोह के तहत जयपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर एक खास कार्यक्रम 'सिनेमा में महिलाओं का सफर' रखा गया था, जिसमें 90 के दशक की सुपरस्टार माधुरी दीक्षित और ऑस्कर विजेता निर्माता गुनीत मोंगा के साथ अपनी बातों को रखते हुए और फैंस के साथ कुछ खुशनुमा पल बिताती नजर आईं। इसके कुछ वीडियो सामने आई हैं, जिसमें से एक ने फैंस का ध्यान खींचा वो था माधुरी दीक्षित का अपनी 37 साल पुरानी फिल्म 'तेजाब' के गाने एक दो तीन के हुक स्टेप करना। इस वीडियो के सामने आने के बाद फैंस तारीफें करते नहीं थक रहे हैं।

वीडियो में माधुरी दीक्षित गोल्डन कलर के आउटफिट में अपने कुछ चाहने वालों के साथ स्टेज पर एक दो तीन गाने पर स्टेप करती हुई नजर आ रही हैं। इस वीडियो को देखने के बाद फैंस जहां एक्ट्रेस की खूबसूरती की तारीफ फैंस कर रहे हैं तो वहीं आज भी उनकी एनर्जी को देख दिल दे बैठे हैं। जो लोग नहीं जानते उन्हें बता दें कि एक दो तीन गाना बेहद पॉपुलर सॉन्ग है, जो 1988 में आई तेजाब फिल्म का है। इस मूवी में माधुरी दीक्षित के अलावा अनिल कपूर, चंकी पांडे, अन्नू कपूर और अनुपम खेर लीड रोल में नजर आए थे। आईफा की बात करें तो इवेंट के दौरान अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ पर बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, शादी के बाद मैंने अपनी जिंदगी अच्छे से जी है। मेरे पार्टनर बहुत सहयोगी है और परिवार के साथ रहना मेरे लिए एक सपने जैसा है। मुझे अपने करियर में कुछ बेहतरीन भूमिकाएं निभाने का मौका भी मिला है। फिल्मों में अपनी पसंद के बारे में बात करते हुए उन्होंने 'मृत्युदंड' के बारे में बताया, जो एक कला फिल्म है जो उनके करियर में मील का पत्थर बनी हुई है। जब मैंने 'मृत्युदंड' करने का फैसला किया, तो लोगों ने मुझे हतोत्साहित किया, यह कहते हुए कि यह मेरे करियर के लिए सही कदम नहीं है। लेकिन मैंने इसे आगे बढ़ाया, और यह फिल्म एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई।

मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना

# फरवरी-मार्च की किस्त एक साथ मिलेगी

▶▶ विश्व महिला दिवस पर सीएम की घोषणा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र सरकार की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने फरवरी-मार्च महीने की किस्तों को एक साथ जारी करने का निर्णय लिया है। इससे लाभार्थी महिलाओं के खातों में कुल 3,000 रुपए (दोनों महीनों का 1,500 रुपए प्रति माह) जमा किए जाना शुरू हो गया है। यह प्रक्रिया सात मार्च से शुरू हुई है, जो लगातार बेनिफिशयरी महिलाओं के बैंक अकाउंट में आना जारी रहेगा। महाराष्ट्र सरकार की 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना' के तहत पात्र याने एलिजिबल महिलाओं को वर्तमान में प्रतिमाह 1,500 रुपए की फाइनेंशियल सहायता प्रदान की जाती है।



### नौ लाख लाभार्थियों की संख्या घटी

■ लाडकी बहिन योजना के लाभार्थी महिलाओं की पात्रता की जांच शुरू करने के बाद इसमें अब तक लगभग नौ लाख की कमी आई है। दिसंबर 2024 में दो करोड़ 46 लाख महिलाओं को 1500 रुपए मिले थे, जबकि, जनवरी 2025 माह में लाड़ली बहनों की संख्या पांच लाख घटकर दो करोड़ 41 लाख रह गई।

### 2100 देने की भी सरकार बना रही योजना

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि जहां तक 2100 रुपए की बात है जिसका वादा महायुती ने घोषणा पत्र में किया था तो सरकार उसकी भी योजना बना रही है। घोषणा पत्र पांच साल का होता है। हमने जो कहा है उसमें बिल्कुल परिवर्तन नहीं किया जाएगा। बाकी की सभी योजनाएं भी शुरू रहनी चाहिए और लाडली बहन योजना भी शुरू रखनी है, साथ ही विकास भी होना चाहिए। सरकार इस योजना पर पूरी तरह से काम कर रही है। हम अपना वादा घोषणापत्र के अनुसार पूरा करेंगे। महिलाओं की हर योजना लागू करेंगे।

## एसयूवी पलटी, दो की मौत, छह घायल

**मुंबई।** मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे पर शनिवार को एसयूवी पलटने और उसे पीछे से एक अन्य वाहन के टक्कर मारने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी है। सिंधखेड़ राजा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब नौ बजे हुई। वाहन यवतमाल से श्रद्धालुओं को लेकर शिर्डी की ओर जा रहा था। वाहन का एक टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गया। इसी दौरान पीछे से आ रही एक कार ने भी वाहन को टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान विद्या साबले और मोतीराम बोरकर के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। डाक्टर घायलों की स्थिति पर नजर बनाए हैं। मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

उद्धव के बयान पर अमरजीत मिश्र ने जताई आपत्ति

# यूपी को डंपिंग यार्ड समझने की भूल न करें उद्धव ठाकरे

अबू आजमी को यूपी से लड़ाए सपा : उद्धव

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई/ लखनऊ।** मुंबई में सपा विधायक अबू आसिम आजमी द्वारा मुगल आक्रांता औरंगजेब को महिमामंडित किए जाने और उसी मुद्दे पर शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे का वह बयान कि अबू आजमी से सपा को इतना ही प्रेम है तो उन्हें यूपी से चुनाव लड़ाए जाने पर मुंबई भाजपा नेता अमरजीत मिश्र ने गहरी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में सनातन का केंद्र बन चुके यूपी को उद्धव ठाकरे डंपिंग यार्ड समझना बंद करें। उन्होंने ऐसा कह के उत्तर प्रदेश का अपमान किया है। उन्हें कहना चाहिए था कि जो भी व्यक्ति बर्बर औरंगजेब की शान में कसीदे पढ़ेगा, उसे देश में घूमने नहीं दिया जाएगा।



### सीएम के बयान की तारीफ की

बीजेपी नेता अमरजीत मिश्र ने सीएम फडणवीस के उस बयान की तारीफ की कि हम अबू आजमी को छोड़ने वाले नहीं हैं। आजमी ने औरंगजेब का बचाव करते हुए बयान दिया था कि मैं 17वीं सदी के मुगल बादशाह औरंगजेब को क्रूर, अत्याचारी या असहिष्णु शासक नहीं मानता।

### दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे लखनऊ

फडणवीस सरकार में फिल्म सिटी के उपाध्यक्ष रहे अमरजीत मिश्र शुक्रवार को अपने दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचे। उसी दिन सुल्तानपुर में पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पांडेय के आवास पर आयोजित एक पारिवारिक समारोह में शामिल हुए। उन्होंने गुजरात सरकार के आईएएस आलोक पांडेय की माताजी के निधन पर उनके गांव जाकर श्रद्धांजलि दी। शनिवार को वे राज्यसभा सदस्य और पूर्व उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा के आवास पर आयोजित एक समारोह में शिरकत की।

### राज्यसभा सांसद डा. शर्मा ने किया 'उत्तर- चेतना' का विमोचन

मुंबई में 35 वर्ष पूर्व यूपी दिवस शुरू करनेवाली अभियान संस्था द्वारा महाकुंभ पर आधारित पुस्तक 'उत्तर- चेतना' का लोकार्पण हुआ। डा. शर्मा ने इसका विमोचन किया।

## बिश्नोई प्रीमियर लीग मुंबई 2025 का समापन आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** बिश्नोई प्रीमियर लीग मुंबई 2025 का समापन समारोह बेलापुर स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में रविवार (9 मार्च) को सायं चार बजे आयोजित होगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि बाड़मेर भाजपा जिलाध्यक्ष अनंत कुमार बिश्नोई होंगे। अध्यक्षता नोखा के पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक श्रीमती मंदा विजय म्हात्रे, सत्यनारायण बिश्नोई डीआरआई एवं फिल्म अभिनेता संजय इराम शिरकत करेंगे। आयोजन के दूसरे दिन कुल आठ मुक़ाबले खेले गए। पहले मुक़ाबले में हिंदुस्तान वॉरियर्स ने बालाजी स्टील को दस विकेट से हराया। दूसरे मुकाबले में भाग्य स्टील को अनमोल ग्रेनाइट ने आठ विकेट से शिकस्त दी। तीसरा मुक़ाबला दिलचस्प रहा जिसमे रनरेट में सुधार करते हुए अवतार स्टील ने किरण इंपेक्स को तीन ओवर में रन चेज कर आठ विकेट से पटखनी दी। चौथा मुकाबले में प्रकाश स्टील ने ग्यारह रन से बिश्नोई यंगिस्थान को हराकर जीत दर्ज की। पांचवां मुकाबला अम्बिका स्टील ने स्काई स्टील को 69 रन के बड़े अंतर से हराकर अपने नाम किया। छठे मुकाबले में सूरज टाइगर्स ने ॐ ज्योति स्टील को आठ विकेट से पराजित किया। सातवां मुकाबला हिंदुस्तान वॉरियर्स ने अवतार स्टील से 24 रन जीता। आठवें मुक़ाबले में बिश्नोई यंगिस्थान ने अनमोल ग्रेनाइट की टीम को 14 रन से हराकर मुक़ाबला अपने नाम किया।



■ बाड़मेर भाजपा जिलाध्यक्ष अनंत कुमार बिश्नोई होंगे मुख्य अतिथि

## दिवा में ज्योति पाटिल ने किया महिलाओं का सम्मान




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** दिवा में उपलब्धियों और महिलाओं के सम्मान का यह अनूठा कार्यक्रम शिवसेना यूबीटी और तन्वी फाउंडेशन दिवा के सहयोग से बीआर नगर में महिला दिवस के अवसर पर दिवा शहर महिला संघ की अध्यक्ष ज्योति पाटिल द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा दिवा सिटी की साधारण परिवारों की महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के कल्याण जिला प्रमुख दीपेश म्हात्रे, जिला संगठक वैशाली दारकेकर, जिला युवा अधिकारी प्रतीक पाटिल, दिवा शहर प्रमुख सचिन पाटिल, दिवा शहर संगठक रोहिदास मुंडे, उप शहर संगठक प्रवीण उटेकर, विधानसभा संगठक योगिता नाईक, विभाग प्रमुख, महिला पदाधिकारी, शाखा प्रमुख, युवा सेना, टोली प्रमुख तथा सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस मौके पर ज्योति पाटील का जन्मदिन केक काट कर मनाया गया।

■ शिवसेना यूबीटी और तन्वी फाउंडेशन का विशेष सहयोग

## ठाणे में शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 47 लाख की ठगी

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक व्यक्ति को साइबर जालसाजों ने शेयर में पैसा लगाने के बदले अधिक रिटर्न का लालच लेकर उससे कथित तौर पर 47 लाख रुपए से अधिक की ठगी की। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर बृहस्पतिवार को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम के तहत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने कहा कि यह ठगी पिछले साल दिसंबर से इस वर्ष फरवरी के बीच की गई, मामले की जांच की जा रही है। अधिकारी के अनुसार आरोपी 'व्हाट्सऐप' पर एक ग्रुप में जुड़े थे और 'शेयर ट्रेडिंग' ऐप के जरिए काम करते थे। उन्होंने उक्त व्यक्ति से संपर्क किया और उसे आकर्षक रिटर्न का लालच देते हुए 'शेयर' में पैसा लगाने का लालच दिया था।

बाड़मेर बीजेपी जिलाध्यक्ष का मुंबई प्रवास

## जालोर प्रवासियों ने किया अनंतराम विश्नोई का स्वागत



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** बीजेपी बाड़मेर के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अनंतराम विश्नोई के मुंबई आगमन पर जालोर जिले के प्रवासी बंधुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष अनंतराम विश्नोई ने कहा कि राजस्थान के प्रवासी बंधु देश के प्रत्येक कोने में अपना व्यवसाय करके राजस्थान का नाम रोशन कर रहे है। प्रवासी बंधुओं द्वारा अपनी जन्मभूमि में समाज सेवा के क्षेत्र विकास के कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते है। राजस्थान की भाजपा सरकार प्रवासी बंधुओं के लिए सदैव तत्पर है। जिलाध्यक्ष अनंतराम विश्नोई ने पूर्व में जालौर जिले के संगठन में प्रभारी एवं कार्यक्रमों में अपना योगदान दिया है। जालौर जिले से शुरू ही इनका जुड़ाव है। इस दौरान गोभक्त विठ्ठल कृष्ण पथमेड़ा,भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धुखाराम राजपुरोहित, सरपंच खंगारमल खिरोड़ी,भेराराम वाली, डुगराराम आलपुरा, घमाराम, सरेमल ईटादा, हेमराज वाली,ललित जोधावास,अमृतलाल चितलवाना, सांवलाराम वाली, मंगलाराम भांडुप, राणाराम, पुखराज रतनपुरा, कृष्ण रतनपुरा, भमराराम, हेमराज लुम्बावास, मालु विश्नोई, हेमन्त पुरोहित,जैसाराम राऊता,टिकम वाली, फूलसंन्द तातडा , भमराराम खाडादैवल, दिनेश, महावीर समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## वसई-विरार शहर मनपा मुख्यालय में विश्व महिला दिवस का आयोजन



विरार। महिलाओं के मनोबल और स्त्रीत्व के सम्मान में संपूर्ण विश्व में आठ मार्च को विश्व महिला दिवस मनाया जाता है। भारत में क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा के द्वार खोलकर लाखों महिलाओं को नए अवसर प्रदान किए और उन्हें उज्जवल भविष्य की राह दिखाई। समतामूलक समाज की रचना में सभी का योगदान मिले और इस दिशा में प्रेरणा प्राप्त हो, इसी उद्देश्य से विश्व महिला दिवस का आयोजन किया जाता है। महिलाओं के प्रति सम्मान और समाज में जागरूकता बढ़ाने हेतु वसई-विरार शहर मनपा महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा इस अवसर पर कर्तृत्ववान महिलाओं का सम्मान एवं विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस उप आयुक्त पौर्णिमा चौगुले, महिला साहित्यकार वीणा गवाणकर, पल्लवी बनसोडे, विधि क्षेत्र की ॲड. मनिषा पाटील, उत्कर्षा दरवेशी, महिला पत्रकार वैष्णवी राऊत, दिव्यांग खिलाड़ी निशा जरिवाला, कोमल भूषण पाटील, सीमा बंन्शीलाल वर्मा, महिला खिलाड़ी समिधा अनंत चव्हाण, कामाक्षा प्रशांत ढेपे, सरिता शिवाजी बजबलकर, सुषमा जगदीश पाटील, संध्या अजय भुमकर, जिज्ञा सुजित राऊत, वृषाली प्रभाकर पाटील, ॲडेले रॉयल परेरा सहित कई अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।







■ **मुंबई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2025 की पूर्व संध्या पर आईआरसीटीसी, पश्चिम क्षेत्र, मुंबई में महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर सेमिनार और मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें मानव संसाधन विभाग, वित्त, खानपान और पर्यटन विभागों की महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर कार्यालय की सभी महिला कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया।

## आर.जे. महाविद्यालय में छात्र संगोष्ठी

**मुंबई।** मुंबई में हिंदी विद्या प्रचार समिति द्वारा संचालित रामनिरंजन झुनझुनवाला महाविद्यालय में विश्व महिला दिवस एवं महादेवी वर्मा की स्मृति में शनिवार (आठ मार्च) को एक दिवसीय छात्र संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सरस्वती वंदना से शुभारंभ किए गए कार्यक्रम का स्वागत वक्तव्य आर.जे कॉलेज की हिंदी विभागाध्यक्षा डा. मिथिलेश शर्मा एवं समापन वक्तव्य उपप्राचार्या डा. स्नेहा देउस्कर ने दिया। समारोह की मुख्य अतिथि प्रो. डा. उषा मिश्रा ने विद्यार्थियों को शोध कौशल की बारीकियों को समझाते हुए गुणवत्तापूर्ण शोधपत्र लिखने हेतु मागदर्शन दिया। विश्व में महिलाओं की वर्तमान स्थिति पर अपने वक्तव्य में कहा कि समाज में स्त्रियों की स्थिति को सुधारने के लिए उनको मानसिक गुलामी से मुक्त होना होगा। निर्णायक की भूमिका में उन्होंने अपने सूझबूझ का बेहतरीन परिचय देते हुए परिणाम की घोषणा की। जिसमें, प्रथम पुरस्कार शांतनु मढ़वी को, द्वितीय पुरस्कार पूनम चौरसिया को, तृतीय पुरस्कार दिलिप उपाध्याय ने प्राप्त किया। आभार प्रदर्शन गुप्ता अशोक कुमार ने किया।



▶▶ विश्व महिला दिवस एवं महादेवी वर्मा की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित



## मनसे ने महिलाओं का किया सम्मान

■ **मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) मलबार हिल विधानसभा अध्यक्ष निलेश शिरधनकर एवं सुजय सावंत शाखाध्यक्ष तरफ से महिला दिवस के अवसर पर पुलिस विभाग सफाई विभाग व आरोग्य विभाग अन्य विभागों की महिलाओं को उचित उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अनिल शांताराम नागरे (उपविभाग अध्यक्ष मुंबादेवी), कल्पना बागडे (विभाग अध्यक्ष) आशा शहा (सचिव), संदीप सालवी (शाखा अध्यक्ष), रवींद्र शिंदे (शाखाध्यक्ष) जितू गोंजी (कार्यालय प्रमुख) आदि सम्मानित सदस्यगण उपस्थित थे।

विश्व कला सम्मेलन आर्ट एक्सपो 2025

## नेहरू सेंटर में दूसरे संस्करण का उद्घाटन

**मुंबई।** विश्व कला सम्मेलन (डब्ल्युएसी) आर्ट एक्सपो-दूसरे संस्करण का उद्घाटन छह मार्च की शाम को नेहरू सेंटर, वर्ली, मुंबई में प्रतिष्ठित अतिथियों, प्रसिद्ध कलाकारों, क्यूरेटर, कला खरीदारों और कला प्रेमियों की उपस्थिति में किया गया। वर्ल्ड आर्ट कॉन्क्लेव आर्ट एक्सपो 2025 नौ मार्च तक चलेगा, जिसमें कला प्रदर्शनियां और पैनल चर्चाएं शामिल होंगी।

राजन जाधव, प्रवीण गंगुर्दे और दिनेश अडोले द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को कला बिरादरी से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। समारोह की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जो कला के माध्यम से ज्ञानोदय का प्रतीक है। उपस्थित प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों में अलियाकसांद्र मात्सुको (मुंबई में बेलारूस के महावाणिज्य दूतावास), किशोर खाबिया जैन (सीएमडी, खाबिया समूह), गणपत कोठारी (सीएमडी, कोठारी समूह), जीजी वाघमारे (पूर्व कला निदेशक, महाराष्ट्र), सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति डा. डीके सोनवणे, वसंत सोनवणे (जेजे स्कूल ऑफ आर्ट), प्रो. मोगलन श्रावस्ती, डा. भंते प्रशील रत्न (संघकया फाउंडेशन), भरत दाभोलकर और श्री भगवान रामपुरे और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। गणमान्य व्यक्तियों ने समाज को आकार देने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में कला की भूमिका पर प्रेरक भाषण दिए। डा.भंते प्रशील रत्न ने भारत की समृद्ध कलात्मक विरासत और इसकी कला पर प्रकाश डाला सोनवणे ने सांस्कृतिक और सामाजिक जागरूकता में कलाकारों की भूमिका को स्वीकार किया। लंदन के कलाकार श्री जॉन डबल डी का विशेष उल्लेख किया गया, जो डब्ल्युएसी की वैश्विक पहुंच को दर्शाता है। इसके बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई, जिसमें आयोजकों और गणमान्य व्यक्तियों ने विविध कला रूपों को बढ़ावा देने और मुंबई को एक वैश्विक कला केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए डब्ल्युएसी के आर्ट एक्सपो मिशन पर चर्चा की।



▶▶ एक्सपो का समापन आज

## वसई विरार मनपा का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**वसई।** विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में आठ मार्च को वसई-विरार शहर मनपा के चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग द्वारा मनपा के विभिन्न अस्पतालों के माध्यम से निःशुल्क महिला स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए। साथ ही, अनिलकुमार पवार, आयुक्त, वसई-विरार शहर मनपा द्वारा अधिक से अधिक महिलाओं से इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने की अपील की गई थी। इस संदर्भ में 7 मार्च को (1) वसई-विरार शहर महानगरपालिका मुख्यालय, विरार (पश्चिम), (2) जुचंद्र सामान्य अस्पताल, नायगांव (पूर्व) में तथा 8 मार्च को (1) सर डी.एम. पेटिट अस्पताल, वसई (पश्चिम), (2) विजयनगर-तुलींज अस्पताल, नालासोपारा (पूर्व), (3) सोपारा सामान्य अस्पताल, नालासोपारा (पश्चिम), (4) श्री जिवदानी देवी सामान्य अस्पताल, विरार (पूर्व), (5) बोलींज सामान्य अस्पताल, विरार (पश्चिम), (6) माताबाल संगोपन केंद्र, सर्वोदय वसाहत, नालासोपारा (पूर्व) तथा (7) नागरिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सातिवली, वसई (पूर्व) में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में कुल 1,307 महिलाओं की स्क्रीनिंग की गई। विभिन्न प्रकार की रक्त जांच भी की गई, जिनमें शुगर, कोलेस्ट्रॉल, किडनी, लिवर, थायरॉइड और रक्तक्षय जैसी जांचें शामिल थीं। इसके अलावा, दंत कैंसर की जांच हेतु दंत परीक्षण, कान-नाक-गला जांच और नेत्र परीक्षण भी किए गए। साथ ही, मैमोग्राफी और पैप्समीयर परीक्षण किए गए।



विश्व महिला दिवस पर महिलाओं का शानदार प्रतिसाद

### विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।



जुहू स्थित भंसाली हाउस में आयकर न्यायाधिकरण, मुंबई के सदस्य न्यायाधीश ओम प्रकाश कांत एवं बॉम्बे उच्च न्यायालय के अधिवक्ता जलज प्रकाश ने उद्योगपति एवं भामाशाह बाबूलाल भंसाली से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। साथ में जागरूक टाइम्स के समूह संपादक गोविंद पुरोहित।

## आईफा 2025





जयपुर में आईफा के सिल्वर जुबली आयोजन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उद्घाटन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। साथ ही अनेक अभिनेताओं से मुलाकात की।

### // अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह //

### महिलाओं का विकसित भारत-विकसित राजस्थान बनाने में महत्वपूर्ण योगदान

# इस वर्ष का बजट महिलाओं को समर्पितः सीएम शर्मा

### मुख्यमंत्री ने कीलाडो प्रोत्साहन योजना के तहत सेविंग बॉन्ड की राशि को 1.50 लाख रुपये करने की घोषणा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिलाओंका विकसित भारत-विकसित राजस्थान बनाने में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि महिलाएं राजनीति, कला, खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा सहित हर मोर्चे पर अपने उत्कृष्ट कार्यों से देश और प्रदेश को गौरवान्वित कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने मातृशक्ति का आह्वान किया कि अंतिम पंक्ति पर खड़ी जरूरतमंद महिलाओं को मुख्य धारा में लाने के लिए मिलकर प्रयास करें और देश-प्रदेश को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

शर्मा शनिवार को बिड़ला सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा किमहिलाएं त्याग, करुणा, स्नेह, धैर्य, सहनशीलता, संवेदनशीलता, सौम्यता, विनम्रता, वीरता, सहानुभूति जैसे अनेक गुणों की प्रतिमूर्ति होती हैं। यह दिन मातृशक्ति के योगदान को सम्मान देने का अवसर तथा हर क्षेत्र में महिलाओं की शानदार उपलब्धियों पर गर्व करने का दिन है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे के लिए उसकी मां ही उसकी प्रथम गुरु होती है तथा व्यक्ति को सुशिक्षित एवं सभ्य बनाने में नारी का बहुत बड़ा योगदान होता है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में नारी को हमेशा सम्मान दिया गया है। हमारे शास्त्रों में भी कहा गया है कि जहां नारी की पूजा की जाती है वहां देवता निवास करते हैं।



#### » प्रधानमंत्री के फैसलों से बढ़ा महिलाओं का सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फैसलों से देश में महिलाएं सशक्त तथा आत्मनिर्भर बन रही हैं। इसी कड़ी में आज के दिनप्रधानमंत्री के डिजिटल सोशल मीडिया अकाउंट की जिम्मेदारी भी नारीशक्ति को ही सौंपी गई है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जहां घर-घर में शौचालय बनवाकर नारी शक्ति को उचित सम्मान दिया वहीं, उज्ज्वला योजना से हर घर तक रसोई गैस सिलेंडर पहुंचाया। हमारी सरकार भी 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आधी आबादी की उन्नति और प्रगति के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करवाया जिससे महिलाओं के लिए लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

#### » महिलाओं के कल्याण और हितों के लिए राज्य सरकार ने लिए अहम निर्णय

शर्मा ने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार महिलाओं के कल्याण और हितों के लिए काम कर रही है। राज्य सरकार द्वारा लखपति दीदी योजना के तहत 3 लाख से ज्यादा महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं।साथ ही,मातृवंदन योजना से करीब 5 लाख महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं तथा साथिन बहनों के मानदेय में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 10 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों पर पौधारोपण जैसे कार्य किए गए हैं।

#### महिला सशक्तीकरण की गति को तेज करने के लिए बजट में किए महत्वपूर्ण प्रावधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हम सबके लिए गौरव की बात है कि देश और प्रदेश दोनों का बजट महिलाओं ने ही पेश किया है। हमारे इस बजट में भी महिला सशक्तीकरण की गति को तेज करने के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। संभागीय मुख्यालयों पर 50 बेड के सरस्वती हाफवे होम्स स्थापित, 10 जिला मुख्यालयों पर बालिका देखभाल संस्थान, नवगठित नगरीय निकायों में 500 पिंक टॉयलेट का निर्माण जैसे कदम बजट में उठाए गए हैं। इसी तरह बजट में हर ब्लॉक पर एक उच्च माध्यमिक विद्यालय या महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई केंद्र की स्थापना, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और कालीबाई योजना के तहत 35 हजार स्कूटी का वितरण का भी प्रावधान किया गया है। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले एक साल में तेजी से काम किया है। पिछली सरकार ने वर्ष 2023 में कृषि में अध्ययनरत 23 हजार छात्राओं को 22 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी, लेकिन हमने 2024 में 33 हजार से अधिक कृषि छात्राओं को 59 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराई है।

# हिम्मत एवं हुनर के दम पर युवा हासिल करें मुकामः राज्यवर्धन सिंह राठौड़

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुंडियारामसर में हुआ कौशल रोजगार एवं उद्यमिता शिविर का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** युवा देश का भविष्य है, युवा जीवन में असफलताओं से हताश होने के बजाय असफलतओं को अपनी सफलता की सीढ़ी बनायें और हिम्मत एवं हुनर के दम पर अपना मुकाम हासिल करें। राजस्थान सरकार युवाओं की प्रतिभा तलशाने एवं तराशने का काम कर रही है। यह कहना है कैबिनेट मंत्री, उद्योग एवं वाणिज्य, खेल एवं युवा मामले एवं खेल विभाग, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का। राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उपक्षेत्रीय रोजगार कार्यालय जयपुर द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मुंडियारामसर में शनिवार को आयोजित विशाल कौशल रोजगार एवं उद्यमिता शिविर को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नारी शक्ति एवं युवा शक्ति विश्व को नई उचाईयां प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को आर्थिक रूप से संबल बनाकर उनके जीवन को खुशहाल बनाने में कार्य कर रहीं है। राजस्थान सरकार द्वारा आगामी वर्ष में 1 लाख 25 हजार सरकारी नौकरियां एवं करीब 1 लाख 50 हजार निजी क्षेत्र में रोजगार प्रदान किया जायेगा। राज्य मंत्री माननीय के.के. विश्नोई (उद्योग एवं वाणिज्य, खेल एवं युवा मामले एवं खेल विभाग, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग) ने भी आशार्थियों एवं नियोजकों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

कौशल,रोजगार एवं उद्यमिता विभाग के आयुक्त गौरव सैनी ने मेले का अवलोकन कर सभी आगन्तुक नियोजकों को मेले में उपस्थित होने पर आभार व्यक्त किया। रोजगार विभाग के निदेशक धर्मपाल मीणा ने बताया कि विभाग द्वारा मुख्यमंत्री युवा संबल योजना के अंतर्गत 577 करोड़ की राशि वितरित की है। उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय की उपनिदेशक नवरेखा ने बताया कि इस मौके पर अतिथियों द्वारा 20 नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान कियें गयें तथा रोजगार के अवसर प्रदान करने वाले 10 निजी नियोजकों को सम्मानित किया गया। मेगा रोजगार मेले मे 3893 आशार्थियों ने भाग लिया।

मेगा रोजगार मेले में निर्माण, लॉजिस्टिक, होटल, बैकिंग, मेडिकल, सूचना प्रौद्योगिकी, फॉर्मा, सिक्योरिटी, कॉल सेंटर, बीमा आदि क्षेत्रों से संबंधित 51 निजी नियोजकों ने भाग ले कर अपनी रिक्तियों के साथ मौके पर ही 814 युवा आशार्थियों का प्राथमिक चयन किया गया एवं प्रशिक्षण हेतु 308 आशार्थियों का चयन कर लाभान्वित किया गया। इस मौके पर स्वरोजगार की जानकारी एवं कैरियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। इस मौके पर आईटीआई जिला उद्योग केन्द्र, आरएसएलडीसी, एवं एनसीएस फॉर एससी/एसटी के अधिकारी एवं प्रतिनिधि ने मेले में भाग ले कर अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कीं। सेना भर्ती कार्यालय ने मौके पर उपस्थित युवाओं को भारतीय सेना में भर्ती की प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आज आएंगे जागरूक गोशाला

## गोसेवा कर कार्यकर्ताओं से करेंगे मुलाकात

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ दूसरी बार प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार रविवार दोपहर को जीरावल स्थित जागरूक गोशाला आएंगे। वे यहां गोसेवा कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ का गोशाला आगमन पर पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित के नेतृत्व में स्वागत अभिनंदन किया जाएगा।



#### » प्रदेशाध्यक्ष का यह रहेगा कार्यक्रम

कार्यक्रम के अनुसार प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ रविवार सवेरे 5.58 पर आबूरोड रेलवे स्टेशन पर आएंगे। इसके बाद वे सरुपगंज पहुंचेंगे जहां साढ़े आठ बजे तक बालाजी भवन में विश्राम करेंगे। नो बजे सरुपगंज मंडल की ओर से बजरंग चौराहे पर स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वे कार से पिण्डवाड़ा की ओर रवाना होंगे।जहां पिण्डवाड़ा एवं झाड़ोली मंडल की ओर से जनापुरा चौराहे पर स्वागत किया जाएगा। वहां से वे सिरोही पहुंचेंगे। सिरोही के अनादरा चौराहे पर साढ़े दस बजे सिरोही एवं कृष्णगंज मंडल की ओर से स्वागत किया जाएगा। यहां से रेवदर के लिए प्रस्थान करेंगे। रास्ते में जगह-जगह कार्यकर्ता स्वागत को तत्पर रहेंगे। साढ़े ग्यारह बजे रेवदर के श्रीराम कुटिया में रेवदर उपखंड के मंडलों की ओर से स्वागत किया जाएगा। राठौड़ साढ़े बारह बजे रायपुर रेवदर के बोराणा फार्म हाऊस पर अशोक बोराणा के पुत्र के ढूंढ़ महोत्सव में भाग लेंगे।इसके बाद दोपहर तीन बजे प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नारायण पुरोहित के फार्म हाउस पहुंचेंगे। फार्म हाउस एवं जागरूक गोशाला आगमन पर पूर्व जिलाध्यक्ष पुरोहित के नृेतत्व में स्वागत किया जाएगा। यहां से पूर्व विधायक जगसीराम कोली के निवास राणाड़ी जाएंगे।यहां से करोंटी होकर आबूरोड पहुंच मनमोहिनी भवन में विश्राम करेंगे।रात को पौने दस बजे दिल्ली के लिए ट्रेन से रवाना होंगे।

## जेडीए ने महिला दिवस पर सेंट्रल पार्क में पिंक टॉयलेट निर्माण हेतु घोषणा की

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने सेंट्रल पार्क, जयपुर में महिलाओं के लिए विशेष 'पिंक टॉयलेट' निर्माण की घोषणा की है। यह कदम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उठाया गया है, जो महिलाओं की सुरक्षा और स्वच्छता को प्राथमिकता देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि पिंक टॉयलेट का उद्देश्य न केवल महिलाओं को स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय की सुविधा प्रदान करना है, बल्कि यह महिलाओं के प्रति समाज में सम्मान और सुरक्षा की भावना को भी बढ़ावा देना है। इन टॉयलेट्स में आधुनिक सुविधाएं (सैनेट्री पैड वेंडिंग मशीन) उपलब्ध होंगी, जिसमें स्वच्छता, गोपनीयता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

उन्होंने बताया कि 'महिलाओं की सुरक्षा और स्वच्छता जेडीए के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। पिंक टॉयलेट का निर्माण महिलाओं को एक सुरक्षित और सुविधाजनक स्थान प्रदान करेगा, जहां वे अपनी आवश्यकताओं को पूरा कर सकें।' पिंक टॉयलेट को आकर्षक और आरामदायक तरीके से डिजाइन किया जाएगा, जिससे महिलाएं बिना किसी झिझक के उनका उपयोग कर सकें। इसके साथ ही, इस टॉयलेट में स्वच्छता और रखरखाव का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस पहल के माध्यम से, जयपुर विकास प्राधिकरण राज्य सरकार के निर्देशन एवं नेतृत्व में महिलाओं के अधिकारों और उनकी सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। न केवल महिलाओं के लिए एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करेगी, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भी सहायक होगी।

### विधायक जीवाराम चौधरी ने जारी किया वीडियो, बोले...

# फर्जी पेट्रोल पंप चलाने वाला कोई उनका पीए नहीं, उनकी दुकान के वे खुद मालिक



### डेढ़ साल से हाइवे पर संचालित हो रहे पेट्रोल पंप के पर्दाफाश का मामला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** शहर के नेशनल हाइवे 68 पर पिछले डेढ़ साल से ज्यादा समय से बिना एनओसी फर्जी तरीके से संचालित हो रहे पेट्रोल पंप के खुलासे के बाद विभाग व पुलिस की टीम मामले की जांच में लगी है। वहीं उक्त मामले में पेट्रोल पंप संचालक पुनमचंद चौधरी का स्थानीय विधायक के निजी सचिव होने को लेकर सोसल मीडिया पर चल रही चर्चा के बाद शनिवार को विधायक जीवाराम चौधरी ने ऐसे किसी भी संबध से इनकार करते हुए एक वीडियो जारी कर स्पष्टीकरण दिया है। जिसमें उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति गलत कार्य करेगा वो मरेगा। उन्होंने गलत कार्य का न तो कभी समर्थन किया है और ना ही उनका ऐसा कार्य करने वाले से कोई लेना देना है। विधायक चौधरी ने कहा कि उन्होंने कभी निजी सचिव नहीं रखा है। उनकी दुकान के वे खुद ही मालिक है। ज्ञातव्य है कि मामले का खुलासा होने के बाद पुनमाराम चौधरी की विधायक के साथ कई फोटो वायरल हुई थी, जिसमें उनको विधायक का पीए बताया गया था।

**पुलिस व प्रर्वतन अधिकारी ने किया घटना स्थल का दौरा :-** रसद विभाग के प्रर्वतन निरीक्षक प्रदीप परिहार व सांचौर थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह ने शनिवार को फर्जी तरीके से संचालित हो रहे पेट्रोल पंप का मौका मुआयना किया। पुलिस ने जांच के दौरान पेट्रोल पंप से कई अहम दस्तावेज के साथ महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए, जिसके आधार पर पुलिस अब मामले की तहकीकात में जुट गई है। ताकि अवैध तरीके से संचालित हो रहे पेट्रोल पंप के मामले में सख्त कार्यवाही की जा सके।

#### » सवाल जो मांग रहे जवाब

- » पिछले 19 माह से नेशनल हाइवे पर बिना एनओसी फर्जी तरीके से संचालित होने वाले पेट्रोल पंप पर बिकने वाला पेट्रोल-डीजल कहां से लाया जा रहा था।
- » अब तक कितना तेल बेचा गया, जिससे सरकार को कितनी राजस्व की हानि हुई है।
- » विभाग को संबधित कंपनी द्वारा लाइसेंस निरस्त का पत्र भेजकर विभाग द्वारा सूचित करने के बावजूद विभाग ने उक्त पेट्रोल पंप के खिलाफ कार्यवाही क्यों नही की।
- » कंपनी द्वारा संबंधित पेट्रोल पंप का लाइसेंस निरस्त करने के बाद भी नोजल मशीनों को मौका स्थल से ना तो हटाया गया और ना ही पब्लिक नोटिस जारी किया गया। ऐसे में कंपनी अधिकारियों की मिलीभगत से इन्कार नहीं किया जा सकता।
- » डेढ साल से संचालित हो रहे पेट्रोल पंप की रसद विभाग द्वारा इतने लंबे समय के अंतराल तक विजिट क्यो नहीं की।
- » हाइवे से सटे कंपनी के लोगो के आधार पर वाहनों में भरे जाने वाले पेट्रोल-डीजल में मिलावटी तेल से वाहन भी खराब होने की जानकारी सामने आ रही है, ऐसे में इसको लेकर विभाग व पुलिस कब पुख्ता कदम उठाएगी।
- » हाइवे पर खुलेआम संचालित हो रहे बिना एनओसी के पेट्रोल पंप संचालक व मालिक को अभी तक गिरफ्तार क्यो नहीं किया गया।
- » तत्काल गिरफ्तारी के अभाव में आरोपियो द्वारा जांच को प्रभावित करने के साथ तथ्यों से छेड़छाड़ से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में पुलिस का उदासीन रवैया आरोपियों को कहीं बचने का मौका तो नहीं दे रहा।

#### दुबारा करवाई है मौका तस्दीक

बिना एनओसी के संचालित हो रहे पेट्रोल पंप का पुलिस टीम के साथ दुबारा विजिट कर मौका तस्दीक करवाई गई है। अब पुलिस का काम है कि वो पता लगाए कि अवैध रूप से बेचने वाला तेल कहां से लाया गया। हमने तो पुलिस को रिपोर्ट बनाकर पेश कर दी है।

*- प्रदीप परिहार, प्रर्वतन नियत्रंण अधिकारी भीनमाल*

#### मैंने कभी नहीं रखा निजी सचिव



बिना एनओसी संचालित हो रहे पेट्रोल पंप के मामले में संचालक पुनमचंद चौधरी को उनका पीए बताकर सोसल मीडिया पर चर्चा चल रही थी, जो बिल्कुल गलत है। उन्होंने आज दिन तक कोई निजी सचिव नहीं रखा है। पुनमाराम से उनका कोई लेना देना नहीं है। जो गलत करेगा व मरेगा। उन्होंने कभी गलत का साथ नहीं दिया, जिसको लेकर वीडियो जारी किया है।

*- जीवाराम चौधरी, विधायक-सांचौर*


स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com